हे गउबा सध्या नीती आयोगाशी संबंधित आहेत आणि त्याआधी भारतीय नोकरशाहीतील 'केंद्रीय मंत्रिमंडळ सचिव' या सर्वोच्च पदावर प्रदीर्घ काळ कामाचा अनुभव त्यांच्या गाठीशी आहे. या पदावर ते विद्यमान पंतप्रधानांच्या कार्यकाळात होते. त्या पदाचा अधिकार देशभर चालतो. गउबा यांनी मनात आणले असते तर ज्या सूचना ते निवृत्योत्तर करत आहेत त्या करण्याची वेळ आली नसती. शहरे स्वावलंबी असायला हवीत, महापौरांची निवड थेट नागरिकांकडून व्हायला हवी, शहरांस आर्थिक अधिकार हवेत इत्यादी सूचना त्यांनी केल्या. त्यातील किती अमलात आणावयाचा प्रयत्न त्यांच्या कार्यकाळात केला गेला याचाही तपशील त्यांनी सादर केला असता तर अधिक मनोरंजन झाले असते. त्याचे उत्तर शून्य असेल. म्हणजे यातील कोणालाही काहीही भरीव करावयाचे नाही आणि तरीही देशाचे भरीव भले व्हावे अशी त्यांची इच्छा आहे. पण निष्क्रियांच्या इच्छेस कोणीही भीक घालत नाही. हे सत्य मुंबईत सोमवारी जे काही झाले त्यातून समोर येते. मुंबईची उपनगरी सेवा मध्य, पश्चिम, किनारी अशा तीन मार्गांवर चालते. त्यातून दररोज साधारण ७५ लाख- म्हणजे युरोप खंडातील २७ देशांच्या लोकसंख्येइतके- अभागी प्रवासी दररोज मुंबईत येतात आणि सायंकाळी परत जातात. यातील मध्य रेल्वेच्या एका स्थानकालगत काही तांत्रिक बिघाड झाला. हे नवे नाही. आधीही असे घडलेले आहे आणि तासा-दोन तासांत सर्व सुरळीत केले गेले आहे. तथापि ताज्या बिघाडानंतर रेल्वे सेवा पूर्वपदावर येण्यास नऊ-दहा तासांचा अवधी लागला. या मधल्या काळात हे शहर किती अनाथ आहे आणि त्यात वा आसपास पोट जाळण्यासाठी राहावे लागते ते किती दुर्दैवी आहेत याचे विदारक चित्र समोर आले.

उपनगरी गाड्या दोन-तीन तास एकाच जागी उभ्या आणि त्यातील गर्दीत एकमेकांच्या पायावर पाय ठेवून उभे राहावे लागणाऱ्यांच्या पायाचे तुकडे पडायची वेळ आली. महिला प्रवाशांचे हाल तर कुत्राही खाणार नाही इतके वाईट. इतक्या हालअपेष्टांनंतरही ज्यांच्या अंगात काही ऊर्जा शाबूत होती ते लोकलमधून खाली उड्या मारून टळटळीत उन्हात जवळच्या स्थानकाकडे चालू लागले. त्यातल्या किमान तिघांच्या कुटुंबीयांच्या दुर्दैवाच्या दशावतारांची परिसीमा झाली असावी. कारण त्यातल्या काहींना अन्य रेल्वेगाड्यांनी चिरडले. ते रुळावर मरून पडले. त्यांच्या छिन्नविच्छिन्न देहांकडे बघायलाही कोणी आले नाही. रेल्वे रुळांवरून चालणाऱ्यांपैकी ज्यांना अधिक तातडी होती त्यांनी जवळचा रस्ता गाठला आणि नरभक्षकाच्या तावडीत सापडल्यावर कोंबड्या-बकऱ्यांचे जे होतात तसे हाल रिक्षा-टॅक्सीवाल्यांकडून करून घेतले. ना रेल्वे रुळावर त्यांच्या किमान साहाय्यास कोणी आले ना रस्त्यांवर त्यांच्या मदतीस कोणी धावले. यातले काहीही ज्यांना जमले नाही त्यांनी रेल्वे फलाट नामे गॅसचेंबरात स्वतःस जिवंत ठेवण्याचा आटोकाट प्रयत्न केला. हा गोंधळ नक्की काय सुरू आहे आणि

...रोज चटके सहन करावे लागले की नव्या चटक्याची आग जाणवत नाही, हे केवळ मुंबईचे नव्हे; देशाचेच वर्तमान. अशा देशात नोकरशहांना निवृत्तीनंतर सर्वंकष विकासाच्या गप्पा सुचतात; पण माणसांचे हाल होत असताना साध्या उद्घोषणा, सूचनाही दिल्या जात नाहीत...

परिस्थिती कधी पूर्वपदावर येऊ शकेल याची कसली त्यांना कल्पना दिली गेली ना कोणास काही सांगण्याची गरज वाटली. जे झाले त्यामुळे रस्ते पुरात गाळ घेऊन दुथडी भरून वाहणाऱ्या नद्यांसारखे फुगले आणि रेल्वेमार्ग वारीसारखे मार्गस्थांनी गजबजले. आर्थिक महासत्ता इत्यादी होऊ पाहणाऱ्या देशाच्या आर्थिक राजधानीची ही स्थिती. शरपंजरी पडून मुक्तीक्षणाच्या प्रतीक्षेत असलेल्या भीष्मासारखी.

या शहराचे सुकाणू हाती असल्याचा दावा करणाऱ्या बृहन्मुंबई महापालिकेत २२७ 'नगरसेवक' (?) आहेत. महापौर या रेल्वेमार्गाच्या लगतच राहतात. या महानगरात ३६ आमदार आणि सहा खासदार आहेत. अन्य अनेक आमदारांची घरे आणि घरोबेही मुंबईत असल्याने त्यांचेही वास्तव्य या शहरात असते. शिवाय शहरांस 'विकासाचे इंजिन' बनवण्याच्या आणाभाका घेणारे मुख्यमंत्री आणि विकासगामी उपमुख्यमंत्री या शहरातच राहतात. तथापि यातील एकही सद्गृहस्थ केविलवाण्या प्रवाशांच्या कसल्याही मदतीस आला नाही. एरवी कोणत्या तरी सणाच्या निमित्ताने टिनपाट कलाकारांस नाचवून गर्दी जमवण्यात धन्यता मानणाऱ्या आणि खाल्लेल्या पैशाने मतदारांना शिर्डी वा तत्सम ठिकाणची यात्रा घडवण्यात पुण्य शोधणाऱ्या मुंबईतील एकाही लोकप्रतिनिधीस कडाक्याच्या उन्हात पायपीट करावी लागणाऱ्या या प्रवाशांस किमान पिण्याच्या पाण्याची सोय करावी असे काही वाटले नाही. हे असे काही करण्यात खरे पुण्य असेलही. पण त्यातून मते मिळण्याची शक्यता नाही. त्यामुळे शब्दशः लाखो प्रवाशांना वाऱ्यावर सोडण्यात या लोकप्रतिनिधींना काही अयोग्य वाटले नाही. इतकेच काय; हे असे काही करावयाचे असते, नागरिकांच्या हालअपेष्टा कमी करणे हे आपले कर्तव्य असते याचे कसलेही भान या शहराच्या भाग्यविधात्यांस नाही, हे पुन्हा दिसून आले.

ही मंडळी सामान्य नागरिकांच्या हलाखीबाबत इतकी निर्लेप आणि निर्लज्ज राहू शकतात याचे साधे कारण सामान्यांच्या जगण्याशी यांचा काडीइतकाही संबंध नाही. कसली तरी समारंभीय छायाचित्र-संधी वगळता यातील कोणा सद्गृहस्थाने (?) लोकलने, 'बेस्ट' बसने वा 'लालपरी'ने शेवटचा प्रवास कधी केला ते त्यांनाही आठवणार नाही. हातात, गळ्यात जाड-जाड 'चैनी' घालून मिरवणे वा कोणा बड्या नेत्यांस लोंबकळणे, नाक्यावर त्याची छायाचित्रे लावणे इतकाच त्यातील अनेकांचा वकूब. त्यांना जनतेच्या हालअपेष्टांशी काय देणे-घेणे? यातील समसमा-संयोग असा की आपल्या लोकप्रतिनिधीशी आपला काहीही संबंध नाही याचे सोयर-सुतक नागरिकांनाही नाही. निवडणुकीच्या वेळीस काहीबाही 'बक्षिशी' दिली, 'आपल्या' सणा-उत्सवासाठी 'दानधर्म' (?) केला, 'त्यांना' चेपून आपले राष्ट्रप्रेम सिद्ध केले की झाले. आपले सुजाण नागरिक स्वतःची निष्क्रिय लोकशाही मिरवण्यास तयार! मग कितीही हालअपेष्टा झाल्या तरी बेहत्तर. हे आपल्या प्रजासत्ताकाचे वर्तमान. मुंबईत ते दिसले म्हणून त्याची दखल माध्यमांनी तरी घेतली. एरवी देशभर सामान्यांच्या वाट्यास तेच येत असते. रोज चटके सहन करावे लागले की नव्या चटक्याची आग जाणवत नाही.

न्या. महादेव गोविंद रानडे या महाराष्ट्रास 'थंड पडलेला गोळा' असे एके काळी म्हणाले. आता प्रगती ही की समग्र देशाने हा 'गोळाकार' अंगीकारला असून त्यामुळे माणसे मरोत अथवा जगोत, झाडे पाडली जावोत, प्राणी मारले जावोत कोणालाच त्याचे काही वाटेनासे झालेले आहे. शिवसेना-संस्थापक बाळासाहेब ठाकरे 'मार्मिक'मध्ये सुरुवातीस 'वाचा आणि थंड बसा' या शीर्षकाची मालिका चालवत. तिचा दुसरा अध्याय देश अनुभवत आहे. अशा वातावरणात गउबा असोत की अन्य कोणी, निवृत्तीनंतर त्यांस कंठ फुटला तरी आक्षेप घेणार कोण?

'एसआयआर'च्या लोकशाहीनिष्ठेची कसोटी

लेख

हरिहर आ. सारंग
harihar. sarang@gmail. com

केंद्रीय निवडणूक आयोगाने 'एसआयआर'चा अधिकार कसा राबवला. त्यातून आयोगाने भारतीय संविधानाला अपेक्षित असलेल्या सर्वसमावेशक लोकशाहीचा अनादर केला काय आणि असल्यास कसा, हा सध्या कळीचा प्रश्न आहे. त्यातील काही मुद्दे सध्या सर्वोच्च न्यायालयात चर्चिले जात आहेत; त्यांकडेही लोकांचे लक्ष हवेच. पण लाखो मतदारांना अधिकार नाकारताना केवळ 'आम्ही आमचे अधिकार वापरले' इतकाच बचाव पुरेसा ठरणार का, हा प्रश्न आहे...

भारतासारख्या लोकशाही देशात सर्व प्रकारच्या निवडणुका मतदार यादीच्या आधारे घेतल्या जात असल्याने ही यादी अचूक आणि अद्ययावत असायला हवीच, त्यामुळे मतदार यादीचे नियमित पुनरीक्षण करणे हे तिची अचूकता टिकवून ठेवण्यासाठी आणि निवडणूक प्रक्रिया अधिक विश्वासार्ह बनवण्यासाठी आवश्यक आहे. भारतीय राज्यघटनेच्या कलम ३२४ अंतर्गत निवडणुकांवर देखरेख, त्यांचे संचालन आणि नियंत्रण करण्याचा अधिकार निवडणूक आयोगाला आहे. त्यास अनुसरून लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, १९५० (रिप्रेझेंटेशन ऑफ पीपल ॲक्ट) मधील कलम २१ आयोगाला मतदार यादीचे संक्षिप्त पुनरीक्षण आणि आवश्यक असल्यास विशेष पुनरीक्षण करण्याची मुभा देते. परंतु हा अधिकार आयोगाकडून कसा वापरला जात आहे, हा मुद्दा सध्या वादाचा विषय बनलेला आहे.

या कायद्याच्या कलम २२ नुसार मतदार नोंदणी अधिकारी (इलेक्टरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर - 'ईआरओ') चुकीच्या नोंदी दुरुस्त करू शकतो, मृत किंवा स्थलांतरित व्यक्तींची नावे वगळू शकतो किंवा अन्य कारणांनी अपात्र ठरलेल्या व्यक्तींची नोंद रद्द करू शकतो. मतदार नोंदणी नियम, १९६० मध्ये पुनरावलोकन, घरोघरी जाऊन गणना करणे, दावे आणि हरकती, चौकशी आणि सुनावणी यांची रूपरेषा दिलेली आहे. परंतु अशा दुरुस्त्या करीत असताना एखाद्या मतदाराचा मतदानाचा अधिकार बाधित होत असल्यास वरील कायद्यामध्ये त्याला वाजवी सुनावणीची संधी देण्याची तरतूददेखील करण्यात आलेली आहे. आता प्रश्न इतकाच आहे की, या अधिकाराच्या वापरात कायद्याचा उद्देश, अर्थ आणि नैसर्गिक न्यायाची तत्त्वे कितपत पाळली गेली आहेत? 'एसआयआर' म्हणजे पडताळणी की पात्रतेची पुनर्परीक्षा?

मतदार नोंदणी नियम, १९६० मधील एसआयआरची संकल्पना पाहिली, तर तिचा भर निवडणूक आयोगाद्वारे मतदार यादीच्या पडताळणीवर आणि त्याआधारे सदर यादीच्या करण्यात येणाऱ्या पुनर्रचनेवर असल्याचे स्पष्ट होते. आयोगाचे अधिकारी घरोघर जाऊन मतदारांसंबंधी माहिती गोळा करून त्यांची पडताळणी करतील आणि त्याआधारे आवश्यक ती कारवाई करतील, असे या पडताळणीत अभिप्रेत असल्याचे दिसून येते.

परंतु राजकीय निरीक्षकांच्या मते, आयोगाचे अधिकारी या प्रक्रियेशी तितकेसे प्रामाणिक राहिले नाहीत. बिहारच्या एसआयआर प्रक्रियेत बूथस्तरीय अधिकाऱ्यांनी चौकशीदरम्यान मतदारांनी दिलेल्या माहितीच्या पुष्टीसाठी अतिरिक्त कागदपत्रे मागितलेली, अशा तक्रारी आलेल्या होत्या. असे करून आयोग जणू काही सांगत होता की, 'प्रथम स्वतःची पात्रता सिद्ध करा; अन्यथा तुमचे मतदार असणेच संशयाच्या कक्षेत येऊ शकते'. यामुळे साधी पडताळणी आणि पात्रतेची पुनर्परीक्षा यांतील सीमा धूसर झाल्याचा आरोप करण्यात आला. मात्र निवडणूक आयोगाने हा आरोप फेटाळून लावला आहे. आयोगाच्या म्हणण्यानुसार कोणत्याही मतदाराचे नाव वगळण्याचा अंतिम निर्णय घेण्यापूर्वी योग्य ती प्रक्रिया पाळली जाते.

पुराव्याचा भार कोणावर

एखाद्या व्यक्तीचे नाव मतदार यादीत आधीपासून आहे. ती अनेक निवडणुकांत मतदान करत आली आहे. अशा परिस्थितीत तिच्या मतदार असण्याचा अधिकार सामान्यतः वैध असल्याचे गृहीत धरणे आवश्यक आहे. हे गृहीतक नाकारण्यासाठी काही ठोस पुरावे असणे अपेक्षित असते. परंतु एसआयआर प्रक्रियेत अनेक मतदारांना स्वतःची पात्रता पुन्हा एकदा नव्याने सिद्ध करावी लागत आहे. त्यामुळे मतदारांच्या मतदार म्हणून असलेल्या अधिकाराची वैधता संशयास्पद मानून त्याची पुनर्तपासणी केली जात असल्याचा आभास निर्माण होत असल्यास त्यात आश्चर्य वाटण्याचे कारण नाही.

कायद्याच्या मूलभूत तत्त्वानुसार 'पुराव्याचा भार' हा विद्यमान स्थिती बदलू इच्छिणाऱ्या पक्षावर असणे अपेक्षित असते. मतदारांचे मतदार यादीतील नाव ही एक विद्यमान कायदेशीर स्थिती आहे. त्यामुळे एखाद्या व्यक्तीचे नाव वगळायचे असल्यास आयोगाने तिच्या पात्रतेवर संशय निर्माण करणारे ठोस पुरावे पुढे आणणे आवश्यक आहे. एसआयआर प्रक्रियेत अनेक मतदारांच्या अपात्रतेचे कोणतेही ठोस पुरावे न देता, त्यांच्याकडूनच स्वतःची पात्रता सिद्ध करण्याची अपेक्षा ठेवण्यात येत आहे. त्यामुळे पुराव्याचा भार आयोगाच्या अधिकाऱ्यांऐवजी मतदारांवर टाकण्यात आल्याची टीका होत आहे. अनेक कायदेतज्ज्ञांनी याला 'रिव्हर्स बर्डन' असे संबोधले आहे.

'सुनावणी' की फक्त 'हरकत'?

मतदाराचे नाव वगळण्यापूर्वी लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, १९५० च्या कलम २२ नुसार संबंधित तथ्यांची योग्य पडताळणी करणे आणि संबंधित व्यक्तीला सुनावणीची वाजवी संधी देणे आवश्यक आहे. या संदर्भातील प्रक्रियात्मक तरतुदी मतदार नोंदणी नियम, १९६० मधील नियम २१अ मध्येही नमूद करण्यात आल्या आहेत. 'सुनावणी'चा अर्थ केवळ 'हरकत घेण्याची संधी' असा नाही. त्यासाठी संशयित मतदाराला नोटीस दिली पाहिजे. त्यामध्ये कारणे सांगितली पाहिजेत. त्याचबरोबर संबंधित मतदारांना उत्तर देण्याची वाजवी संधी देणे आवश्यक आहे. तसेच सुनावणीनंतर करण्यात आलेल्या निर्णयाची लेखी माहिती त्या मतदाराला दिली जाणे अपेक्षित आहे. 'दुसऱ्या बाजूचे म्हणणे ऐका,' हा न्यायाचा मूलभूत नियम आहे. प्रशासकीय सोय, वेळेची मर्यादा किंवा मोठ्या प्रमाणावरील कारवाई यासारखी कारणे पुढे करून आयोगाला या नैसर्गिक न्यायाच्या तत्त्वाचे पालन करणे टाळता येणार नाही.

पाच मूलभूत प्रश्न

बिहार प्रकरणात न्यायालयाने आयोगाचा एसआयआर राबवण्याचा अधिकार मान्य केला, परंतु त्यावेळी काही मूलभूत प्रश्न मात्र अनुत्तरित राहिले. ते म्हणजे,- (१) विद्यमान मतदारांच्या वैधतेच्या गृहीतकाचे काय करायचे? (२) पुराव्याचे ओझे कोणावर पडणे अपेक्षित आहे? (३) वगळलेल्या सर्व मतदारांना वाजवी सुनावणी मिळाली का? (४) अंतिम यादी प्रसिद्ध होण्यापूर्वी सर्व दावे आणि हरकती निकाली निघाल्या होत्या का? (५) मतदार यादीची शुद्धता आणि मताधिकाराचे संरक्षण या दोन उद्देशांमध्ये संघर्ष झाल्यास प्राधान्य कशाला दिले पाहिजे?

आतापर्यंत सर्वोच्च न्यायालयाने वरील प्रश्नांच्या संदर्भात फारशी कठोर भूमिका घेतली होती असे दिसत नाही. निवडणूक आयोगाने कायद्यानुसार नोटीस, हरकती आणि सुनावणीची काही यंत्रणा उपलब्ध करून दिली होती, हे सर्वोच्च न्यायालयाला पुरेसे वाटले असावे. परंतु या यंत्रणेने आपले काम कशा प्रकारे पार पाडले किंवा नाही हे पाहण्याची न्यायालयाला आवश्यकता वाटलेली दिसत नाही. लाखो मतदारांच्या संदर्भात ही प्रक्रिया व्यवहार्य, सुलभ आणि परिणामकारक होती का? अंतिम यादीतून वगळलेल्या प्रत्येक मतदाराला वास्तविक आणि सुनावणीची वाजवी संधी मिळाली होती का, या प्रश्नांचे उत्तर लोकशाहीच्या संरक्षणाच्या दृष्टीने अत्यंत महत्त्वाचे आहे. लोकशाही व्यवस्थेत निवडणूक आयोगासारख्या संस्थांना अधिकार असतात; परंतु त्या अधिकारांच्या वापरामुळे नागरिकांच्या मूलभूत लोकशाही हक्कांवर परिणाम होत असेल, तर त्या वापराचे कठोर न्यायालयीन परीक्षण होणे आवश्यक असते.

शब्दशः अर्थ की घटनात्मक आत्मा?

कायद्याच्या मजकुराचा शब्दशः अर्थ लक्षात घेऊन न्यायालयाची भूमिका योग्य होती, असे अनेकांचे मत आहे. मात्र घटनात्मक न्यायशास्त्रामध्ये अनेक वेळा न्यायालये केवळ शब्दशः अर्थावर न थांबता संविधानाच्या मूलभूत मूल्यांकडे पाहतात. सार्वत्रिक प्रौढ मताधिकार हा भारतीय लोकशाहीचा आधारस्तंभ आहे. त्यामुळे मतदार यादी पुनर्पडताळणीची कोणतीही प्रक्रिया ही शक्य तितकी समावेशक असणे अपेक्षित आहे आणि बहिष्करण हा अपवाद असला पाहिजे.

सर्वोच्च न्यायालयानेदेखील या संदर्भात 'मोठ्या प्रमाणावर वगळण्याऐवजी मोठ्या प्रमाणावर समावेश' हा दृष्टिकोन स्वीकारण्याची गरज अधोरेखित केली होती. परंतु या दृष्टिकोनाचा आयोगाने एसआयआर प्रक्रियेत कितपत अवलंब केला, याची कठोर छाननी न्यायालयाने केली काय, हा एक चिंतनीय प्रश्न आहे. चुकीने एखाद्या अपात्र व्यक्तीचा समावेश होणे ही समस्या असू शकते; परंतु चुकीने एखाद्या पात्र नागरिकाला मतदानापासून वंचित करणे, ही लोकशाहीच्या दृष्टीने अधिक गंभीर समस्या असते.

'फॉर्म ६ ए'ची अधिकृतता

बिहार एसआयआरनंतर आयोगाने फॉर्म ६ ला एक डिक्लेरेशन (फॉर्म ६ ए) जोडले. वगळलेल्या मतदारांनी स्वतःचे किंवा आपल्या नातेवाईकांची (वाडवडिलांची!) मागील एसआयआरमध्ये असलेली नावे व त्यांची माहिती देणे आयोगाला अपेक्षित होते, असे आता सांगितले जाते. पण एसआयआर सुरू असताना हे डिक्लेरेशन भरून देणे बंधनकारक आहे, त्याशिवाय फॉर्म ६ स्वीकारला जाऊ शकत नाही असे सांगण्यात येत होते. यावरून आयोगाने आपल्या अधिकारात फॉर्म ६ मध्ये अप्रत्यक्ष दुरुस्ती केल्याचा अर्थ काढण्यात येत आहे. असा अर्थ मान्य झाल्यास, ही दुरुस्ती अनाधिकृत असल्याचे मान्य करावे लागेल. कारण फॉर्म ६ या वैधानिक फॉर्मची दुरुस्ती करण्याचा अधिकार आयोगाला असू शकत नाही. सरन्यायाधीश सूर्य कांत यांनी यापूर्वी स्पष्टपणे म्हटले आहे की, कोणत्याही सुधारित फॉर्म ६ ला आम्ही मंजुरी दिलेली नाही. त्यांनी असेही स्पष्ट केले आहे की, जेव्हा रेकॉर्ड सादर केले जाईल, तेव्हा यात कोणी फेरबदल केला आहे हे ते पाहणार आहेत.

मुक्त आणि निष्पक्ष निवडणुका पार पाडण्याच्या दृष्टीने मतदार याद्या शुद्ध आणि अद्ययावत ठेवणे आवश्यक आहे. त्या दृष्टीने निवडणूक आयोगाला आवश्यक ते कायदेशीर अधिकारही आहेत. परंतु त्या अधिकारांचा वापर करताना पात्र नागरिकाचा मतदानाचा अधिकार बाधित होणार नाही, याची काळजी घेणे ही निवडणूक आयोगाची घटनात्मक जबाबदारी आहे. त्यामुळे एसआयआरची खरी कसोटी केवळ 'आयोगाला हा अधिकार आहे काय?' ही नसून, 'हा अधिकार वापरताना कायद्याची प्रक्रिया, नैसर्गिक न्याय आणि मताधिकाराचे संरक्षण यांचा योग्य समतोल राखला गेला काय?' ही आहे. याचे कारण म्हणजे अपात्र मतदारांना वगळणे गरजेचे असले, तरी एकाही पात्र नागरिकाला मतदानापासून वंचित ठेवणे हे लोकशाहीसाठी अधिक गंभीर संकट आहे.

अन्वयार्थ

आयोगाच्या तटबंदीचा पाया भुसभुशीत!

मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांच्या कारभारावर दोन आयुक्तांनी घेतलेला आक्षेप व त्यातून आयोगात निर्माण झालेल्या दुभंगाचे 'इंडियन एक्स्प्रेस'मध्ये २३ सप्टेंबर रोजी प्रकाशित झालेले वृत्त हे मतदारयाद्यांच्या विशेष सखोल फेरतपासणी ('एसआयआर') मोहिमेबाबत देशभर असलेल्या असंतोषाला वाचा फुटण्याचे निमित्त ठरले, हे कोणीही नाकारू शकत नाही. त्या वृत्तानंतरच 'इंडिया' आघाडी तसेच कॉक्रोच जनता पार्टीने ज्ञानेश कुमार यांना पदावरून हटविण्यासाठी नवी दिल्लीत आंदोलन सुरू केले. मुळात 'एसआयआर' मोहीम, तिची अंमलबजावणी आणि कैक लाख मतदारांची नावे वगळली जाणे याबद्दल अस्वस्थता होती, तीस आयोगाचा कारभारच एककल्ली आणि लोकशाही पद्धतीने न चालणारा असल्याच्या वृत्तामुळे धार आली. मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांच्या राजीनाम्यासाठी केवळ रस्त्यावरची लढाई न लढता, विविध राजकीय पक्ष तसेच सामाजिक कार्यकर्त्यांनी सर्वोच्च न्यायालयात याचिकाही दाखल केल्या आहेत. मात्र या याचिकांवर आयोगाच्या वतीने सादर करण्यात आलेले प्रतिज्ञापत्र थोडक्यात सांगायचे तर, 'इंडियन एक्स्प्रेसची बातमी चुकीची, शिवाय कुठल्याशा बातमीला पुरावा मानताच येणार नाही, म्हणजेच आमचा कारभार सर्वानुमते चालणारा, म्हणून आमचे सगळेच बरोबर आणि त्यामुळे राजीनाम्याची गरजच नाही' असे तर्कट मांडणारे आहे. त्यावर याचिकादारांचे उत्तर येत्या दहा दिवसांत येईल आणि १७ नोव्हेंबर रोजी पुढील सुनावणी होईल. पण या प्रतिज्ञापत्राकडे केंद्रीय निवडणूक आयोगाने न्यायपालिकेमार्फत देशाला दिलेली माहिती म्हणून पाहिले, तर काय दिसते?

निवडणूक आयोगाचा कारभार पारदर्शक, सहमतीने झाल्याचा दावा करताना सारे काही आलबेल असल्याचे दाखवण्याचा प्रयत्न या प्रतिज्ञापत्रात आयोगाकडून होणे स्वाभाविकच होते. कारण निवडणूक आयोगात दुभंग निर्माण झाल्याचे समोर येताच आयोगाच्या आधी सत्ताधारी भाजपकडूनच त्याचा इन्कार सुरू झाला. त्यानंतर तिन्ही निवडणूक आयुक्तांनी सहमतीने सारे निर्णय घेतल्याचे चित्र रंगवण्यात आले. त्यासाठी एक पत्रकार परिषदही तिघा निवडणूक आयुक्तांनी घेतली. निवडणूक आयोग हा बहुसदस्यीय असल्याने निर्णय प्रक्रियेत मतांतरे असल्यास बहुमताचा आदर केला जातो, तसेच आयोगात एकतर्फी निर्णयाला वाव नसल्याचा खुलासा आयोगाकडून तेव्हाही करण्यात आला आणि प्रतिज्ञापत्रातही तो आहे. तरीही, सुखबीरसिंग संधू आणि विवेक जोशी या दोन आयुक्तांनी मुख्य निवडणूक आयुक्तांच्या कारभारावर गेल्या दहा महिन्यांमध्ये एकंदर १४ वेळा आक्षेप घेतले होते ते कशाबद्दल, या (इंडियन एक्स्प्रेसच्या शोधपत्रकारितेशी संबंधित) प्रश्नावर त्या वार्ताहर बैठकीप्रमाणेच, प्रतिज्ञापत्रातही मौन बाळगण्यात आले आहे. मुख्य निवडणूक आयुक्त ज्ञानेश कुमार यांच्या कारभाराबाबत या दोन निवडणूक आयुक्तांनी मंत्रिमंडळ सचिवांकडे पत्राद्वारे तक्रारी केल्या असल्याचा स्पष्ट इन्कार प्रतिज्ञापत्रही करत नाही. उलट, ते पत्र 'प्रशासकीय कारणावरून' होते, अशी मोघम सारवासारव आहे.

आयोगातील अंतर्गत लोकशाहीपेक्षा गंभीर मुद्दा मतदारांवर 'आई-वडील २००२ साली मतदार असल्यास त्यांचाही तपशील द्या' असे फर्मावणाऱ्या 'फॉर्म ६ ए' चा आहे. मतदार नोंदणीच्या वैधानिक फार्म क्र. ६ मध्ये करण्यात आलेल्या या बदलास दोन आयुक्तांनी आक्षेप नोंदवल्याचे 'इंडियन एक्स्प्रेस'चे ते वृत्त नमूद करते. त्यासंबंधीची याचिका ५ ऑक्टोबर रोजी दाखल करून घेताना सरन्यायाधीश सूर्यकांत यांनीही, 'या वैधानिक फॉर्म ६ मध्ये कोणत्याही बदलास आमचा होकार नव्हता' असे म्हटले होते! यावर आयोगाची प्रतिज्ञापत्रीय कोलांटउडी अशी की, 'फॉर्म ६ ए' ही अतिरिक्त माहिती देण्यासाठीची पुरवणी आहे- म्हणजे त्याचे वर्णन करण्यासाठी 'फॉर्म ६ मधील बदल' हा शब्दप्रयोग चुकीचा ठरतो! तथापि, मतदार नोंदणीचा 'फॉर्म क्र. ६' आणि 'फॉर्म ६ अ' द्वारे (आई/वडील/ नातेवाईकांची) माहिती जाहीर करणे हे परस्परांशी संबंधित नाहीत, असा स्पष्टीकरण आदेश काढण्यासाठी आयोग २१ ऑक्टोबरपर्यंत थांबला होता, ही कबुलीसुद्धा प्रतिज्ञापत्रातूनच मिळालेली आहे.

एकंदरीत मुख्य निवडणूक आयुक्तांची खुर्ची वाचवण्यासाठी आयोगाने कडेकोट तटबंदी उभारण्याचा प्रयत्न केला खरा, पण या तटबंदीचा पाया भुसभुशीत असल्याचे म्हणणे आता याचिकादारांतर्फे मांडले जाऊ शकते.

सर्बियातला सत्तापालट ही नव्या लोक-केंद्रित राजकारणाची सुरुवात?

विश्लेषण

डॉ. प्रसाद श. कुलकर्णी
prasad. kulkarni@expressindia. com

सर्बियामध्ये विद्यार्थी आंदोलनाने उभ्या केलेल्या उमेदवारांनी मावळते अध्यक्ष अलेक्सांडर वुचिच यांच्या पक्षाची २०१४ पासूनची सद्दी संपवली, हे किती आशादायी?

सर्बियाचा निकाल इतका महत्त्वाचा का?

विद्यार्थी चळवळींमधून देशांमध्ये सत्तांतरे घडण्याच्या घटना नव्या नाहीत. श्रीलंका, बांगलादेश आणि नेपाळमध्ये विद्यार्थ्यांच्या रोषाचा फटका सत्ताधाऱ्यांना बसला आणि त्यांना सत्तेतून पायउतार व्हावे लागले. तरीही एखाद्या देशातील विद्यार्थ्यांनी निवडणुकीच्या माध्यमातून सत्ता मिळवणे ही घटना दुर्मीळच म्हटली पाहिजे. सर्बियात ते घडले. त्यामुळे इतर कोणत्याही देशांपेक्षा तेथील निवडणुका आणि त्यांचा निकाल महत्त्वाचा मानला जात आहे. त्यामुळे २०१४ पासून सत्तेवर असणारे अध्यक्ष अलेक्सांडर वुचिच यांची एकाधिकारशाही राजवट संपली.

हे कसे घडले?

निवडणूक हाच वुचिच यांची सद्दी संपवण्याचा राजमार्ग असल्याचे ओळखून विद्यार्थी आंदोलकांनी समाजातल्या स्वच्छ चारित्र्याच्या सामान्यजनांना, प्राध्यापक आणि कलावंतांना निवडणूक लढवण्याचे आवाहन केले. मात्र प्रत्येक उमेदवाराचा गतकाळ तपासून, त्यांच्याकडून 'मी कुठल्याही पक्षाचा सदस्य वा वुचिच राजवटीतील कोणत्याही पदाचा लाभधारक नाही' आणि 'पुढल्या संपूर्ण पाच वर्षांच्या काळात मी 'स्टुडंट्स लिस्ट'शी एकनिष्ठ राहून विद्यार्थी आंदोलनास अपेक्षित असलेली धोरणे राबवेन' अशी पत्रे लिहून घेऊन मगच २५० उमेदवार उभे करण्यात आले.

त्याआधी दोन वर्षे आंदोलन कसे चालले?

सर्बियामध्ये २०२४ पासून सरकारविरोधात आंदोलने होत आहेत. सर्बियामधील नोवि साद शहरात रेल्वे स्थानकाचे छत कोसळून १६ जणांचा मृत्यू झाला. ही घटना सरकारविरोध तीव्र होण्याचे निमित्त ठरली. गेल्या १२ वर्षांच्या काळात एकाधिकारशाही, प्रसारमाध्यमांवर निर्बंध, लोकशाहीचे अधःपतन असे आरोप सरकारवर झाले. या साऱ्या असंतोषाला रेल्वे स्थानकावरील दुर्घटनेने वाट करून दिली. या दुर्घटनेची जबाबदारी निश्चित करणे, जबाबदार प्रशासन आणि भ्रष्टाचारशून्य व्यवहारासाठी तेथील विद्यार्थ्यांनी आंदोलन सुरू केले. या आंदोलनाची धग पुढे वाढत गेली. साऱ्या सर्बियामध्ये ते पसरले. शेतकरी, प्राध्यापक, विद्यार्थी सारे या आंदोलनात होते. सरकारने आंदोलन दडपण्यासाठी विद्यार्थी नेत्यांचे फोन हॅक, पेगॅसस सॉफ्टवेअरद्वारे हेरगिरी आणि इतर दबावतंत्राचा वापर केल्याचा आरोप आहे. सर्बियाच्या सरकारने अशा वृत्तांचे खंडन केले आहे. मात्र तरुणांच्या वाढत्या असंतोषामुळे जानेवारी २०२५ मध्ये सर्बियाचे पंतप्रधान मिलोस वूचेविच यांनी राजीनामा दिला. या वर्षी मे महिन्यात बेलग्रेडमध्ये लाखोंची गर्दी जमली. या पार्श्वभूमीवर वुचिच यांना निवडणुकीची घोषणा करावी लागली.

निकाल नेमका काय?

सर्बियामध्ये विद्यार्थ्यांच्या 'स्टुडंट लिस्ट'ला ५२.७१ टक्के मते मिळाली. जवळपास १४० जागा विद्यार्थ्यांच्या पारड्यात पडल्या. तर, वुचिच यांच्या 'युनायटेड सर्बिया' या युतीला ३९.१७ टक्के (१०४ जागा) मते मिळाली. युगोस्लाव्हियाच्या विघटनानंतर सर्वाधिक ७० टक्क्यांहून अधिक मतदान या निवडणुकीत झाले होते. निकालाचे कल हाती आल्यानंतर वुचिच यांनी तात्काळ पराभव मान्य केला. 'आज जल्लोष करू, उद्यापासून देश घडवू,' अशा घोषणा उमेदवारांनी दिल्या.

नवा नेता कोण?

विद्यार्थी आंदोलनाला यश येऊन त्यांना आता सत्ता मिळणे अधिकृतपणे निश्चित झाल्यानंतर सर्बियाचे नवे नेते कोण, या बाबत सर्वांना उत्सुकता आहे. या आंदोलनाला कुठलाही चेहरा नव्हता. विविध क्षेत्रांतील व्यावसायिक, नोकरदार, शेतकरी आंदोलनामध्ये आणि निवडणुकीतील उमेदवार म्हणून होते. विद्यार्थ्यांचे आंदोलन असले, तरी उमेदवारांमध्ये एकही विद्यार्थी नव्हता. नेतृत्वासाठी काही नावे पुढे येत असली, तरी नव्या नावावर अद्याप शिक्कामोर्तब झालेले नाही.

प्रेरणा

विफलता तभी होती है जब हम अपने आदर्शों, उद्देश्यों और सिद्धांतों को भूल जाते हैं। - पं. जवाहरलाल नेहरू

संपादकीय

अलोकप्रिय हो रहे नेताओं को युद्ध पर भरोसा क्यों?

ईरानी संसद के स्पीकर का राजधानी में आयोजित ब्रिक्स देशों के संसदीय स्पीकर्स की बैठक में न आना और मक्का पैक्ट वाले पाकिस्तान, तुर्किये, सऊदी अरब के अधिकारियों का ईरानी अफसरों से मिलना किसी बड़े अमेरिकी हमले की आशंका बताता है। उधर अमेरिका ने पश्चिम एशिया, खासकर खाड़ी देशों से अपने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है। उसे अंदेशा है कि ईरान इस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर बड़ा हमला कर सकता है। महीनों से जारी इस युद्ध के ज्यादा भयावह होने का संभावित कारण नीतिगत नहीं, बल्कि चुनावी मजबूरी है। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने जा रहे हैं। युद्ध के कारण महंगा पेट्रोल एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। ट्रम्प की रेटिंग सबसे निचले स्तर पर है। उनके अपने वोटर्स भी उनसे नाखुश हैं। उधर इजराइल में नेतन्याहू भी चुनाव में अच्छी स्थिति में नहीं हैं और ओपिनियन पोल्स विपक्षियों की बढ़त बता रहे हैं। यानी इजराइल का लगातार युद्ध के मोड में होना भी आमजन को नाराज कर रहा है। फिर भी ट्रम्प और नेतन्याहू को लगता है कि लोकप्रियता हासिल करने का एक ही विकल्प है- ईरान पर ऐसा जबर्दस्त हमला, जो उसे घुटने पर ला सके। लेकिन अगर यह दांव भी नाकाम रहा तो उनके मतदाता और समर्थक और नाराज होंगे। ट्रम्प के रवैये से तो सेना के अधिकारी भी उदासीन बने हुए हैं। अमेरिका के पास सामरिक क्षमता खासकर हथियारों का जखीरा भी उतना नहीं है कि चंद दिनों के 'लाइट एंड फिक्स फ्यूरी' (ट्रम्प का नया ऐलान) से ईरान पर जीत दर्ज की जा सके।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

विश्वकर्मा जी से सीखें शांति और सुविधा से भरा निर्माण

जब रहने के लिए मकान बनाया जाता है तो बड़े-बड़े महाहल आर्किटेक्ट भी उस घर में रहने वाली महिलाओं की व्यावहारिक समस्याओं को नहीं समझ पाते हैं, जबकि यह एक बहुत बड़ी दूरदर्शिता है। वो सारे इंजीनियर, आर्किटेक्ट कागज पर नक्शे बनाने में, सूत-सांवल गिनने में बड़े माहिर होते हैं। लेकिन जब छत के नीचे इंसान रहना शुरू करता है तो कई व्यावहारिक बातें हैं, जो सामने आती हैं। इन बनाने वालों का फोकस प्रदर्शन पर होता है, व्यापार पर होता है, लेकिन उपयोगिता के नाम पर कई बार चूक जाते हैं। इसलिए अपनी योजनाओं में आने वाली परिस्थितियों को दिमाग में रखें। कंडीशन्ड दिमाग से मकान न बनाएं, रहने वालों की दृष्टि से बनाएं। दुनिया के सबसे बड़े निर्माता विश्वकर्मा जी भी आर्किटेक्ट थे। भगवान ने उनसे पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ का निर्माण करवाया। महाभारत में चर्चा आती है कि उसके भवन इतनी दूरदर्शिता से बने, जिनका अध्ययन आज के निर्माणकर्ताओं को करना चाहिए। बनाने वाले दो पैसे जरूर कमाएं, पर रहने वालों के लिए लंबे समय तक शांति हो, सुविधा हो, यह भी विश्वकर्मा जी से सीखा जाए।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

पैगाम



काला है सूरज, काली है जो शाम,
रात हो रही मेरे मुसाफिर, यूं ही बदनाम।

एक चंदा होगा, वो भी अंधा होगा,
बच के रहना मेरे मुसाफिर,
उसका भी धंधा होगा।
धंधा? कैसा धंधा? तो सुनो!

कुर्सी की अब भूख होगी,
वतन में भारी लूट होगी।
जात-पांत में फूट होगी,
बात-बात में चूक होगी।
धर्मों की बस धूल होगी,
झूठे वादों की भूल होगी,
जख्मों की भी भूल होगी।

रात हो रही, मेरे मुसाफिर
रख लो तुम मेरा ये पैगाम
-राहुल कुमार, बेगूसराय, बिहार
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

नोट : गत गुरुवार को इस स्तम्भ में कवि राजेश जोशी की कविता भूलवश किसी और के नाम से प्रकाशित हो गई थी। इस त्रुटि के लिए हमें खेद है।

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

वाणी पर संयम रखें शीर्ष नेता

हेट स्पीच राजनेताओं का प्रिय शगल बन रहा है। कोई भी दल इससे अछूता नहीं है। राजनीति में सहिष्णुता और विरोधियों के प्रति आदर भाव विलुप्त हो रहा है। अभद्र बयानबाजी कटुता को और बढ़ाती है। शीर्ष पदों पर आसीन लोगों को वाणी पर संयम रखना चाहिए।
-ललित महालकरी, इंदौर, मध्यप्रदेश

प्रदर्शनों में हिंसा का रास्ता गलत

विकसित देशों में भी महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता के खिलाफ नागरिक सड़कों पर उतर रहे हैं। लोकतंत्र में नागरिकों को आवाज उठाने का अधिकार है। लेकिन किसी भी सूरत में हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता। लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान ही सामाजिक स्थिरता का रास्ता है। -श्याम ठाणेदार, दौंड, महाराष्ट्र

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

मन की प्रयोगशाला

दूसरों से तुलना क्यों लाती है हीन भावना?

अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन की एक रिसर्च हीन भावना को लेकर अहम जानकारी देती है। इसके अनुसार जब हम दूसरों की सफलता देखते हैं तो दिमाग में 'अपवर्ड सोशल कम्पेरिजन' सक्रिय होता है। यह हमारी खूबियों को छुपाकर कमियों को प्रोजेक्ट करता है। हम खुद को विफल मानने लगते हैं। दूसरों के बजाय खुद के अतीत से तुलना करना दिमाग के 'रिवॉर्ड सिस्टम' को एक्टिव करने में मददगार है।

बामुलाहिजा • अमेरिका-विरोध की अपनी आदत को न सुधारकर हम देश का ही नुकसान करते हैं...

हम अपने उद्यमियों का सम्मान करना सीखें

आंत्रप्रेन्योरशिप



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
@ShekharGupta

पिछले हफ्ते जामनगर अखबारों और चैनलों की सुर्खियों में छाया रहा था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राजदूत सर्जियो गोर के रिलायंस की रिफाइनरी टाउनशिप के दौरे के कारण यह शहर राजनीति की रडार स्क्रीन पर छाकर चर्चाओं का विषय बन गया। अम्बानी परिवार ने जब इन मेहमानों की मेजबानी की तो यह भी चर्चा का मुद्दा बना। सवाल उभरने लगे कि अमेरिका भारत की इस रिफाइनरी में इतनी दिलचस्पी क्यों ले रहा है? वे अम्बानी को वेनेजुएला से तेल खरीदने के लिए क्यों कह रहे हैं? वे भारत को रिफाइनिंग का 'सुपर पावर' क्यों कह रहे हैं और हमें इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए क्यों कह रहे हैं? कुल मिलाकर यह कि रुबियो और गोर अन्य विदेशी मेहमानों की तरह दिल्ली या बेंगलुरु तक सीमित न रहकर जामनगर में क्यों हैं?

यूपीए वाले दौर को याद कीजिए। उस दौरान पश्चिमी देशों के शासक जब इंफोसिस या दूसरी टेक कंपनियों के दौरे कर रहे थे, तब कोई विवाद नहीं उठा था। तब सबने इसे राष्ट्रीय गौरव माना था। और सभी राजनीतिक हलकों की भी यही राय थी। यहां तक कि वाम दलों ने भी कॉर्पोरेट विरोधी अपने तेवर को परे कर दिया था। तो अब इतना संदेह, संशय और उन्माद क्यों?

कहा जा रहा है कि जब रूस इतना करीब है, तब अम्बानी (या भारत) पर वेनेजुएला जैसे दूर देश से तेल खरीदने का दबाव क्यों डाला जा रहा है? जरूर यह पुतिन को सकते में डालने के मकसद से हमें रूस से अलग करने और अमेरिकी नियंत्रण वाले वेनेजुएला का तेल खरीदने को मजबूर करने की चाल है। लेकिन तथ्यों की सरसरी जांच में ये बातें टिकती नहीं हैं। रूस से भारत जितना तेल खरीदता है, उसकी मात्रा में कोई नाटकीय कमी नहीं आई है और न आने की संभावना है। भारत को अगर रिफाइनिंग का सुपर पावर कहा जा रहा है तो यह न केवल एक बड़ी प्रशंसा है, बल्कि यह हमें हमारी राष्ट्रीय शक्ति के एक नए तत्व की भी याद दिलाती है।

भारत जैसे विशाल देश के पास अगर हाइड्रोकार्बन न के बराबर हो, तब वह क्या करे? दूसरे देश अपनी धरती या समुद्र के अंदर से जो कच्चा तेल निकालते हैं, उसकी रिफाइनिंग की वैश्विक स्तर वाली क्षमता वह विकसित करे। बिना रिफाइनिंग के कच्चा तेल किसी काम का नहीं होता। एनर्जी का उपभोग जिस तरह बढ़ रहा है, उसे तमाम देशों की तेल शोधन क्षमता पूरा नहीं कर पा रही है। भारत ने इस कमी को पूरा किया। अम्बानी की पूरी रिलायंस यह भी है कि उन्होंने वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल की रिफाइनिंग की चुनौती को कबूल किया और इसमें छिपे अवसर को पहचाना। अगर इसने भारत को रिफाइनिंग का सुपर पावर बना दिया, तो क्या इस पर हमें वैसा ही गर्व नहीं होना चाहिए, जैसा हमें हमारी टेक कंपनियों और बेंगलुरु से आउटसोर्सिंग पर होता है?

आइए, हम कुछ हकीकतों को पहचान लें। आज अमेरिका को खासकर वेनेजुएला के वैक्स की अधिकता वाले कच्चे तेल की ग्लोबल रिफाइनिंग क्षमता की जो जरूरत आन पड़ी है, उसका रणनीतिक, राजनीतिक और आर्थिक महत्व है। रणनीतिक इसलिए कि अमेरिका ने वेनेजुएला में कुछ समय पूर्व जबरन सत्ता परिवर्तन करवाया था। वेनेजुएला के पास दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा भंडार है। वे जब दुनिया के पश्चिमी भाग को अपने हितों के हिसाब से ढालने की कोशिश कर रहे हैं, तब उन्हें अपनी सफलता को व्यापारिक दृष्टि से भी मुकम्मल करने की जरूरत महसूस हो रही है। इस रस्साकशी में भारत का कुछ भी दांव पर नहीं लगा है।

राजनीतिक पहलू यह है कि ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की बहुतायत होगी तो कीमतें घटेंगी। ईरान में हालात सामान्य नहीं दिख रहे हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों के बाद ईरान में हालात और बिगड़ सकते हैं। और जहां तक आर्थिक पहलू की बात है, वेनेजुएला जो तेल बेचेगा



ऐसे और समूहों की दरकार

भारत में अम्बानी, टाटा, अदाणी, बिरला, जिंदल, भारती जैसे समूह हैं। हमें ऐसे और समूह चाहिए। वे दुनियाभर के लिए और ज्यादा रिफाइनरियां, स्टील प्लांट, स्मेल्ट कॉपर तैयार करें; सॉफ्टवेयर बनाएं, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का गठन करें, बिजली संयंत्र लगाएं। भारत को अपने उद्यमियों का सम्मान करना सीखना होगा।

उसमें अमेरिका को भी 'हिस्सा' मिलेगा। दुनिया के बाजारों में रिफाइंड प्रोडक्ट की जितनी बहुतायत होगी, अमेरिका में ईंधन की कीमतें उतनी ही गिरेंगी।

कहा जा सकता है कि अमेरिका में मध्यावधि चुनाव देर से हो रहे हैं। लेकिन अमेरिकी सिस्टम में, अगले राष्ट्रपति चुनाव की तैयारी मध्यावधि चुनाव के बाद से ही शुरू हो जाती है, खासकर तब जब मौजूदा राष्ट्रपति अपना दूसरा कार्यकाल पूरा कर रहा हो। इस समय दुग्ध की पार्टी का सितारा बुलंद नहीं है, इसलिए वह चाहती है कि महंगाई और गैसोलीन की कीमतों में कमी आए। इसके लिए ज्यादा कच्चा तेल चाहिए और ज्यादा रिफाइनिंग चाहिए। अमेरिका वेनेजुएला के तेल के सबसे बड़े आयातकों में शामिल है। लेकिन पिछले कुछ दशकों में भारी कच्चे तेल की उसकी कई रिफाइनरियां बंद हो गईं, क्योंकि अमेरिका की अर्थव्यवस्था संसाधन पर निर्भर क्षेत्रों पर कम और अधिक 'सॉफ्ट' तथा धनी क्षेत्रों की ओर ज्यादा मुड़ गई है- जैसे टेक, वित्त, रॉकेट विज्ञान और अब एआई। मोटे तौर पर आप कह सकते हैं कि टेक्सास, डेट्रॉइट तथा इस्पात व वाहन आदि का उत्पादन करने वाले क्षेत्रों ने सिलिकन वैली, सिएटल, और न्यूयॉर्क आदि के लिए जगह खाली कर दी है।

ऐसी स्थिति में भारत के सिवा भला कौन देश दुनिया के लिए रिफाइनर की भूमिका निभा सकता है? यूरोप में रिफाइनिंग की न्यूनतम क्षमता रह गई है। पश्चिम एशिया विस्तार करने की सोच नहीं सकता, क्योंकि ईरान के लड़ाके क्षेत्र में मिसाइलों और ड्रोनों के साथ घूम रहे हैं।

अक्सर कहा जाता है कि बेंगलुरु में कोई अनहोनी घट गई या इंटरनेट बंद हो गया तो दुनिया ठहर जाएगी। रिफाइनिंग को भी ऐसा तत्व क्यों न बनाया जाए? भारत को तो और ज्यादा रिफाइनरी बनानी चाहिए, वह भी कम लागत से। रिलायंस को एक और जामनगर बनाना चाहिए, खासतौर से पूर्वी समुद्री क्षेत्र के पास। कुछ को तो स्मार्ट मॉड्यूलर रिएक्टरों के साथ बनाया जा सकता है।

आशंकाएं हर तरफ से जाहिर की जा रही हैं। वाम पक्ष से तो इसकी उम्मीद की ही जा सकती है, लेकिन दक्षिणपंथी और मध्यमार्गी पक्ष भी आशंकाएं जाहिर कर रहे हैं। आज की कक्षिस का इकहरा फितहक्षत वामपंथी है। दक्षिणपंथी खेमा भी भ्रमित दिख रहा है। अमेरिका ही क्यों? और अम्बानी क्यों? वास्तव में अमेरिका-विरोध भारत की पुरानी, गहरी और स्वाभाविक मुद्रा रही है। यह सभी राजनीतिक पक्षों में व्याप्त है और भाजपा अथवा उसके समर्थक भी इससे मुक्त नहीं हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

विश्लेषण • दिवाली से पहले रामलीला मैदान में रैली

विरोध ठीक है पर जनता के हितों का भी ध्यान रखना होगा

सियासत



मिन्हाज मर्चेंट
लेखक, प्रकाशक और संपादक
mmleditorial@gmail.com

कांग्रेस द्वारा 1 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित की जाने वाली महारैली एक राजनीतिक भूल साबित हो सकती है। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे के साथ आयोजित इस रैली से 'इंडिया' गठबंधन को उम्मीद है कि वह रामलीला मैदान में दस लाख लोगों को जुटा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसके जरिये चुनाव आयोग पर दबाव बनाना चाहते हैं। इसकी वजह बंगाल, महाराष्ट्र, असम, हरियाणा, दिल्ली के चुनावों में कथित 'वोट चोरी' में आयोग की भूमिका है। हालांकि इन आरोपों के दायरे से तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, हिमाचल, पंजाब, केरल के चुनावों को बाहर रखा जाता है।

कांग्रेस को लग रहा है कि चुनाव आयोग के खिलाफ चलाए अभियान की धार हाल के दिनों में कमजोर पड़ी है। महारैली का उद्देश्य उसमें फिर से जान फूंकना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यूपी में फरवरी-मार्च 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2027 में ही छह अन्य राज्यों- पंजाब, गुजरात, मणिपुर, उत्तराखंड, हिमाचल और गोवा में भी चुनाव होंगे। विपक्ष का मानना है कि 1 नवंबर की महारैली मतदाताओं के मन में 'वोट चोरी' को लेकर संदेह पैदा कर सकती है, जिससे ये एनडीए को वोट देने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर होंगे।

लेकिन यह दांव उलटा भी पड़ सकता है। दिल्ली के व्यापारियों के संगठन ने राहुल को पत्र लिखकर उनसे दिवाली के बाद तक रैली टालने का आग्रह किया है। राहुल को भेजे औपचारिक पत्र में चैम्बर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कहा कि रैली के कारण यातायात बाधित हो सकता है और धनतेरस तथा दिवाली की खरीदारी के सीजन में खुदरा बाजारों को बंद करना पड़ सकता है। इससे दस हजार करोड़ तक का नुकसान हो सकता है। पत्र में यह भी बताया गया है कि रामलीला मैदान के 5 किमी के दायरे में चांदनी चौक, सदर बाजार, चावड़ी बाजार, खारी बावली, करोल बाग, लाजपत राय सहित 20 बड़े बाजार हैं।

'इंडिया' गठबंधन की यह रैली न केवल व्यापारी समुदाय को नाराज कर सकती है, बल्कि त्योहार के समय घरों में रहने को मजबूर होने वाले दिल्लीवासियों को भी उससे विमुख कर सकती है। ऐसे में विपक्ष अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी क्यों मार रहा है? वह सीटीआई के सुझाव के मुताबिक दिवाली के बाद 10 नवंबर को भी रैली आयोजित कर सकता है।

शायद इस जल्दबाजी की वजह कांग्रेस की यह चिंता है कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर जनभावनाओं का रुख बदल है। सीजेपी के सह-संयोजकों सौरव दास और आशुतोष रंका के खिलाफ हाल में आए अदालती फैसलों के साथ-साथ आइसा की नेहा बोरा पर अदालत की टिप्पणियों ने भी जनमानस के रुख में आ रहे बदलाव को रेखांकित किया है। सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान की गई टिप्पणियों से कांग्रेस नेताओं की चिंता बढ़ी है। उन्हें आशंका है कि फैसला जल्द नहीं

'इंडिया' गठबंधन की रैली न केवल व्यापारी समुदाय को नाराज कर सकती है, बल्कि त्योहार के समय घरों में रहने को मजबूर होने वाले दिल्लीवासियों को भी उससे विमुख कर सकती है। विपक्ष अपने पैरों पर कुल्हाड़ी क्यों मार रहा है?

आएगा और जब आएगा भी, तो जरूरी नहीं वह कांग्रेस के हित में हो।

यही वजह है कि विपक्ष के लिए रामलीला मैदान की रैली चुनाव आयोग के खिलाफ जनमत तैयार करने का जरूरी जरिया बन गई है। इसके पीछे का तर्क भले ही सही हो, लेकिन दिवाली से ठीक पहले रैली आयोजित करने का समय उचित नहीं। कांग्रेस दिल्ली और उत्तर-पश्चिमी भारत के मतदाताओं को नाराज क्यों करना चाहेगी, जबकि उसे यूपी में उन्हीं के वोटों की सबसे ज्यादा जरूरत है? इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि सोनिया गांधी के संस्मरणों की किताब 10 नवंबर को रिलीज होने जा रही है। अगर रैली को दिवाली के बाद 10 नवंबर तक टाला जाता तो इसका मतलब होता सोनिया की किताब के विमोचन की तारीख भी आगे बढ़ाना।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • इन पर भारतीय कानून लागू होना जरूरी

क्या 'स्मार्ट चश्मे' हमारी निजता में ताकझांक करने लगे हैं?

टेक्नोलॉजी



विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील
viraggupta@hotmail.com

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने कहा है कि उन्हें और दूसरे विपक्षी नेताओं को स्टिंग ऑपरेशन में फंसाने के लिए मेटा के स्मार्ट ग्लास का इस्तेमाल हो रहा है। इसके पहले जंतर-मंतर के सीजेपी आंदोलन में भी ऐसे चश्मों और कैमरों से आंदोलनकारियों के फेशियल सर्विलांस पर विवाद हुआ था। उस मामले में राज्यसभा सांसद रहीम की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच सुनवाई कर रही है। ये सच है कि अपराध रोकने के लिए पुलिस को कानूनी प्रक्रिया के तहत निजी जानकारी जुटाने का अधिकार है। नियमों का उल्लंघन होने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। स्मार्ट चश्मे दिव्यांगों के लिए मददगार हैं। लेकिन मेटा, सैमसंग, गूगल, अमेजन जैसी टेक कम्पनियां डेटा जुटाने, मुनाफा बढ़ाने और सोशल मीडिया के विस्तार के लिए स्मार्ट चश्मों के कारोबार को बढ़ा रही हैं। इसके 5 पहलुओं को समझना होगा।

1. कैमरा, माइक्रोफोन, स्पीकर से लैस इन चश्मों से सामने वाले की सहमति के बिना ऑडियो रिकॉर्डिंग या वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल किया जा सकता है। विवाद बढ़ने के बाद इंस्टाग्राम ने कहा कि समुद्रतट, जिम और सड़कों में अनजान महिलाओं के वीडियो वाले कंटेंट पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। पर मेटा व दूसरी कम्पनियां ऐसे दुरुपयोग की कानूनी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं।

2. गुजरात के 46,000 सरकारी स्कूलों में जेन-जी आंदोलनकारियों को वीडियो बनाने से रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने सर्कुलर जारी किया है। संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार बच्चों की सुरक्षा, निजता के अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का 2017 का फैसला और डेटा सुरक्षा कानून के प्रावधानों का सरकारी आदेश में जिक्र है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की बात लिखी है।

3. नीट और अन्य परीक्षाओं में तकनीक के दुरुपयोग से पेपर लीक और नकल का मर्ज लाइलाज हो रहा है। क्रिकेट में सट्टेबाजी के लिए ऐसे चश्मों के दुरुपयोग को रोकने के लिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को आगाह किया है। निजी जासूसी एजेंसियों को कानून के दायरे में लाने के लिए 2007 में राज्यसभा में बिल पेश हुआ था, जिसे 2020 में वापस ले लिया गया। तलाक के मामले में निजी एजेंसियों द्वारा जासूसी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज संजय करोल और विपुल पंचोली की पीठ ने जुलाई में आदेश पारित किया है। उसके अनुसार गैर-कानूनी तरीके से एकत्र किए सबूतों की साक्ष्य अधिनियम के तहत वैधता नहीं है।

4. अमेजन के एलेक्सा में डेटा के दुरुपयोग के खिलाफ अमेरिका में क्लास एक्शन सूट के तहत बड़े हर्जाने की मांग हुई थी। अब स्मार्ट चश्मों पर आयरलैंड में डेटा सुरक्षा आयोग ने मेटा को नोटिस जारी किया है। ब्रिटेन की अदालतों, पब और सिनेमाघरों में, नॉर्वे के स्कूलों में और ऑस्ट्रेलिया के सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट

स्मार्ट चश्मों से जासूसी, बच्चों की सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ की इजाजत नहीं दी सकती। लेकिन इनकी बिक्री और दुरुपयोग रोकने के लिए टेक कम्पनियों के खिलाफ कानूनों का अनुपालन नहीं हो रहा है।

चश्मों पर रोक लग रही है। अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने इनके दुरुपयोग पर चिंता जाहिर की है। जबकि जर्मनी में मेटा और अन्य कम्पनियों के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज हुई है।

5. महिलाओं को चोरी-छिपे देखने, उनका पीछा करने या उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग करने के मामलों में आईपीसी, बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज होने के साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के अनुसार स्मार्ट चश्मों से जासूसी, बच्चों की सुरक्षा और महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ की इजाजत नहीं दी सकती। इनकी बिक्री और दुरुपयोग रोकने के लिए टेक कम्पनियों के खिलाफ कानूनों का अनुपालन नहीं हो रहा है। स्मार्ट चश्मों पर भारत के कानून लागू हों, ये जरूरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

नजरिया • गिग-वर्कर, निर्माण-श्रमिक, रिटायर होने जा रहा कर्मचारी, सबके लिए सुरक्षा की निरंतरता बनी रहे

खाते में पैसा होना ही काफी नहीं, मौके पर उसका मिलना भी जरूरी है

ईपीएफओ



कुमार रोहित
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(ईपीएफओ) में अपर केंद्रीय आयुक्त

नौकरी रहते वेतन से घर चलता है, लेकिन नौकरी छूट जाए या सेवानिवृत्ति आ जाए तो गुजारा कैसे होगा? इसी सवाल का जवाब है कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), जो वेतन के एक हिस्से को बचाकर भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का आधार तैयार करता है। नवंबर में यह संगठन 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

ईपीएफओ की शुरुआत 1 नवंबर 1952 को छह उद्योगों में अनिवार्य भविष्य निधि व्यवस्था के साथ हुई थी। सीमेंट, कपड़ा, लोहा-इस्पात जैसे उद्योगों की 50 या अधिक श्रमिकों वाली फैक्टिरयों से शुरू हुई यह पहल केवल बचत की व्यवस्था नहीं थी। इसका उद्देश्य श्रमिकों को आर्थिक सहारा और सामाजिक सुरक्षा देना था। 15 अगस्त 2025 को लाल किले से घोषित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना ने ईपीएफओ की भूमिका को और अहम बनाया। 2026 की शुरुआत तक इसके कुल खाते लगभग 34 करोड़ थे, जिनमें 8 करोड़ सक्रिय सदस्य थे। संगठन का कोष 30 लाख करोड़ रु. से अधिक था। यूएएन, ऑटो-ट्रांसफर और केंद्रीकृत पेंशन भुगतान जैसी सुविधाओं ने सेवाएं आसान की हैं।

2024-25 में 6.02 करोड़ दावे निपटे, जबकि 2025-26 में 8.31 करोड़। यानी 2.29 करोड़ अधिक, करीब 38% की बढ़ोतरी। लेकिन कर्मचारी की चिंता तभी दूर होती है, जब संकट में उसे अपना पैसा समय पर मिले। बैंक खाता आज की जरूरतें पूरी करता है, जबकि पीएफ की अनिवार्य बचत बुढ़ापे का सहारा है। जरूरत में राहत मिले, लेकिन भविष्य की सुरक्षा भी बनी रहे।

पीएफ निकासी संवेदनशील सवाल है। बीमारी या घर खरीदने जैसी जरूरतों में यह राहत देती है, लेकिन बार-बार निकासी से जमा-पूंजी घटती है। पेंशन के लिए आम तौर पर दस साल की पात्र सेवा जरूरी है। नौकरी छोड़ने पर स्कीम सर्टिफिकेट लेकर सेवा अवधि को पेंशन के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।

कर्मचारी को पीएफ, पेंशन और पारिवारिक लाभों की जानकारी रखनी चाहिए। जन्मतिथि, बैंक खाते और नामांकन का विवरण सही होना जरूरी है। नियोक्ता की जिम्मेदारी है कि जानकारी सही दर्ज करे, अंशदान समय पर जमा करे और गलतियां सुधारे। रिकॉर्ड में गड़बड़ी से भुगतान रुक सकता है। बीमारी, परिवार में मृत्यु या कमाई बंद होने पर ऐसी देरी परेशानी बढ़ा देती है।

1952 के बाद काम की दुनिया बदल गई है। गिग वर्क, ठेके पर काम और दूसरे राज्यों में जाकर रोजी कमाना सामान्य बात है। एक डिलीवरीकर्मी कई प्लेटफॉर्मों पर काम कर सकता है। सामाजिक सुरक्षा को भी इस बदलाव के साथ चलना होगा। यूएएन तभी उपयोगी होगा, जब नौकरी या प्लेटफॉर्म बदलने पर भी अंशदान और सुरक्षा की निरंतरता बनी रहे।

टेक्नोलॉजी गलती बता सकती है, लेकिन उसे सुधारने के लिए मानवीय समझ जरूरी है। अपने हक के पैसे की प्रतीक्षा कर रही विधवा को केवल कमी बताने वाला संदेश नहीं, बल्कि उसे दूर करने का रास्ता और जिम्मेदार अधिकारी का मार्गदर्शन भी चाहिए। देरी और परेशानी के समय ही संवेदनशीलता की असली परीक्षा होती है। ईपीएफओ का प्रशिक्षण मॉड्यूल 'शासन-विधि में करुणा' इसी जरूरत को पहचानता है।

ईपीएफओ के 75वें वर्ष की असली कसौटी उसके कोष का आकार या दावों की संख्या नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर कर्मचारी को उसका हक बिना अनावश्यक देरी मिले, यह होगी। दूसरे राज्य में काम करने वाला निर्माण श्रमिक, सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचा कारखाना कर्मचारी और वर्ड प्लेटफॉर्म पर काम करने वाला डिलीवरीकर्मी- सभी को अपनी जमा-पूंजी और पेंशन पर भरोसा होना चाहिए। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

बिज़नेस भास्कर

Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ

नई दिल्ली, बुधवार 28 अक्टूबर, 2026

07

रिवॉर्ड पॉइंट खत्म होने का मैसेज भी हो सकता है फर्जी

दैनिक भास्कर | sk FINANCE

साइबर सुरक्षा अभियान

Co-powered by REALTY | JECRC UNIVERSITY

+ "आज रिवॉर्ड पॉइंट खत्म हो जाएंगे" जैसे मैसेज पर तुरंत कार्रवाई न करें।
+ अनजान लिंक खोलकर कार्ड या ओटीपी की जानकारी न भरें।
+ रिवॉर्ड या कैशबैक की जानकारी बैंक के आधिकारिक ऐप से जांचें।
+ संदेह होने पर मैसेज में दिए नंबर के बजाय बैंक के आधिकारिक नंबर पर संपर्क करें।

साइबर सुरक्षा अभियान में भागीदार बनें

मिस्ड कॉल दें 8094-977-977

बिग डील • टाटा ग्रुप का दूसरा बड़ा अधिग्रहण, दुनिया की चौथी बड़ी सीवी कंपनी होगी

टाटा मोटर्स ने 41,360 करोड़ में इटली की इवेको को खरीदा, आय 3 गुना होगी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

कमर्शियल वाहन (सीवी) बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स अब यूरोप की सड़कों पर दस्तक देगी। कंपनी ने इटली की इवेको को 3.9 अरब यूरो (करीब ₹41,360 करोड़) में खरीद लिया है। सोमवार को खत्म टेंडर ऑफर में 87.81% शेयरधारकों ने शेयर बेचने की मंजूरी दी, जबकि कम से कम 80% की जरूरत थी। 30 अक्टूबर को शेयरों का निपटान होगा। साथ ही इवेको मिलान शेयर बाजार से हटकर टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी बन जाएगी। कंसोलिडेशन (खाते जोड़ना) अगली तिमाही से शुरू होगा।

यह टाटा मोटर्स की सबसे बड़ी और टाटा ग्रुप की दूसरी बड़ी खरीद है। इससे पहले 2007 में टाटा स्टील ने 11.3 अरब डॉलर (अभी के हिसाब से ₹1.2 लाख करोड़) में कोरस को खरीदा था। बहरहाल, जुलाई 2025 में ऐलान के बाद यह डील पूरी होने में 15 महीने लगे।

कुछ छोटे शेयरधारकों के विरोध के चलते देरी... कुछ छोटे शेयरधारकों के विरोध के बीच टाटा ने ऑफर प्राइस 14.1 यूरो (₹1,495) से बढ़ाकर 14.4 यूरो (₹1,527) प्रति शेयर किया। कुछ निवेशक 18 यूरो (₹1,909) तक मांग रहे थे, पर टाटा मोटर्स ने 14.4 यूरो को 'बेस्ट एंड फाइनल' बताया।

डील एक नजर में... पहले से तय सौदे से 33.5% ज्यादा कीमत चुकाई

पहलू	ब्योरा
डील का आकार	3.9 अरब यूरो (₹41,360 करोड़)
ऑफर कीमत	14.4 यूरो/शेयर (₹1,527)
प्रीमियम	जुलाई 2025 के भाव से 33.47% ज्यादा
फंडिंग	₹40,300 करोड़ का ब्रिज लोन
निपटान	30 अक्टूबर
डील से बाहर	इवेको का डिफेंस बिजनेस

अब गाड़ियों की सालाना बिक्री 5.4 लाख पहुंच सकती है, आय 2.3 लाख करोड़, 201% उछाल

अधिग्रहण पूरा होने के बाद टाटा मोटर्स सीवी की सालाना बिक्री 5.4 लाख गाड़ियों तक पहुंच जाएगी। इस हिसाब से यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सीवी कंपनी होगी। मौजूदा स्थिति में डील के बाद टाटा मोटर्स सीवी की सालाना आय ₹2.33 लाख करोड़ हो जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की स्टैंडअलोन आय ₹77,399 करोड़ थी। यानी आय में 201% उछाल आएगा। हालांकि चुनौती भी है। अगर कंपनी की यूरोप में मांग घटी तो आधी आय प्रभावित हो सकती है।

टाटा ग्रुप के टॉप-5 विदेशी अधिग्रहण, कोरस को छोड़कर अधिकांश सफल रहे

साल	कंपनी	देश	डील वैल्यू*
2007	कोरस	ब्रिटेन-नीदरलैंड	₹49,800
2026	इवेको	इटली	₹41,360
2008	जेएलआर	ब्रिटेन	₹9,200
2008	जनरल केमिकल	अमेरिका	₹3,960
07	एनर्जी ब्रांड्स	अमेरिका	₹3,200

नोट: *डील वैल्यू उस साल के हिस्टोरिक दर से, जिस साल अधिग्रहण हुआ था *डील वैल्यू करोड़ रुपए में |

टाटा ग्रुप ने ये विदेशी अधिग्रहण भी किए... 2000 में टेटली (ब्रिटेन), 2004 में देवू (द. कोरिया), 2004 में नैटस्टील (सिंगापुर), 2005 में टायको (अमेरिका), 2005-06 में टेलीग्लोब (बरमूडा-कनाडा), 2005-06 में ब्रूनर मॉन्ड (ब्रिटेन) और 2006 में एट ओ क्लार्क (अमेरिका)।

▪ 2007 में कोरस खरीदने के बाद टाटा स्टील का यूके बिजनेस घाटे में रहा।

ये बदला • अब आधी आय यूरोप से



इस अधिग्रहण से यूरोपीय संघ के ट्रक बाजार में सीधे 11% हिस्सेदारी

भारत में टाटा मोटर्स सीवी की रिटेल हिस्सेदारी 36% है। यूरोपीय संघ के ट्रक बाजार में इवेको की 11% है। यह यूरोप की दूसरी बड़ी सबसे कंपनी। मुख्यालय ट्यूरिन (इटली) में रहेगा।

डील के बाद ये चुनौतियां...

▪ 40,300 करोड़ रुपए का ब्रिज लोन अस्थायी है। इसे लंबी अवधि के कर्ज में बदलना होगा।
▪ यूरोप में फैक्ट्री, डीलर नेटवर्क और कामकाज के तरीके को टाटा मोटर्स के मौजूदा ढांचे से जोड़ना आसान नहीं होगा।

बाजार • विदेशी पूंजी बड़ी कंपनियों से निकली

1 लाख करोड़ से ज्यादा की 53 कंपनियों में विदेशी बिकवाली

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

विदेशी निवेशकों को अब भारत की दिग्गज कंपनियां ग्रोथ की जगह सिर्फ मजबूत कमाई की मशीनें नजर आने लगी हैं। यही वजह है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में 1 लाख करोड़ रुपए या उससे ज्यादा मार्केट वाली कम से कम 53 कंपनियों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने हिस्सेदारी घटाई है। सैमको सिक्योरिटीज के संस्थापक और सीईओ जिमीत मोदी के मुताबिक, बाजार भविष्य को देखकर चलता है, जबकि निफ्टी में अतीत की कमाई वाली कंपनियां ज्यादा हैं। इनमें नई टेक्नोलॉजी की झलक कम है।

मंगलवार को शेयर बाजार फ्लैट रहे। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 8 अंक गिरकर 73,599 पर और निफ्टी 3.45 अंक टूटकर 22,750 पर बंद हुआ।

लार्जकैप: विदेशी हिस्सेदारी घटी, शेयर 31% तक टूटे

प्रमुख कंपनी	एफआईआई शेयर घटे	2026 में अब तक
एचडीएफसी बैंक	2.43 pp	-31%
रिलायंस इंडस्ट्रीज	0.52 pp	-24.2%
आईटीसी	1.01 pp	-28.5%
महिंद्रा	1.55 pp	-24.0%
पेटीएम	4.57 pp	+24%
स्टरलाइट टेक	1.95 pp	+ 788%

टीसीएस, एयरटेल, मारुति, एचयूएल, एचडीएफसी लाइफ में भी हिस्सा घटाया, शेयर टूटे। नोट: pp- प्रतिशत अंक

- पेटीएम में एफआईआई की हिस्सेदारी 4.57 पर्सेंटेज पॉइंट घटी, फिर भी शेयर इस साल 24% चढ़ चुके हैं। स्टरलाइट टेक में इस अवधि निवेशकों ने 1.95 पर्सेंटेज पॉइंट हिस्सा घटाया, पर शेयर 700% चढ़ चुका। यहां मुनाफा वसूली की।

वैल्युएशन औसत से 18% कम, ये अच्छा मौका

मोतीलाल ओसवालः बड़ी कंपनियों का वैल्युएशन ऐतिहासिक औसत से 18% और मिडकैप का 8% नीचे है। वित्त वर्ष 2028 तक इनकी कमाई सालाना 15% बढ़ने का अनुमान है।

एचएसबीसीः निफ्टी 50 अभी 16 गुना पीई (कमाई के मुकाबले शेयर भाव) पर है। ऐसा एक दशक में सिर्फ दो बार हुआ।

इविवरस एसेट मैनेजमेंटः यदि एफआईआई की वापसी हुई तो बड़ी कंपनियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

विदेशी पूंजी का रुख बदलना तीन कारणों से मुश्किल

1. आईटी सर्विसेज की कमाई वृद्धि 4-5% से घटकर 2-3% रह गई है।
2. इक्विवरस एसेट मैनेजमेंट का अनुमान है कि कासा (बैंकों की सस्ती जमा) अनुपात घटने से बैंकों का मार्जिन पहले जैसा ऊंचा नहीं रहेगा।
3. एवेंडस वेल्थ का कहना है कि ईवी, चिप, बैटरी में बड़ी वैश्विक कंपनियां अभी कम हैं। इसलिए विदेशी पैसे का रुख बदलना मुश्किल है।

मारुतिः रिकॉर्ड बिक्री के बावजूद मुनाफा 26% घटा, 2,466 करोड़

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

मारुति सुजुकी की आय और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बावजूद मुनाफा घट गया। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 26.4% घटकर ₹2,466 करोड़ रह गया। हालांकि, इस दौरान ऑपरेशन से आय 26% बढ़कर ₹53,356 करोड़ हो गई। पश्चिम एशिया संकट के चलते लागत बढ़ने और निवेश पर नुकसान के कारण मुनाफा घटा है।

बीती तिमाही देश की सबसे बड़ी कार कंपनी ने रिकॉर्ड 6.97 लाख गाड़ियां बेचीं, जो पिछले साल की इसी अवधि में बिक्री से 26.5% ज्यादा हैं। छोटी कारों की बिक्री 35.9% और एसयूवी की 68.2% बढ़ी। घरेलू कार बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी भी 2.2 पर्सेंटेज पॉइंट बढ़कर 40.8% हो गई। उत्पादन बढ़ाने के बाद भी मांग पूरी नहीं हो सकी। सितंबर के अंत में करीब 2 लाख गाड़ियों की बुकिंग लंबित थी। सितंबर तिमाही में मारुति सुजुकी का परिचालन मुनाफा 17.1% घटकर ₹2,804 करोड़ रह गया।

बजाज ऑटो का लाभ 3,436 करोड़, ये मारुति से डेढ़ गुना

जुलाई-सितंबर तिमाही में बजाज ऑटो का मुनाफा 62% बढ़कर ₹3,436 करोड़ हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह ₹2,122 करोड़ था। कंपनी की कुल आय 59% बढ़कर ₹25,126 करोड़ हो गई। दोपहिया और तिपहिया की कुल बिक्री 20% बढ़कर 15.4 लाख गाड़ियों तक पहुंच गई। इसमें निर्यात 41% बढ़कर 7.79 लाख गाड़ियों की रही, जबकि घरेलू बिक्री सिर्फ 4% बढ़ी। चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री दोगुनी से ज्यादा हो गई।

बिजनेस ब्रीफ

एचडीएफसीः बागची को कमान, 36 करोड़ पैकेज

मुंबई | अनूप बागची ने मंगलवार को एचडीएफसी बैंक के एमडी और सीईओ का पद संभाला। 35.9 करोड़ रुपए के वेतन पैकेज के साथ वे देश के सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले बैंक सीईओ हैं। बैंक के तीन दशक से ज्यादा के इतिहास में पहली बार बाहरी व्यक्ति को कमान मिली है। बागची पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के प्रमुख थे।

सर्वम अब तीनों सेनाओं के लिए एआई बनाएगी

बेंगलुरु | भारतीय एआई कंपनी सर्वम ने थलसेना, नौसेना और वायुसेना के लिए साझा एआई ढांचा बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ समझौता किया है। कंपनी सैन्य अभियानों, प्रशिक्षण और निर्णय लेने में मददगार एप्लिकेशन बनाएगी। इनमें लक्ष्य पहचानने और विभिन्न सेंसरों से मिली जानकारियां जोड़ने की क्षमता होगी। टेक्नोलॉजी भारतीय डेटा और कंप्यूटिंग से देश के नियंत्रण वाले ढांचे पर विकसित होगी। यह काम सर्वम की राष्ट्रीय सुरक्षा व रक्षा केंद्रित इकाई चाणक्य करेगी।

चुनौती • 63% कामकाजी आर्थिक रूप से स्थिर पर...

देश में 83% की मौजूदा बचत सालभर भी नहीं टिकेगी: रिपोर्ट

बरखा माथुर | नई दिल्ली

देश के 63% कामकाजी लोग खुद को आर्थिक रूप से स्थिर मानते हैं, लेकिन 83% की इमरजेंसी बचत आय रुकने पर एक साल से कम चलेगी। ग्रांट थॉर्नटन भारत की सर्वे रिपोर्ट में भरोसे और तैयारी के बीच फासला दिख रहा है। नवंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच कराए गए सर्वे में शामिल करीब 87% लोग प्राइवेट सेक्टर के और 71% टियर-1 शहरों के हैं। 60% के पास 25-50 लाख का स्वास्थ्य बीमा है। 61% को भरोसा है कि उनका स्वास्थ्य बीमा जरूरत पड़ने पर सुरक्षा देगा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के पार्टनर रामकुमार सुब्रमण्यन के मुताबिक, आर्थिक भरोसा और आर्थिक मजबूती हमेशा एक नहीं होते।

92% युवाओं की रिटायरमेंट की तैयारी कमजोर

देश में 34 साल से कम उम्र के 92% युवाओं की रिटायरमेंट की तैयारी कमजोर है। 35-54 साल के 77% भारतीयों के पास जरूरत से कम रिटायरमेंट फंड है। 84% के पास पूरा या आंशिक इमरजेंसी फंड है।

निर्भरता: 91% की कमाई सिर्फ सैलरी पर ही आश्रित

- निवेश से आय सिर्फ 29% को है। कारोबार, किराए या दूसरी नौकरी से कमाने वाले 10% से भी कम हैं।
- 94% महिलाएं सैलरी पर निर्भर हैं (पुरुष 89%)। 69% महिलाओं के पास आय का दूसरा स्रोत नहीं है।


दबावः 62% की वेतन वृद्धि महंगाई से कम

सर्वे में 62% लोग मानते हैं वेतन बढ़ोतरी महंगाई के बराबर नहीं हो रही है। 25-34 साल वालों में यह आंकड़ा 70% है। 82% को लगता है कि उनका वेतन हुनर के हिसाब से कम है। 74% लोग कम से कम एक आश्रित का खर्च उठाते हैं और 32% घर में अकेले कमाने वाले हैं।

61% का शेयर, क्रिप्टो, म्यूचुअल फंड में निवेश

- 61% के पास ₹50 लाख से 1 करोड़ का जीवन बीमा है, लेकिन 21% के पास ₹20 लाख रुपए से कम का है।
- 61% शेयर, क्रिप्टो या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। इनमें 82% के पास म्यूचुअल फंड और 23% के पास सीधे शेयर हैं।

जर्मनी: कारों से ट्रकों तक की बातचीत भरोसेमंद बनाने के लिए बना 17 मीटर ऊंचा 3 डी चैंबर, 75 करोड़ रु. का निवेश



मकसद

संपर्क भरोसेमंद हो, लोकेशन सटीक मिले

इस इनोवेशन का मकसद ज्यादा जुड़े हुए और स्वचालित वाहनों को स्थिर संपर्क, तेज डेटा आदान-प्रदान, कम देरी और सटीक लोकेशन की जरूरत होती है। यह सुविधा इन्हीं क्षमताओं के विकास और परीक्षण में मदद करेगी।

वीमर | जर्मनी के वीमर-लेगेफेल्ड में वाहनों के एंटीना और संचार प्रणाली की जांच के लिए नया 3डी टेस्ट चैंबर शुरू हुआ है। जर्मन प्रसारक एमडीआर के मुताबिक, कंपनी ने नई तकनीकी सुविधा में 75 करोड़ रुपए निवेश किए हैं। यह चैंबर 17 मीटर ऊंचा है। यहां कारों के अलावा ट्रकों के एंटीना का प्रदर्शन भी परखा जा सकेगा। चैंबर को बाहरी विद्युतचुंबकीय संकेतों के हस्तक्षेप से सुरक्षित बनाया गया है। इससे नियंत्रित माहौल में पूरे वाहन की संचार प्रणाली की जांच संभव होगी।

भास्कर नॉलेज

इंटरनेट चैनल को लेनी होगी मंजूरी

स्मार्ट टीवी पर कौन से एप चलेंगे, ये तय होगा

हर्ष शिवम | नई दिल्ली

स्मार्ट टीवी पर इंटरनेट के जरिए मुफ्त समाचार, फिल्म या मनोरंजन चैनल देखते हैं, तो यह खबर आपके काम की है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने सरकार को सिफारिशें भेजी हैं। इनमें ऐसे एप के लिए सरकारी मंजूरी की व्यवस्था सुझाई गई है। जानें, क्या बदल सकता है...

Q किन एप पर लागू होगी सिफारिश?

ऐसे एप पर, जो अलग-अलग प्रसारकों के टीवी चैनल इंटरनेट के जरिए एक जगह दिखाते हैं। इनमें कार्यक्रम तय समय पर चलते हैं। मसलन, किसी फिल्म चैनल पर दोपहर दो बजे फिल्म शुरू हुई और आपने दो बजे एप खोला, तो फिल्म वहीं से दिखेगी।

Q क्या नेटफ्लिक्स जैसे एप भी आएंगे?

नहीं। नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी एप इस दायरे में नहीं हैं।

Q आपके टीवी में क्या बदल सकता है?

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय मंजूर एप की केंद्रीय सूची बनाएगा। टीवी बनाने वाली कंपनियों और टीवी का ऑपरेटिंग सिस्टम चलाने वाली कंपनियों को यह पक्का करना होगा कि उनके टीवी और एप स्टोर पर इस कैटेगरी के केवल मंजूर एप मिलें।

Q क्या मुफ्त चैनलों के पैसे लगेंगे?

अभी ऐसा तय नहीं है। सुझाव में ₹10,000 आवेदन शुल्क और ₹1 लाख प्रवेश शुल्क है। मंजूरी शुरू में 20 साल के लिए, फिर 10-10 साल बढ़ाई जा सकेगी।

Q उपभोक्ता को क्या फायदा मिलेगा?

सेवा से जुड़ी शिकायत सुनने और हल करने की पहली जिम्मेदारी एप चलाने वाली कंपनी की होगी। इससे तय होगा कि शिकायत कहां करनी है। इन एप पर देखे गए चैनलों की दर्शक संख्या भी टीवी रेटिंग में जोड़ी जाएगी।

बंटवारा • मल्लिका-लक्ष्मी वेणु बातचीत के पक्षधर

टीवीएस परिवार विवादः वेणु-सुदर्शन ने अब हाईकोर्ट में कैवियट दाखिल की

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

टीवीएस परिवार में कारोबार के बंटवारे का विवाद अदालत पहुंच गया है। वेणु श्रीनिवासन और बेटे सुदर्शन वेणु ने मद्रास हाईकोर्ट में कैवियट दाखिल की है, जबकि मल्लिका श्रीनिवासन और बेटी लक्ष्मी वेणु बातचीत से हल चाहती हैं।

मल्लिका और लक्ष्मी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वे पारदर्शी चर्चा से सुलह की इच्छा दोहराती हैं। विवाद इस पर है कि क्या पहले के इंतजामों से आर्थिक बंटवारा हो चुका है और कारोबार की कीमत कैसे आंकी जाए। मल्लिका और लक्ष्मी का कहना है कि मार्च 2024 का एमओयू (समझौता ज्ञापन) सिर्फ ब्रांड के इस्तेमाल, ट्रेडमार्क और प्रतिस्पर्धा न करने से जुड़ा था। उनके मुताबिक, मैनेजमेंट की भूमिका मिलने से मालिकाना हक तय नहीं होता। वेणु-सुदर्शन का पक्ष जानने वालों का कहना है कि दिसंबर, 2020 के वैल्युएशन और परिवार के समझौते के लिए लिए गए कर्ज बंटवारे की निष्पक्षता परखने में अहम हैं। इन सूत्रों के मुताबिक, सुदर्शन को टीवीएस होल्डिंग्स और उससे जुड़ा कर्ज मिलना था, जबकि लक्ष्मी को ट्रैक्टर कंपनी टैफे समेत मल्लिका के हिस्से मिलने थे। मल्लिका और लक्ष्मी टैफे को इस आकलन में गिनने से सहमत नहीं हैं।

भास्कर नॉलेज


भास्कर नॉलेजः कैवियट क्या है?

कैवियट कोर्ट में पहले से दी गई एक तरह की सूचना है। इसे दाखिल करने वाला कहता है कि उसके खिलाफ कोई अर्जी आए तो उसे खबर दी जाए और उसे सुने बिना कोई आदेश न दिया जाए। यानी वह पहले से अपना पक्ष रखने का मौका सुरक्षित कर लेता है। यह सिर्फ प्रक्रिया से जुड़ा बचाव है, इससे विवाद पर कोई फैसला नहीं होता।

ई-20 के खिलाफ पेड कैंपेन चलाः गडकरी

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने के खिलाफ चल रही मुहिम पैसे देकर चलवाई गई। सीआईआई के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पिछले 3 साल से देश में 20 करोड़ से ज्यादा दोपहिया और तीन करोड़ से अधिक पेट्रोल कारें ई19-20 ईंधन पर चल रही हैं। अब तक एथेनॉल की वजह से इंजन खराब होने के व्यापक मामलों का कोई एप्ट सबूत सामने नहीं आया। हालांकि विपक्ष और उपभोक्ता संगठन पुरानी गाड़ियों पर इसके असर को लेकर चिंता जता चुके हैं। गडकरी का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब एक दिन पहले ही ई100 तक के ईंधन पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को इजाजत देने वाले नियम जारी हुए हैं।



टेक्नोलॉजी • आईआईटी के पूर्व छात्रों के स्टार्टअप को 21 करोड़ की फंडिंग

ड्रोन की आंख 100 गुना सस्ती बनाने का लक्ष्य

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरु

अंधेरे, धूएं और धुंध में भी साफ तस्वीर लेने वाले कैमरे बेहद महंगे होते हैं। अब इस तकनीक को सस्ता करने की कोशिश हो रही है। आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र अनीश प्रियदर्शी और संजीव कुमार का स्टार्टअप नोवा स्पेक्ट्रल एआई एक खास इन्फ्रारेड सेंसर चिप बना रहा है। इसका इस्तेमाल निगरानी सिस्टम और सेना के ड्रोन में हो सकेगा। कंपनी का लक्ष्य है कि ये सेंसर करीब 100 गुना सस्ते हों। बेंगलुरु की इस चिप कंपनी ने शास्त्र वीसी की अगुआई में ₹21.15 करोड़ जुटाए हैं। फंडिंग के इस दौर में इक्वियस इनोवेटएक्स फंड और कुछ निजी निवेशक भी शामिल रहे। कंपनी इस पैसे से तकनीकी टीम बनाएगी, भारत में चिप बनाने की प्रक्रिया तैयार करेगी और 18 महीने में फील्ड टेस्ट लायक प्रोटोटाइप लाएगी।

क्वांटम डॉट्स तकनीक लागत घटाएगा स्टार्टअप

अंधेरे में तस्वीर लेने के लिए महंगे शॉर्ट-वेव इंफ्रारेड सेंसर इस्तेमाल होते हैं। नोवा स्पेक्ट्रल इसकी जगह इंडियम आर्सेनाइड से बने 'क्वांटम डॉट्स' इस्तेमाल करना चाहती है। पारंपरिक सेंसर के दाम 5,000 से 10,000 डॉलर होते हैं। कंपनी इसे 20 डॉलर तक लाना चाहती है।

लोकलसर्किल्स सर्वे

दिवाली शॉपिंगः 71% को बेहतर दाम चाहिए

नई दिल्ली | मिंत्रों में डिलीवरी वाले क्विक कॉमर्स एप पर दिवाली शॉपिंग में ग्राहकों का जोर किफायत, क्वालिटी पर है। लोकलसर्किल्स के सर्वे में 65% ने क्वालिटी को प्राथमिकता दी। 43% अतिरिक्त शुल्क नहीं देना चाहते।


एप चुनते समय क्या देखेंगे ग्राहक?

खरीदारी का आधार	जवाब देने वाले
बेहतर कीमत या वाजिब दाम	71%
गुणवत्ता	65%
सामान उपलब्धता	46%
कम या शून्य अतिरिक्त शुल्क	43%
ऑफर और छूट	38%
त्योहारी सामान के ज्यादा विकल्प	31%
भरोसेमंद डिलीवरी	28%
तेज डिलीवरी	22%

इस सवाल में अधिकतम 3 विकल्प चुनने की छूट थी।

अतिरिक्त शुल्क से कितना बोझ?

डिलीवरी, हैंडलिंग, छोटे ऑर्डर या दूसरे शुल्क जुड़ने से अंतिम रकम उम्मीद से ज्यादा होने की शिकायत आम है।



बिजनेस एंकर — एक लेखक का गंभीर तंज- यह नौकरी उस राइटर के लिए है, जो अपने लिए फांसी का फंदा खुद ही तैयार करना चाहे

एंथ्रोपिक को अपनी बात कहने के लिए इंसान चाहिए, वेतन ₹3.25 करोड़

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

जो कंपनी एआई से चंद सेकंड में भाषण, लेख और ईमेल लिखवा देती है, उसे अपने अधिकारियों और कंपनी के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इंसान चाहिए। क्लॉड बनाने वाली एंथ्रोपिक ने 'एग्जीक्यूटिव कम्युनिकेशंस राइटर' के पद के लिए भर्ती निकाली है। सालाना वेतन 3.45 लाख डॉलर (करीब 3.25 करोड़ रुपए)। है। चर्चा सिर्फ मोटी तनख्वाह की नहीं, उस हुनर की भी है, जिसके लिए कंपनी इतनी रकम देने को तैयार है। कुछ लोगों ने इस भर्ती पर सवाल भी उठाए हैं। लिंक्डइन पर एक लेखक ने तंज किया कि यह नौकरी उस लेखक के लिए है, जो अपने लिए खुद फांसी का फंदा तैयार करना चाहे।



सैन फ्रांसिस्को या न्यूयॉर्क में करना होगा काम

प्रस्तावित पद अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को या न्यूयॉर्क में है। कंपनी की सामान्य नीति के मुताबिक, कम से कम 25% समय दफ्तर में बिताना होगा। स्नातक डिग्री या उसके बराबर की शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुभव जरूरी है। कंपनी वीसा में मदद करती है, पर हर उम्मीदवार के लिए इसकी गारंटी नहीं है।

चुने गए व्यक्ति को कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ काम करना होगा। भाषण और दूसरे संदेश लिखना, उनमें सुधार करना, नए विचारों पर चर्चा करना और बड़े आयोजनों में मदद करना उसकी प्रमुख जिम्मेदारियां होंगी। अचानक कोई बड़ी घटना हो जाए, तो उसे कंपनी की ओर से सही और असरदार जवाब भी तैयार करना होगा। कंपनी चाहती है कि उसका रिसर्च, बिजनेस और जनहित से जुड़ा काम लोगों को आसानी से समझ में आए। कंपनी ने कम से कम आठ साल का अनुभव मांगा है। यह अनुभव बड़े अधिकारियों के लिए कम्युनिकेशन से जुड़े काम का होना चाहिए। उम्मीदवार में तकनीकी विषयों की अच्छी समझ होनी चाहिए और अनिश्चित हालात में सही फैसला करना आना चाहिए। तेजी से बदलते माहौल में काम करने की क्षमता भी जरूरी है। कंपनी यह भी चाहती है कि उम्मीदवार पहल करे, टीम के साथ मिलकर काम करे और अपनी जानकारियों की सीमाएं पहचाने।

तनख्वाह इतनी मोटी क्यों?

एआई लिख तो देगा, पर कंपनी को दावे परखने के लिए इंसानी समझ चाहिए

एआई मसौदा बना सकता है, लेकिन अधिकारी को क्या कहना चाहिए, किस दावे के पीछे पक्का आधार है और कौन-सा वादा आगे मुसीबत बन सकता है, ये फैसले समझ और अनुभव से होते हैं। इजराइली वेबसाइट सीटीके की रिपोर्ट के मुताबिक, इस भूमिका में अधिकारी की कमजोर दलील पर सवाल उठाना और ऐसे वादों से आगाह करना भी शामिल है, जिन्हें कंपनी पूरा न कर सके। यानी कंपनी को ऐसा साथी चाहिए, जो बात को असरदार बनाने के साथ यह भी परखे कि वह टिकती है या नहीं।

स्थायी सदस्यता

संयुक्त राष्ट्र महासभा में वीटो के सवाल पर आयोजित अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने जो कुछ कहा, वह 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं को ध्वनि देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो साल 2020 में ही संयुक्त राष्ट्र में तार्किक सुधारों पर जोर देते हुए कहा था कि आखिर भारत को कब तक निर्णय लेने की व्यवस्था से अलग रखा जाएगा? अब पर्वतनेनी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बिना 'वीटो पावर' के स्थायी सदस्यता दोयम दर्जे की नागरिकता सरीखी है और भारत को यह कतई मंजूर नहीं। उनकी दलील बिल्कुल सही है कि सभी स्थायी सदस्यों के पास, चाहे वे पुराने हों या नए, समान अधिकार होने चाहिए। इस समय सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्यों- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन को वीटो का अधिकार प्राप्त है और इस शक्ति के कारण ही कोई भी सदस्य देश दूसरे वीटो प्राप्त देश के हितों को सीधे-सीधे चोट पहुंचाने से बचता रहा है। अलबत्ता, ऐतिहासिक तथ्य यह है कि कुछ देशों ने अपने रणनीतिक फायदे के लिए इस शक्ति का बेजा इस्तेमाल किया। वीटो इस्तेमाल की धमकी देकर उन्होंने अपनी बातें मनवाईं। इसलिए पर्वतनेनी ने इन पांचों को सही याद दिलाया कि वीटो का अधिकार एक बड़ी जिम्मेदारी है और संकीर्ण राजनीतिक हित साधने के लिए इसका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी की दलील बिल्कुल सही है कि सभी स्थायी सदस्यों के पास, चाहे वे पुराने हों या नए, समान अधिकार होने चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र को वजूद में आए आठ दशक से अधिक समय हो गए और इसमें सुधार की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस मांग के ठोस आधार हैं, क्योंकि इसके सबसे शक्तिशाली अंग सुरक्षा परिषद में यूरोप को अधिक प्रतिनिधित्व हासिल है। स्थायी सदस्यों में इस महाद्वीप से रूस, फ्रांस और ब्रिटेन तीन सदस्य देश हैं, जबकि अफ्रीका और लातिन अफ्रीका का इसमें शून्य प्रतिनिधित्व है। गौरतलब यह भी है कि जब यह संस्था गठित हुई थी, तब महज 51 देशों ने इसके चार्टर को स्वीकार किया था, जबकि आज इसके सदस्य देशों की संख्या 193 हो चुकी है। ऐसे में, इस विशाल संस्था को अधिक लोकतांत्रिक और भौगोलिक रूप से ज्यादा संतुलित बनाए जाने की आवश्यकता है। पांचों विशेषाधिकार प्राप्त देश मौखिक तौर पर भले सुधारों की पहल को समर्थन देने की बात करते हैं, पर वास्तव में वे नहीं चाहते कि उनके बराबर हैसियत में कोई अन्य देश आए। इसके लिए वे दशकों से कोई न कोई अड़ंगा लगाते रहे हैं।

अब दुनिया काफी बदल चुकी है और एशिया के देश आर्थिक रूप से भी बेहतर प्रदर्शन करने लगे हैं। चूंकि उनकी मांगों की उपेक्षा बहुत दिनों तक मुमकिन नहीं हो सकेगी, इसलिए बिना वीटो शक्ति के स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने का शिगूफा छोड़ा गया। अमेरिका और चीन जैसे ताकतवर देश अपना दबदबा बनाए रखने के लिए पिट्ठू देशों के जरिये विवाद खड़ा करते हैं, ताकि सुधार टलते रहें और वे विशेषाधिकारों का लाभ उठाते रहें। भारत की राह में रोड़े अटकाने के लिए इस्लामाबाद का इस्तेमाल पहले वाशिंगटन ने किया और अब बीजिंग करता है, इसलिए सुधारों का फैसला बहुमत के आधार पर होना चाहिए। चीन को छोड़ दें, तो भारत की स्थायी सदस्यता के दावे की हिमायत दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां करती हैं। भारत न सिर्फ एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति है, बल्कि वह दुनिया का सबसे विशाल लोकतंत्र होने के साथ-साथ विश्व की एक अग्रणी अर्थव्यवस्था भी है। फिर भला वह वीटो रहित सदस्यता क्यों कबूल करे?

न्यायपालिका की प्रतिष्ठा सबसे जरूरी



हरबंश दीक्षित | विधि विशेषज्ञ

न्यायमूर्ति संजय कौल की आने वाली पुस्तक पर छिड़ी बहस ने यह सवाल पैदा किया है कि न्यायिक कार्यकाल के अनुभवों और आंतरिक मतभेदों को कहां तक सार्वजनिक किया जाना चाहिए?



देश के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश रह चुके न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की आने वाली पुस्तक विदाउट फीयर ऑर फेवर से जुड़े कुछ अंशों और खुद उनके साक्षात्कारों ने भारतीय न्यायपालिका की आंतरिक कार्यशैली को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। वह यह कि क्या न्यायपालिका के भीतर के मतभेदों को सार्वजनिक करना संस्थागत पारदर्शिता का हिस्सा है अथवा ऐसा करते समय उस संस्था की प्रतिष्ठा और मर्यादा के प्रति भी विशेष दायित्व निभाया जाना चाहिए?

यह प्रश्न किसी व्यक्ति विशेष या न्यायिक कार्यकाल तक सीमित नहीं है। इसकी जड़ में न्यायपालिका की वह विशिष्ट सांविधानिक स्थिति है, जो उसे लोकतंत्र की अन्य संस्थाओं से अलग पहचान देती है। संसद और सरकार की तरह न्यायपालिका की प्रतिष्ठा का नवीनीकरण चुनावों के जरिये नहीं होता। उसकी सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास है, जिसे प्रत्येक न्यायाधीश को अपने निर्णयों, निष्पक्षता और आचरण से निरंतर अर्जित करना पड़ता है। इसी तरह, न्यायपालिका के प्रति विश्वास में आई दरार का प्रभाव किसी एक न्यायाधीश तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी संस्था की प्रतिष्ठा को प्रभावित करता है, इसलिए न्यायाधीशों से असाधारण संयम और उच्च नैतिक मानकों की अपेक्षा की जाती है।

इसी संदर्भ में पूर्व न्यायाधीशों के सार्वजनिक वक्तव्यों से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाते हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की पुस्तक से संबंधित चर्चा ने इस बहस को नए सिरे से सामने रखा है कि न्यायिक कार्यकाल के अनुभवों और आंतरिक मतभेदों को किस सीमा तक सार्वजनिक किया जाना चाहिए? न्यायपालिका भी मनुष्यों से बनी संस्था है। उसमें मतभेद होना स्वाभाविक है। न्यायिक नियुक्तियों, प्रशासनिक निर्णयों और प्रधान न्यायाधीशों की कार्यशैली पर अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं। इन मतभेदों को स्वीकार करना लोकतांत्रिक और संस्थागत परिपक्वता का संकेत है, लेकिन असहमति व्यक्त करने के अधिकार के साथ उसके तरीके और प्रभाव की जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है।

पूर्व न्यायाधीशों के अनुभव देश-समाज के लिए उपयोगी हो सकते हैं। संसदगणों और साक्षात्कारों के माध्यम से न्यायिक इतिहास के ऐसे पहलू सामने आ सकते हैं, जिनसे संस्थागत सुधार का मार्ग प्रशस्त हो, किंतु जब संवेदनशील घटनाओं का उल्लेख सार्वजनिक मंचों पर होता है, तब उनके शब्दों का प्रभाव केवल संबंधित व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता। आम नागरिक उन वक्तव्यों को न्यायपालिका की आंतरिक वास्तविकता का प्रमाण मान सकता है। यदि वाक्यांश अधूरे संदर्भों में प्रसारित हों, तब न्यायपालिका के प्रति अविश्वास पैदा होने की आशंका बढ़ जाती है।

भारतीय न्यायिक इतिहास में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को विभिन्न कालखंडों में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। वर्ष 1973 में केशवानंद भारती मामले के निर्णय के बाद तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की उपेक्षा करके न्यायमूर्ति ए एन रे को देश का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति को न्यायिक स्वतंत्रता और वरिष्ठता की परंपरा के संदर्भ में विवादास्पद माना गया। आपातकाल के दौरान 1976 में एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला मामले में सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत के निर्णय की व्यापक आलोचना हुई, जबकि न्यायमूर्ति एच आर खन्ना का असहमति वाला निर्णय सांविधानिक साहस का ऐतिहासिक उदाहरण बन गया।

न्यायाधीशों का सामाजिक आचरण भी इस कसौटी पर परखा जाना चाहिए। किसी निजी आयोजन में राजनेताओं की उपस्थिति अपने आप में अनुचित आचरण का प्रमाण नहीं है, किंतु संवेदनशील व्यक्ति या सरकार के हितों से जुड़े मामले यदि न्यायाधीश के समक्ष लंबित हों, तब ऐसी निकटता का सार्वजनिक प्रदर्शन जनमानस में संदेह उत्पन्न कर सकता है। न्याय में निष्पक्षता का होना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी उसका निष्पक्ष दिखाई देना भी है।

इसीलिए प्रभावी न्यायिक आचार-संहिता की आवश्यकता पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने सन् 1997 में 'रीस्टेटमेंट ऑफ वैल्यूज ऑफ ज्यूडिशियल लाइफ' के रूप में न्यायिक जीवन के मूल्यों संबंधी सिद्धांत स्वीकार किए थे। अब आवश्यकता है कि मौजूदा मानकों को अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनाया जाए। न्यायाधीशों के राजनीतिक व्यक्तियों से संपर्क, हितों के टकराव, सार्वजनिक वक्तव्यों, न्यायिक गोपनीयता और सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी पद स्वीकार करने जैसे विषयों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश होने चाहिए।

पूर्व न्यायाधीशों के संस्मरणों और सार्वजनिक वक्तव्यों के संबंध में भी ऐसे नैतिक मानक विकसित किए जा सकते हैं, जो तथ्यात्मक शुद्धता, संदर्भ की पूर्णता और संस्थागत मर्यादा को प्रोत्साहित करें। साथ ही, गंभीर अनियमितताओं को उजागर करने के लिए विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध हों। ऐसी संहिता का उद्देश्य न्यायिक स्वतंत्रता को सीमित करना या आलोचना को दबाना नहीं हो, बल्कि यह सुनिश्चित करना हो कि सत्य सामने आए, जवाबदेही निर्धारित हो और संस्था की प्रतिष्ठा दांव पर न लगे।

न्यायपालिका की गरिमा किसी एक न्यायाधीश की निजी संपत्ति नहीं है। यह न्यायाधीशों की निष्ठा, निर्भीकता और सांविधानिक प्रतिबद्धता से अर्जित सामूहिक धरोहर है। इस धरोहर की रक्षा करना वर्तमान न्यायाधीशों की संस्थागत जिम्मेदारी है और पूर्व न्यायाधीशों का नैतिक दायित्व। जिस संस्था ने किसी व्यक्ति को प्रतिष्ठा के शिखर तक पहुंचाया हो, उसके प्रति संयम और जिम्मेदारी बरतना हर न्यायाधीश पर 'नैतिक ऋण' है। इस ऋण का अर्थ मौन रहना अथवा गलतियों पर परदा डालना नहीं, बल्कि सत्य को प्रमाण के साथ, आलोचना को मर्यादा के साथ और सुधार की मांग को संस्थागत निष्ठा के साथ प्रस्तुत करना है।

न्यायाधीशों के लिए आचरण की लक्ष्मण-रेखा अनिवार्य है। जिस तरह संविधान ने उन्हें राजनीतिक दबाव से सुरक्षित रखने की व्यवस्था की है, उसी तरह वह उनसे उच्चतम नैतिक आचरण की अपेक्षा करता है। न्यायपालिका की प्रतिष्ठा की रक्षा किसी व्यक्ति का उपकार नहीं, बल्कि उस सांविधानिक व्यवस्था के प्रति दायित्व है, जिस पर करोड़ों नागरिक अपने अधिकारों और न्याय की आशा के लिए भरोसा करते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

चुनौतियां दूर होने के बाद ही दौड़ेंगी एथेनॉल गाड़ियां



नरेंद्र तनेजा | पेट्रोलियम विशेषज्ञ

सौ फीसदी एथेनॉल वाले ईंधन को मंजूरी देने का केंद्र सरकार का फैसला विवेचना की मांग करता है। इस ईंधन में पेट्रोल नहीं होता, जिसका मतलब है, गाड़ियां 'हाइड्रो-कार्बन' से नहीं, बल्कि 'बायो फ्यूल' से चलेंगी। निश्चय ही, ई-100 ईंधन वाली गाड़ियों को मंजूरी देने का रास्ता अब साफ हो गया है, मगर इस ईंधन की आर्थिक, पर्यावरणीय व कृषि संबंधी कीमत का विश्लेषण करने पर तस्वीर का दूसरा पक्ष नजर आता है, जो चुनौतीपूर्ण है।

पहले इससे होने वाले फायदों की चर्चा। पहला लाभ, यह पेट्रोल या डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाता है, लगभग न के बराबर। नतीजतन, जो लोग आबोहवा की बेहतरी चाहते हैं, वे ई-100 गाड़ियां खरीदने को उत्सुक हो सकते हैं। दूसरा, चूंकि सरकार इसे प्रोत्साहित कर रही है, इसलिए मुमकिन है कि इसकी कीमतें पेट्रोल से कम होंगी, यानी इससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार कम पड़ेगा। तीसरा, इससे हमारा आयात बिल कम हो जाएगा, क्योंकि जरूरत का करीब 85 फीसदी तेल हम दूसरे देशों से खरीदते हैं। और चौथा, इस ईंधन के लिए खास गाड़ियों की दरकार होगी, इसलिए ई-100 गाड़ियों के शोध व विकास मद में नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। भारत में इंजन गाड़ियों का बड़ा बाजार भी खड़ा हो सकता है, जिससे अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। फिर भी, कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाए बिना यह ईंधन शायद ही देश में अपनी जगह बना पाए।

सौ फीसदी एथेनॉल वाले ईंधन की आर्थिक, पर्यावरणीय और कृषि लागत का विश्लेषण करने पर तस्वीर का दूसरा पक्ष दिखता है।

पहली चुनौती। एथेनॉल मुख्यतः गन्ना, चावल और मक्का से बनाया जाता है, जबकि गन्ना व चावल के उत्पादन में पानी की बहुत खपत होती है। आंकड़े तो यह भी बताते हैं कि अकेले पंजाब में, जो पहले गेहूं उत्पादन पर जोर देता था, 1970 के दशक में धान की पैदावार बढ़ाने की नीति अपनाने के बाद पानी की किल्लत होने लगी। इसका अर्थ है कि एथेनॉल की कृषि-लागत की अनदेखी खतरनाक हो सकती है। दूसरी, एथेनॉल जहां बनता है, वह भी एक तरह की रिफाइनरी होती है। वहां से ईंधन की ढुलाई के लिए विशेष व्यवस्था करनी होगी। इसी तरह, पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल के अलावा अलग पंप लगाने होंगे या फिर अलग से एथेनॉल पंप खोलने होंगे। दोनों ही सूरत में अच्छी-खासी लागत आएगी। तीसरी चुनौती गाड़ी-निर्माताओं को पेश आएगी। उन्हें ऐसी गाड़ियां बनानी होंगी, जो शत-प्रतिशत एथेनॉल से चलें। इसके लिए जरूरी ढांचा खड़ा करने में जुटे हैं। फिर भी, इस ईंधन पर आगे बढ़ा गया है, जबकि पेट्रोल में एक सीमा तक ही एथेनॉल की मिलावट लोग स्वीकार कर सके थे।

जब भी एथेनॉल की चर्चा की जाती है, तो ब्राजील का उदाहरण पेश किया जाता है। ब्राजील इसका दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जहां सालाना लगभग 36.83 अरब लीटर एथेनॉल बनाया जा रहा है। इस देश की आबादी उत्तर प्रदेश से भी कम है, जबकि क्षेत्रफल भारत से तीन गुना ज्यादा। इसलिए, वह एथेनॉल की लागत से उस तरह प्रभावित नहीं हो रहा, जिस तरह भारत हो सकता है। फिर, भारतीयों में आर्थिक साक्षरता का भी अभाव है। लिहाजा, बेहतर यही होता कि सरकार इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की ओर ही कदम तेज करती। न्यून पर्यावरणीय व कृषि नुकसान को देखते हुए उसे ही भारत का 'भविष्य का ईंधन' बनाना गलत नहीं होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

हिन्दुस्तान 75 साल पहले 28 अक्तूबर, 1951

कांग्रेस में चुनाव-चर्चा

इस समय भारतीय राजनीतिक क्षेत्र प्रधानतः चुनाव-चर्चा से गूंज रहा है। कांग्रेस-अधिवेशन में नेहरूजी ने कांग्रेसजनों के दिमाग में यह बुनियादी बात जमाने का प्रयत्न किया कि चुनाव ही सब-कुछ नहीं है और कांग्रेस की वास्तविक विजय तो उसके सिद्धान्तों की विजय है। नेहरूजी में साफ-साफ कहा था कि कांग्रेस के सौ कामों में चुनाव तो एक काम है न कि निन्यानवे लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेसजन चुनावों को ही सर्वोपरि समझने लगे हैं। यदि यह बात न होती तो कांग्रेस टिकटों की प्राप्ति के लिए छीना-झपटी न दिखाई देती। बिहार, उत्तर प्रदेश तथा पंजाब से इस संबंध में जो समाचार मिल रहे हैं वे कांग्रेस की एकता के लिए तो हानिकर हैं ही। साथ ही भावी चुनावों में उनसे कांग्रेस-पक्ष के लिए कठिनाइयां भी उपस्थित हो सकती हैं।

बिहार में कांग्रेसी उम्मीदवारों की नामावलि के बारे में श्री श्रीकृष्ण सिंह तथा श्री अनुग्रह नारायण सिंह के गुटों के बीच भारी मतभेद पैदा हो गया है। हाल में नई दिल्ली में दोनों पक्षों के समर्थकों की बैठकें भी हुईं। इस प्रसंग में खेदपूर्ण बात यह है कि करीब 1000 कांग्रेसजन केन्द्रीय चुनाव बोर्ड को प्रभावित करने के लिए अपना काम-काज छोड़ कर दिल्ली जायें। यदि दोनों पक्षों में कोई समझौता न हुआ तो केन्द्रीय बोर्ड स्वयं निर्णय देने के लिए विवश हो जायेगा।

पंजाब की स्थिति तो और भी पेचीदा नजर आ रही है। भार्गव तथा सच्चर गुटों में पहले जो एकता स्थापित की गई थी उसमें फिर एक दरार दिखाई देने लगी है। कांग्रेस उच्च सत्ता ने पंजाब चुनाव-बोर्ड को निर्देश दिया था कि वह कांग्रेस उम्मीदवारों की नामावलि तैयार करते समय भार्गव गुट का भी ध्यान रखें। पहले तो कार्य ठीक चलता रहा परन्तु जब बोर्ड ने यह कहा कि साथी सदस्य विचार-विमर्श के लिए उसके साथ बैठ सकते हैं परन्तु अन्तिम सिफारिशें बोर्ड ही करेगा तो स्थिति बिगड़ गई। इस पर भार्गव गुट ने फैसला किया कि वह न तो अपने उम्मीदवारों की नामावलि पेश करेगा और न बोर्ड की बैठक में भाग लेगा। डा. भार्गव ने बोर्ड को यह भी लिखा कि वह प्रत्येक उम्मीदवार के बारे में आवश्यक व उचित कागजात पेश करे।... पहले तो बोर्ड ने यह बात स्वीकार न की लेकिन श्री गुलजारीलाल नन्दा के बीच-बचाव से गत्यवरोध के दूर होने की आशा दिखाई दे रही है।

मनसा वाचा कर्मणा

कर्म को साधना बनाएं

मनुष्य जीवन कर्म के बिना संभव नहीं है। सोचना, बोलना, चलना, काम करना और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना, ये सभी कर्म के अलग-अलग रूप हैं, पर क्या कर्म केवल शारीरिक गतिविधियों तक सीमित है? उसका वास्तविक स्वरूप क्या है और उसके पीछे कौन-सी शक्ति काम करती है? कर्म-संन्यास और पराभक्ति का दर्शन इन्हीं प्रश्नों के माध्यम से कर्म के गहरे आध्यात्मिक अर्थ को समझने का अवसर देता है।

सामान्य अर्थ में वस्तुओं की स्थिति में होने वाले सापेक्ष परिवर्तन को कर्म कहा जाता है। यह परिवर्तन समय, स्थान और व्यक्ति के संदर्भ में ही संभव है। कोई व्यक्ति एक कार्य से दूसरे कार्य की ओर बढ़ता है या किसी परिस्थिति में बदलाव आता है, तो इन सबके पीछे समय, स्थान और कर्ता की भूमिका होती है। इस प्रकार कर्म का पूरा क्षेत्र इन तीन कारकों से बंधा हुआ है, पर परम-सत्ता इन सीमाओं से परे है। वह परिवर्तनशील संसार की तरह समय, स्थान और व्यक्ति सापेक्ष अस्तित्व नहीं रखती। इसलिए उसके संदर्भ में कर्म को सामान्य गतिविधि के अर्थ में नहीं समझा जा सकता।

'संन्यास' शब्द का संबंध सम्यग् सत् और न्यास से माना गया है। यहां सत् का आशय उस अपरिवर्तनशील सत्ता से है, जो सदा विद्यमान रहती है। इस दृष्टि से संन्यास का अर्थ है, स्वयं को उस शाश्वत सत्ता के साथ एकाकार करना। कर्म-संन्यास को लेकर अलग-अलग धारणाएं हैं। कुछ लोग इसे पूरी तरह कर्म छोड़ देने के अर्थ में लेते हैं। कुछ के अनुसार, इसका आशय किसी कार्य को पूर्णता तक पहुंचाना है। वहीं, एक दृष्टिकोण मानता है कि कर्म के जरिये परम चेतना के साथ एकत्व स्थापित करना ही कर्म-संन्यास का असल अर्थ है।

इस विचार के अनुसार, कर्म-संन्यास केवल निष्क्रिय हो जाने या किसी उपलब्धि को हासिल कर लेने का नाम नहीं है। यह चेतना की ऐसी अवस्था है, जिसमें व्यक्ति समय, स्थान और अपने व्यक्तिगत अस्तित्व की सीमाओं से ऊपर उठकर परम-सत्ता से संबंध स्थापित करता है। समय का संबंध शाश्वत सत्ता से, स्थान का संबंध सर्वव्यापक सत्ता से और व्यक्ति का संबंध परम आश्रय से जुड़ता है। इस प्रकार कर्म-संन्यास

जब मनुष्य कार्यों को अहंकार, स्वार्थ और निजी उपलब्धियों से ऊपर उठाकर परम-सत्ता की ओर उन्मुख करता है, तब कर्म उसके लिए आध्यात्मिक साधना का माध्यम बन सकता है।

आध्यात्मिक पूर्णता की अवस्था है।

कर्म-संन्यास दर्शन का मूल संदेश यह है कि कर्म को केवल बाहरी गतिविधि तक सीमित करके नहीं देखना चाहिए। जब मनुष्य अपने कार्यों को अहंकार, स्वार्थ और निजी उपलब्धियों से ऊपर उठाकर परम-सत्ता की ओर उन्मुख करता है, तब कर्म उसके लिए आध्यात्मिक साधना का माध्यम बन सकता है। इस प्रकार कर्म-संन्यास का आशय संसार से भागना नहीं, बल्कि कर्म के पीछे छिपे व्यापक सत्य को पहचानना है।

श्रीश्री आनंदमूर्ति

एंटोनियो गुटेरस | संयुक्त राष्ट्र महासचिव



अपने ज्ञान, ऊर्जा और रचनात्मक क्षमता से दुनिया भर के युवा मुझे बहुत उम्मीदें देते हैं। समाज को युवाओं की शिक्षा, उनके लिए सम्मानजनक काम और फैसलों में उनकी भागीदारी को लेकर सजग रहना चाहिए।

चीन को मुंहतोड़ जवाब देना होगा

भले ही हमारे हुक्मरान नहीं मान रहे हों, लेकिन लगता यही है कि अरुणाचल प्रदेश में चीन की दखलंदाजी बढ़ गई है। इसको अनदेखा नहीं करना चाहिए। आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के हालिया खुलासे पर गंभीर चिंतन अनिवार्य है, साथ ही सतर्कता की भी दरकार है। जब पानी सिर तक आ जाएगा, तब स्थिति न केवल भयावह हो जाएगी, बल्कि संभाले न संभल सकेगी। फिर, सच भी यही है कि चीन कई मामलों में हमसे अधिक साधन-संपन्न और मजबूत है। वह अत्याधुनिक हथियारों के निर्माण के मामले में भी हमसे इक्कीस है। हमारी सेना निस्संदेह अपना दम-खम, शौर्य व पराक्रम दिखाने में पीछे नहीं रहती और वह हमेशा चीन को मुंह तोड़ जवाब देगी, लेकिन अत्याधुनिक हथियारों के सामने हमारे परंपरागत हथियार कितना दम भर सकते हैं, यह सोचने का मामला है। आईटीबीपी के महानिदेशक भी कमोबेश इसी ओर इशारा कर रहे थे, जिनकी बातों का कुछ नेताओं ने गलत अर्थ निकाला। अब जरूरत यही है कि न केवल चीन की इस हरकत को गंभीरता से लेते हुए ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाए, बल्कि भारतीय नागरिकों को भी चीनी उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए, ताकि चीन को भारत का महत्व पता चल सके। यह बदीश नहीं किया जा सकता कि चीन हमसे अपनी जेबें भरे और हमारी जमीन पर कब्जा भी करे।


हेमा हरि उपाध्याय, टिप्पणीकार

आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने जब भारत-चीन सीमा पर तनाव और सैनिकों के आमने-सामने आने की बात कही, तो मुझे अपनी यात्रा याद आ गई। भारत-चीन सीमा से लौटे करीब दो सप्ताह हो गए हैं, अरुणाचल प्रदेश के बुमला पास और चूमी ज्ञाती में जो देखा, उसने सीमा को लेकर मेरी सोच बदल दी। चीन की तरफ बनी चौड़ी सड़कें, निगरानी के आधुनिक उपकरण और हर गतिविधि पर नजर रखने की तैयारी देखकर समझ आया कि सीमा पर मुकाबला केवल सैनिकों का नहीं है। यहां सड़क, तकनीक और संसाधनों की भी बड़ी भूमिका है। उनकी बात सुनकर लगा कि सीमा पर जो चौकसी और गंभीरता मैंने महसूस की थी, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सीमा पर तैनात जवानों से बातचीत में भी पता चला कि वहां आने-जाने वाले लोगों और गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। वहां एक घटना मेरे लिए यादगार बन गई। सीमा के पास खड़े होकर मैंने अपना मोबाइल फोन देखा, तो उसमें चीन का समय दिखाई दे रहा था। उस पल मैं खड़ा तो भारत की जमीन पर था, लेकिन मेरे फोन पर दूसरे देश का समय चल रहा था।

शिवांग पांडेय, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

अरुणाचल विवाद



सरकार बखूबी कर रही सीमा सुरक्षा

चीन के साथ लगी भारतीय सीमा की सुरक्षा देश की सामरिक प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की सैन्य गतिविधियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार और सीमा क्षेत्रों में उसकी बढ़ती सक्रियता को देखते हुए, भारत भी अपनी सुरक्षा-व्यवस्था मजबूत कर रहा है। इसके लिए सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की तैनाती बढ़ाने से लेकर सड़कों, पुलों, सुरंगों और निगरानी प्रणालियों के विकास तक कई स्तरों पर काम हो रहा है। गलवान घाटी में जून 2020 के संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया था कि सीमा पर सतर्कता, त्वरित सैन्य प्रतिक्रिया और मजबूत बुनियादी ढांचा कितना आवश्यक है। आईटीबीपी के महानिदेशक का बयान इसीलिए गले नहीं उतरता, क्योंकि गलवान जैसी घटनाओं को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, और जरूरत पड़ने पर चीन को करारा जवाब भी दिया जा रहा है।

आईटीबीपी प्रमुख ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों के साथ कई स्थानों पर आमने-सामने की स्थिति बने रहने की जानकारी दी, पर उन्होंने विशेष रूप से प्रशिक्षित शौर्य कमांडो के प्रदर्शन की सराहना की। यह बयान बताता है कि सीमा सुरक्षा केवल सैनिकों की तैनाती तक सीमित नहीं है, बल्कि बदलती युद्धक परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण और तकनीकी क्षमता बढ़ाना भी जरूरी है। अच्छी बात है कि इस दिशा में लगातार काम हो रहा है। इसी तरह, सीमा सुरक्षा में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसके लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) दुर्गम क्षेत्रों में सड़कें, पुल और सुरंगें बना रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर सैनिकों, हथियारों और रसद को तेजी से पहुंचाया जा सके। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे क्षेत्रों में हर मौसम में संपर्क बनाए रखना महत्वपूर्ण है। गृह मंत्रालय की सीमा अवसंरचना एवं प्रबंधन योजना के तहत वर्ष 2021-22 से 2025-26 के लिए 13,020 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था।

सरकार ने सीमावर्ती गांवों के विकास पर भी ध्यान दिया है। वर्ष 2023 में शुरू किए गए 'वाइब्रेंट विलेजेज' कार्यक्रम के पहले चरण के लिए 4,800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके तहत सड़क, बिजली, दूरसंचार और आजीविका सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य पलायन रोकना और स्थानीय आबादी को सीमा सुरक्षा में सहयोगी बनाना है। साफ है, भारत केवल सैन्य तैयारियों से नहीं, बल्कि वास्तविक नियंत्रण रेखा की बेहतर समझ विकसित करके भी समस्या का समाधान कर रहा है।

अमृतेश कुमार, टिप्पणीकार

देह के अंदर दवाओं की खोज

शरीर कोशिकाओं से बना है और उसमें असंख्य सूक्ष्मजीव रहते हैं। सूक्ष्मजीव या जीवाणु अच्छे भी हैं और बुरे भी। हम जानते हैं कि हमारा शरीर बीमारियों का घर बनने से बचने के लिए अंदर ही अंदर विषाणुओं से लड़ता रहता है। इसी आधार पर शोध करते हुए आगे बढ़ रहे चिकित्सा वैज्ञानिकों का मानना है कि अनेक बीमारियों की दवा शरीर के अंदर मौजूद है। ऐसे में, खासकर मानव आंत में कारगर दवाओं की तलाश जारी है। पेश है बिनायक दासगुप्ता और रिद्धिमा कौल की रिपोर्ट...

लगभग एक सदी में चिकित्सा जगत ने अपनी कुछ सबसे महत्वपूर्ण दवाएं माइक्रोब्स या सूक्ष्मजीवों से प्राप्त की हैं। यह क्रम आज भी जारी है और हमेशा जारी रहेगा। यहां बड़ी खुशखबरी यह है कि अब हम इंसान अपनी आंत में ही गंभीर बीमारियों का इलाज या दवा खोजने लगे हैं।

इतिहास गवाह है, घातक बीमारी निमोनिया की दवा पेनिसिलिन एक फफूंद से तैयार की गई थी और पहली स्टैटिन दवा 1970 के दशक में कवक से निकाली गई थी। फेफड़ों को घातक संक्रमण से बचाने के लिए आज पेनिसिलिन का खूब प्रयोग हो रहा है और स्टैटिन का सेवन कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाली दवा के रूप में दुनिया में करोड़ों लोग कर रहे हैं। पिछले एक साल में हुए अनेक वैज्ञानिक अध्ययनों से दवा आंके के एक अलग ही स्रोत का पता चलने लगा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों को पूरा भरोसा है कि मानव आंत में रहने वाले जीवाणु औषधियों का खजाना सिद्ध हो सकते हैं।

यदि आंत का कोई जीवाणु ऐसा अणु बनाता है, जो हृदय, लिवर, मस्तिष्क या रोग प्रतिरक्षा प्रणाली पर कार्य करता है, तो वह अणु एक संभावित दवा है। यह जीवाणु संभवतः स्वयं में ही एक दवा है। शोधकर्ताओं ने अब आंत में रहने वाले विशिष्ट जीवाणुओं को कोलेस्ट्रॉल, उम्र के साथ स्मृतिहीनता और कैंसर प्रतिरक्षा चिकित्सा की प्रतिक्रिया से जोड़ दिया है। गौर करने की बात है, चूहों पर किए गए प्रयोग सफल हुए हैं।

मानव आंत में अपने आप बनता है दवा स्टैटिन जैसा एक प्रभावी अणु

सन यात-सेन विश्वविद्यालय, शेन्ज़ेन की एक टीम द्वारा 7 अक्तूबर को नेचर में प्रकाशित नवीनतम शोध, बैक्टेरॉइड्स यूनिफार्मिस नामक एक ऐसे जीवाणु से संबंधित है, जो अधिकांश मानव आंतों में आमतौर पर पाया जाता है। यह जीवाणु पेंटाडेकानोइक एसिड बनाता है, जो एचएमजी-सीओए रिडक्टेस लिवर का वह एंज़ाइम है, जो मानव शरीर में कोलेस्ट्रॉल बनाता है। इस प्रक्रिया को स्टैटिन जैसी दवा अवरुद्ध करती है। लिवर की कोशिकाएं अपनी सतह पर अधिक एलडीएल रिसेप्टर्स बनाकर प्रतिक्रिया करती हैं, और ये रिसेप्टर्स एलडीएल या खराब कोलेस्ट्रॉल को रक्त से बाहर निकाल देते हैं।

धमनियों की दीवारों में वसायुक्त प्लाक (एथेरोस्क्लेरोसिस) विकसित करने के लिए कृत्रिम रूप से तैयार किए गए चूहों में, जीवित जीवाणु ने प्लाक को लगभग एक तिहाई तक सिकोड़ दिया, और एसिड ने अकेले ही इसे आधा कर दिया। 200 से अधिक दाताओं के रक्त और मल में, उच्च रक्त वसा वाले लोगों में एसिड की मात्रा कम थी, और हृदय रोग वाले लोगों में इसे बनाने वाले जीवाणु जीन की संख्या कम थी।

गौर करने की बात है, स्टैटिन दवा पहले से ही इसी तरह काम करती है। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एम्स) में कार्डियोलॉजी के प्रोफेसर डॉक्टर अंबुज रॉय बताते हैं कि लोग नियमित रूप से दवाओं का सेवन नहीं करते हैं। ऐसे आंकड़े हैं, जो दिखाते हैं कि जिन लोगों को स्टैटिन दवा लेनी चाहिए, उनमें से केवल 20 प्रतिशत ही लंबे समय तक स्टैटिन लेते हैं। तथ्य यह भी है कि स्टैटिन दवा एक निश्चित सीमा से आगे कारगर ढंग से काम नहीं कर पाती है। ऐसे में, यह जरूरी हो जाता है कि स्टैटिन के आसान विकल्पों की खोज हो और वैज्ञानिक इसी काम में जुटे हैं।

बढ़ती उम्र में आंत के साथ ही कमजोर पड़ने लगती है याददाश्त

केवल कोलेस्ट्रॉल पर किया गया शोध ही इस बात का पहला संकेत नहीं है कि कुछ बीमारियों का समाधान इंसानों की आंत में छिपा हो सकता है। मार्च में, स्टैनफोर्ड मेडिसिन और आर्क इंस्टीट्यूट की एक टीम ने आंत से मस्तिष्क तक इसी तरह की एक कड़ी का पता लगाया और नेचर पत्रिका में बताया कि बूढ़े चूहों में पैराबैक्टेरॉइड्स गोल्डस्टेनी नामक जीवाणु की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वृद्धि का संबंध मध्यम-श्रृंखला वसा अम्लों से है, जो आंत की दीवार में प्रतिरक्षा कोशिकाओं में सूजन पैदा करते हैं। यह सूजन मस्तिष्क तक जाने वाली वेगस तंत्रिका के संकेतों को कमजोर करती है और मस्तिष्क के हिस्से हिप्पोकैंपस में गतिविधियों को कम करती है, जहां यादें बनती और रहती हैं।

स्टैनफोर्ड के प्रमुख शोध लेखक क्रिस्टोफ थाइस बताते हैं कि स्मृति में गिरावट की समयरेखा जन्मजात नहीं होती है। यह किसी-किसी मानव शरीर में धीरे-धीरे विकसित होती है। वैज्ञानिक अभी स्मृतिलोप की रामबाण दवा खोजने में कामयाब नहीं हुए हैं, लेकिन संभावना दिखने लगी है कि ऐसी एक पुख्ता दवा की खोज आंतों में की जा सकती है।

कैंसर जैसे महारोग की कारगर दवा खोजने में लगे चिकित्सा वैज्ञानिक

हृदय और यादाश्त पर हुए प्रयोग चूहों पर आधारित हैं, लेकिन कैंसर के उपचार में आंतों का प्रभाव पहले ही मरीजों पर परखा जा चुका है। जनवरी में नेचर मेडिसिन में प्रकाशित एक परीक्षण में, शोधकर्ताओं ने इम्यूनोथेरेपी के साथ-साथ जांचे गए दाता के मल से बने कैप्सूल मरीजों को दिए। फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित 20 लोगों में से 80 प्रतिशत ने प्रतिक्रिया दी, जबकि अकेले इम्यूनोथेरेपी से आमतौर पर 39-45 प्रतिशत प्रतिक्रिया मिलती है। मेलेनोमा से पीड़ित 20 लोगों में से 75 प्रतिशत ने प्रतिक्रिया दी, जबकि आमतौर पर 50-58 प्रतिशत प्रतिक्रिया मिलती है। हालांकि, इस परीक्षण में कोई तुलनात्मक समूह नहीं था। हां, इसमें आगे की जांच-पड़ताल कनाडा में हो रही है, जिसमें कैंसर की किसी नई दवा के विकास की संभावना है।

कैंसर उपचार में ऐसी दवा या कैप्सूल का विकास जरूरी है। संभव है कि कैंसर के इलाज में मानव शरीर का कोई एक जीवाणु नहीं, बल्कि जीवाणुओं का एक प्रभावी मिश्रण सफल हो सकता है। दिल्ली के एम्स में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के प्रोफेसर डॉक्टर गोविंद मखारिया का उम्मीद है कि औषधीय मिश्रण सामान्य हो जाएंगे। एक अकेला जीवाणु आमतौर पर काम नहीं करता है; यह जीवाणुओं का एक विशेष मिश्रण होना चाहिए।

भारतीयों की आंत पर भी हो रहा है अलग से वैज्ञानिक अध्ययन

डॉक्टर मखारिया बताते हैं कि वी. यूनिफॉर्मिस जन्मजात नहीं होती है। वैज्ञानिक अभी स्मृतिलोप की रामबाण दवा खोजने में कामयाब नहीं हुए हैं, लेकिन संभावना दिखने लगी है कि ऐसी एक पुख्ता दवा की खोज आंतों में की जा सकती है।

कैंसर उपचार में ऐसी दवा या कैप्सूल का विकास जरूरी है। संभव है कि कैंसर के इलाज में मानव शरीर का कोई एक जीवाणु नहीं, बल्कि जीवाणुओं का एक प्रभावी मिश्रण सफल हो सकता है। दिल्ली के एम्स में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के प्रोफेसर डॉक्टर गोविंद मखारिया का उम्मीद है कि औषधीय मिश्रण सामान्य हो जाएंगे। एक अकेला जीवाणु आमतौर पर काम नहीं करता है; यह जीवाणुओं का एक विशेष मिश्रण होना चाहिए।

भारतीयों की आंत पर भी हो रहा है अलग से वैज्ञानिक अध्ययन

डॉक्टर मखारिया बताते हैं कि वी. यूनिफॉर्मिस लगभग हर इंसान की आंत में मौजूद होता है, जिनमें भारतीयों की आंतें भी शामिल हैं। हालांकि, अमरत में पुणे स्थित राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र के शोधकर्ताओं ने आठ आदिवासी समुदायों में आंत के बैक्टीरिया की 14 नई प्रजातियां पाईं और पाया कि भारतीय कोशिका श्रृंखला या उपभेद आनुवंशिक रूप से पश्चिमी उपभेदों से अलग हैं। क्या भारतीय वी. यूनिफॉर्मिस उतना ही पेंटाडेकानोइक एसिड बनाता है? इसका आकलन अभी आगे होना है।

कोलेस्ट्रॉल संबंधी निष्कर्ष के बारे में डॉक्टर अंबुज रॉय बताते हैं कि वह अब मनुष्यों पर किए जा रहे अध्ययनों का इंतजार कर रहे हैं।

पेट में मौजूद कुछ जीवाणुओं से नई उम्मीदों का आगाज

हमारे शरीर में रहने वाले जीवाणु या सूक्ष्मजीव हमेशा हमें बीमार नहीं करते हैं। हमारी आंतों में बैक्टीरिया की सही मात्रा हमें स्वस्थ बना सकती है और यहां तक कि बीमारियों को ठीक भी कर सकती है। वैज्ञानिक अब हमारी आंतों में मौजूद बैक्टीरिया को प्रशिक्षित या निर्मित करेंगे, ताकि नई दवाओं का विकास हो, जो हमें बीमार होने पर स्वस्थ कर सकें। यदि यह प्रयोग सफल हो गया, तो बैक्टीरिया का उपयोग अधिकांश बीमारियों से लड़ने और पारंपरिक दवाइयों के रूप में हो सकेगा।

इस पूरे शोध को सहजता से अगर हम समझें, तो शरीर में मौजूद बुरे सूक्ष्मजीवों से लड़ने के लिए शरीर में ही मौजूद अच्छे सूक्ष्मजीवों के उपयोग का विचार नया नहीं है। इंसानी शरीर में मौजूद जीवाणु समुदाय या माइक्रोबायोम पर वर्षों से चल रहा शोध स्वस्थ आंतों के महत्व पर केंद्रित रहा है। आंतों को सेहतमंद बनाने के प्रयास के तहत ही शोधकर्ताओं ने दुग्ध उत्पादों में प्रोबायोटिक्स के साथ कामयाब प्रयोग किए हैं। बीमारी के अधिक गंभीर मामलों में स्वस्थ आंतों वाले दाताओं से आंतों के ऊतक लेकर बीमार मरीजों में प्रत्यारोपित किया गया है। चिकित्सा की यह विधि सफल होने लगी है।

एक नया चिकित्सा विज्ञान खड़ा हो रहा है। इसके पीछे का मूल विचार किसी बीमारी का इलाज ठीक उसी तरह करना है, जैसे शरीर स्वयं करता है। यदि शरीर किसी बीमारी, जैसे मधुमेह, पर प्रतिक्रिया करता है, तो वह शरीर में कुछ संकेतों के जवाब में इंसुलिन पैदा करता है, जिससे रक्त शर्करा का स्तर कम हो जाता है। हम बैक्टीरिया के साथ भी ऐसा ही कर सकते हैं, क्योंकि हम उन्हें उसी तरह के संकेतों पर प्रतिक्रिया करने और शरीर के समान अणुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार कर सकते हैं।

इस चिकित्सा विधि से कई बीमारियों का इलाज संभव है। बैक्टीरिया में बदलाव करके शोधकर्ता उन्हें व्यक्तिगत स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए अनुकूलित कर सकते हैं। शोधकर्ता यह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि बैक्टीरिया केवल एक व्यक्ति की आंतों में ही रहें और दूसरों में न फैलें। निस्संदेह, मानव शरीर के हित में जीवाणुओं पर पूर्ण नियंत्रण आवश्यक है। इस चिकित्सा विधि को हर तरह से सुरक्षित बनाते हुए आगे बढ़ना होगा।


Hindustan Times



आंत के जीवाणुओं के पास औषधियों का खजाना

पेट से होकर गुजरती है हृदय और मस्तिष्क के रोगी या निरोगी होने की राह

मानव आंतों के कुछ जीवाणु ऐसे अणु बनाते हैं, जो रक्त में प्रवेश करते हैं और अन्य अंगों तक राहत बनकर पहुंचते हैं। ये जीवाणु ठीक उसी तरह काम करते हैं, जैसे दवाएं करती हैं। मानव आंत में अनेक अच्छे जीवाणु मौजूद हैं, जिनकी मदद से सामान्य से लेकर गंभीर बीमारियों तक प्रभावी दवा बनाई जा सकती है। हृदय रोग, मस्तिष्क रोग के साथ, कैंसर भी महामारी की तरह बढ़ रहा है। इन तीनों बड़े रोगों का इलाज आंतों के सहारे संभव हो सकता है।




इंसानी आंत में कोलेस्ट्रॉल की दवा स्टैटिन जैसी व्यवस्था

1 पेंटाडेकानोइक एसिड नाम का यह द्रव बी. यूनिफॉर्मिस द्वारा निर्मित है। यह आंत से यकृत या लिवर तक जाता है। यह एसिड या अम्ल आंतों में पैदा होता है और शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।

2 यह लिवर के कोलेस्ट्रॉल बनाने वाले एंज़ाइम को अवरुद्ध करता है। यह वही एंज़ाइम है, जिसे स्टैटिन जैसी प्रसिद्ध दवा भी रोकने का काम करती है। इससे मानव रक्त में बुरे कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटता है।

3 लिवर इसके जवाब में अधिक एलडीएल रिसेप्टर्स बनाता है, जो एलडीएल बुरे कोलेस्ट्रॉल को रक्त से बाहर निकाल देते हैं। शरीर में यह प्रक्रिया आंतों की सहायता से अपने आप होती है और शरीर अपने को स्वस्थ रखने की कोशिश करता है।



चूहों में कैसा रहा प्रयोग?
चूहों में जब यह प्रयोग हुआ, तब केवल एसिड के प्रयोग से धमनियों में बाधा लगभग आधी कम हो गई और जीवित जीवाणु के प्रयोग से लगभग एक तिहाई घट गई।


इंसानों में कैसा रहा प्रयोग?
200 से अधिक इंसानों में, उच्च रक्त वसा वाले लोगों में इस अम्ल की मात्रा कम पाई गई। हृदय रोग से पीड़ित लोगों में इसे बनाने वाले जीवाणु जीन की संख्या कम पाई गई।

इंतजार : अभी तक मनुष्यों में उपचार के रूप में इसका परीक्षण नहीं किया गया है।

बुढ़ाती आंत के साथ चूहों की स्मरण शक्ति कैसे घटती है?



1 पैराबैक्टीरॉइड्स गोल्डस्टेनी अर्थात आंत में मौजूद मित्र सहजीवी जीवाणु उम्र के साथ सामान्य होते जाते हैं।



2 यह मिडियम चेन फैटी एसिड से जुड़ी समस्या है, जिससे आंत की प्रतिरक्षा कोशिकाओं में सूजन पैदा होती है।



3 आंत से मस्तिष्क तक जाने वाली वेगस तंत्रिका में जब सूजन होती है, तब संकेतों का संचार कमजोर होने लगता है।



4 मस्तिष्क में स्मरण शक्ति के स्थान हिप्पोकैंपस में सक्रियता घटती है और याददाश्त कमजोर होती है।


चूहों पर किए गए सफल परीक्षण को इंसानों पर करने की तैयारी है, उसके बाद ही दवा का विकास होगा।

अभी बन रही जीवन रक्षक दवाओं के प्रमुख स्रोत

इंसानों ने सबसे पहले पेड़-पौधों में औषधियों की खोज की थी और धीरे-धीरे औषधियां कृत्रिम या सेंथेटिक या अर्ध-सेंथेटिक होती गईं। अब ज्यादातर दवाएं कृत्रिम विधि से बनाई जाती हैं।

5% पशु स्रोत
जैसे इंसुलिन और हेपरिन

60% कृत्रिम स्रोत
जैसे एस्पिरिन, पैरासिटामोल



10% सूक्ष्मजीव
जैसे पेनिसिलिन, स्ट्रेप्टोमाइसिन

25% पेड़-पौधों से
जैसे कुनैन या दर्द निवारक मॉर्फिन

रोजनामचा



पं. राधवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : वाणी में मधुरता रहेगी, परंतु धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय भी बढ़ेगी।

वृष : मन प्रसन्न रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

मिथुन : आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। बातचीत में संतुलित रहें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेगे।

कर्क : आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह : आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। घर-परिवार में धार्मिक या मांगलिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

कन्या : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

तुला : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेगे।

वृश्चिक : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

धनु : संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। मित्रों के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कुंभ : मन परेशान रहेगा। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के अवसर मिल सकते हैं।

मीन : धैर्यशीलता में कमी रहेगी। कारोबार में परिवर्तन की संभावना बन रही है। पिता का साथ मिलेगा। परिवार से दूर दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषुकांत गोस्वामी

28 अक्तूबर, बुधवार, शक संवत्: 06,कार्तिक (सौर) 1948 पंजाब पंचांग: 12, कार्तिक मास प्रविष्टे 2083, इस्लाम: 16, जमादि उल्लावल, 1448 विक्रमी संवत्: कार्तिक कृष्ण तृतीया तिथि रात्रि 01.07 मिनट तक, कृतिका नक्षत्र दोपहर 01.26 मिनट तक पश्चात रोहिणी नक्षत्र, व्यतिपात योग प्रातः 07.19 मिनट तक पश्चात वरीयान रात्रि 03.41 मिनट तक तदनंतर परिघ योग। चन्द्रमा वृष राशि में (दिन-रात)।

सूर्य दक्षिणायन। दोपहर 12 बजे से 01.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा दोपहर 02.38 बजे से रात्रि 01.07 मिनट।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

धन का अत्यधिक नुकसान हो रहा हो एवं समस्याएं बनी रहें, तो ये उपाय करें-

- हमेशा ध्यान रखें कि घर दक्षिणमुखी न हो, जिसमें मुख्य द्वार पर तिराहा सा बन रहा हो। तीन तरफ से सड़क आना आर्थिक प्रगति को रोकता है।
- घर के आसपास की सड़क ऊंची और घर नीचा नहीं होना चाहिए। यह एक बड़ा वास्तु दोष हो जाता है, जो आर्थिक पतन का कारण होता है। अगर ऐसा है, तो घर को सड़क से ऊंचा करवा लेना चाहिए। अगर ऐसा न कर पाएं तो मकान के चारों कोनों में एक-एक चबूतरा बनवा देना सही रहता है। उस पर ऊंचाई के लिए उपयोग होने वाला यंत्र भी रख सकते हैं।

वर्ग पहेली : 8495



बाएं से दाएं
1. आरक्षित किया जाना; निश्चित किया जाना (4)
3. बराबर सतह वाला; समान तल वाला (4)
6. पैरों तक लटकता हुआ ढीला ढाला पहरावा; चोगा (3)
7. एक प्रकार की मछली; करक; करुआ; टोंटीदार लोटा (3)
9. ऊपर सामान रखना; ढोने के लिए सामान भरना; भार रखना (3)
10. धारी; रेखा (3)
11. भाषा; कार्य सिद्धि का उपाय; बीच का; मध्यवर्ती; साधन (3)
14. तीन रंगों वाला; हमारा राष्ट्रीय ध्वज (3)
15. प्यारा; मनोरंजक; सुंदर; मीठा (3)
16. छूत से फैलने वाला; संसर्ग से फैलने वाला (4)
17. चकित हो जाना; भ्रमित होना; चक्कर खाना; घूमना (4)

ऊपर से नीचे
1. ख्वामख्वाह टकराव लेना; जबरदस्ती झगड़ा मोल लेना (1,2,2,2)
2. क्षमा किया जाना; क्षमा का दान (4)
4. नशे में चूर; मदमस्त; उन्मत्त; अभिमानी (4)
5. ताकना; निर्निमेष दृष्टि से देखना (4,3)
8. अच्छा व्यवहार रखना; अच्छे रिश्ते बनाना; अच्छे संबंध बनाना (2,2,3)
12. अक्ल का उलटफेर; पागलपन; बुद्धि का भ्रम; बुद्धिनाश; बहम (4)
13. समय से संबंधित; समयानुकूल; वर्तमान समय का (4)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8494



सुडोकू : 8449

*आसान

1			9		2			7
7	6		5	8	1		2	3
		9	1		3	4		
	1						8	
		5	2		8	3		
2	7		8	9	5		4	6
5			6		4			9

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8448

8	9	7	5	3	4	1	6	2
2	6	1	7	9	8	3	4	5
4	3	5	1	2	6	8	7	9
3	4	8	2	1	9	7	5	6
5	1	9	8	6	7	2	3	4
7	2	6	4	5	3	9	1	8
6	7	3	9	4	2	5	8	1
1	8	2	6	7	5	4	9	3
9	5	4	3	8	1	6	2	7

दैनिक जागरण

विवेक ही उचित-अनुचित का बोध कराता है

विपक्ष का उतावलापन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर चुनाव आयोग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल शपथपत्र पर विपक्ष की प्रतिक्रिया उसकी खीझ को ही अधिक प्रकट कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस शपथपत्र पर सभी याचिकाकर्ताओं को दस दिन में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है, लेकिन इनमें से कुछ ने तुरंत बयान देना जरूरी समझा। इतना ही नहीं, उन्होंने चुनाव आयोग पर यह आरोप भी मढ़ दिया कि उसने झामक तथ्य पेश किए हैं। कांग्रेस तो एक कदम बढ़कर कोर्ट के बाहर भी चुनाव आयोग के शपथपत्र के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर रही है। वह और कुछ नहीं, खुद ही अदालत बनने की हास्यास्पद कोशिश है। लगता है उसे सुप्रीम कोर्ट पर भी यकीन नहीं। आखिर जो मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है, उसका फैसला वही करेगा, न कि याचिका दायर करने वाले। क्या यह चिंतित नहीं कि विपक्षी दल और विशेषकर कांग्रेस इस मामले में वकील और जज, दोनों की भूमिका निभाने को उतावली है? क्या उसने तय कर लिया है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ भी हो, वह वोट चोरी का अपना राग अलाप कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करती रहेगी? यदि नहीं तो क्या उसे पता नहीं कि चुनाव आयोग के हलफनामे के जवाब में उसे अपनी दलीलें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखनी हैं, न कि मीडिया के सामने?

वास्तव में विपक्षी दल इसलिए बेचैन हो उठे हैं, क्योंकि चुनाव आयोग ने अपने शपथपत्र में यह कहा कि मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआइआर को लेकर सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिए गए और फार्म 6 में कोई वैधानिक बदलाव नहीं किया गया। शपथपत्र यह भी कहता है कि इसे तीनों आयुक्तों की सहमति से तैयार किया गया है और आयोग के अंतिम फैसलों पर उन सभी के हस्ताक्षर होते हैं। शपथपत्र से यह भी साफ होता है कि किसी आयुक्त द्वारा उठाई गई आपत्ति आयोग का अंतिम औपचारिक फैसला नहीं होता और दोनों चुनाव आयुक्तों ने एक अधिकारी के आंतरिक कार्य आवंटन संबंधी जिस आदेश को शिकायत कैबिनेट सचिव से की थी, उसे कभी लागू ही नहीं किया गया। एक तरह से यह शपथपत्र एक मीडिया रपट की ओर से बनाई गई उस धारणा को ध्वस्त कर रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दोनों चुनाव आयुक्तों को किनारे कर मनमाने तरीके से फैसले कर रहे हैं। शायद इसी कारण विपक्ष ऐसी व्यर्थ की बातें कर अपनी बौखलाहट निकाल रहा है कि यह शपथपत्र केंद्र सरकार के दबाव में तैयार किया गया है। एक कांग्रेस सांसद तो यह कह रहे हैं कि यदि सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों ने सहमति से भी लिए हैं तो क्या हम उन्हें मान लेंगे? लगता है वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न मानने का मन बना रहे हैं।

संभावनाओं के द्वार

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2031 तक 500 ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना की पहल रोजगार की संभावनाओं के नए द्वार खोलेगी। इसके लिए राज्य के विभिन्न शहरों में स्थान विकसित किए जाने से उत्तर प्रदेश के समावेशी विकास की राह आसान होगी। उल्लेखनीय है कि किसी एक-दो शहर के विकसित हो जाने से सामाजिक और आर्थिक समरूपता नहीं बन पाती। ऐसे में यह आवश्यक है कि प्रदेश के छोटे शहरों का भी यथेष्ट विकास हो। जीसीसी की स्थापना को बढ़ावा देने का उद्देश्य राज्य को उन्नत प्रौद्योगिकी, वैश्विक कारोबारी संचालन और रोजगार के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। निश्चय ही राज्य का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क, सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और 75 हजार एकड़ से अधिक का औद्योगिक भूमि बैंक ऐसे प्रकल्प को सार्थक करेगा। इस योजना से उत्तर प्रदेश में नई कंपनियों का आना सुगम होगा।

> उत्तर प्रदेश के छोटे शहरों में भी रोजगार के नए प्रकल्प गठित होने से समावेशी विकास की राह आसान होगी

हालांकि, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केवल कार्यालयों और बुनियादी ढांचे का विकास पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, बेहतर कार्य वातावरण और निवेशकों के लिए सरल प्रक्रियाओं पर भी और ध्यान देना होगा। ऐसा करके ही उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख तकनीकी और कारोबारी केंद्रों में अपनी भूमिका मजबूत कर सकता है। यह समय की भी मांग है। खेती के सिमटते दायरे के बीच सर्वाधिक आवश्यकता रोजगार सृजन की ही है। इसलिए रोजगार सृजन के विविध स्रोतों की तलाश करनी होगी। इससे प्रदेश में खुशहाली बढ़ेगी।

क्या ट्रंप की मनमानी रोक सकेंगे अमेरिकी



निकोलस क्रिस्टोफ

मध्यावधि चुनावों में बड़ा सवाल यही है कि क्या अमेरिका के लोग डोनाल्ड ट्रंप के दौर में गिरी पतन से अपने देश को बचाने का प्रयास करेंगे



अवधेश राजपूत

दुनिया भर में अमेरिकी मध्यावधि चुनावों की चर्चा है। माना जा रहा है कि निरंतर बढ़ रही महंगाई और रहन-सहन की बढ़ती लागत इन चुनावों का मुख्य मुद्दा बनने जा रही है। हालांकि दैनिक जीवन से जुड़ी इन चिंताओं एवं चुनौतियों से कहीं अधिक इन चुनावों में अमेरिकी राष्ट्र-राज्य के वे सिद्धांत और रणनीतियां दांव पर होंगी, जिन्होंने कई पीढ़ियों के दौरान अमेरिका को विश्व का सिरमौर बनाया। इस लिहाज से ये मध्यावधि चुनाव एक संभावित ऐतिहासिक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। इस संदर्भ में उन पहलुओं पर विचार करना जरूरी है, जो अमेरिका के उत्थान, शक्ति-सामर्थ्य में विस्तार और उसकी अदम्य जिजीविषा को रेखांकित करते हैं। इस कड़ी में पहला बिंदु आता है शिक्षा एवं अनुसंधान का। अमेरिका ने 19वीं सदी में ही व्यापक सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव रखी। इसी नींव के दम पर यहां दुनिया के उत्कृष्ट विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र आकार लेते गए, जिन्हें राष्ट्रीय धरोहर माना जाता है। इन्हीं संस्थानों ने अपनी क्षमताओं से वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका को निर्णायक बढ़त दिलाई। इसके बावजूद, अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में रिपब्लिकन सांसदों के मौन समर्थन से राष्ट्रपति ट्रंप समूची शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने पर आमादा हैं। ट्रंप शिक्षा विभाग को भंग करने, छात्रों को मिलने वाली वित्तीय सहायता में कटौती करने और नेशनल साइंस फाउंडेशन तथा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ जैसी शीर्ष संस्थाओं के बजट पर कैंची चलाने की कोशिश कर रहे हैं। शीर्ष अमेरिकी शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध उनका आक्रामक रुख एक बड़े खतरे की घंटी है। वे कभी इनका अनुदान रोककर, कभी उनकी कर रियायतें खत्म कर, तो कभी विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश नियमों को अत्यंत कड़ा करके इन संस्थानों को हाशिए पर धकेलने की कोशिश में लगे हैं। जानकार इन कदमों को अमेरिका के लिए आत्मघाती मान रहे हैं।

अमेरिका की महान बनाने में प्रवासियों का भी अहम योगदान रहा है, पर ट्रंप उनकी राह में कांटे बिछाने पर तुले हैं। हर दौर में दुनिया के कोने-कोने से आए प्रवासियों ने अमेरिका को समृद्ध बनाया। इनमें से अधिकांश दाने-दाने को मोहताज होकर और बिना अंग्रेजी जाने यहां आए थे, लेकिन महज एक पीढ़ी में ही अपनी मेहनत से उन्होंने अपना सामाजिक-आर्थिक स्तर ऊंचा उठा लिया। खुद मेरे पिता भी 1952 में ऐसी ही परिस्थितियों में अमेरिका आए थे। ज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यदि आज अमेरिका अग्रणी है, तो इसका एक बड़ा कारण यही रहा कि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को यहां आकर्षित करने में सफल रहे। ट्रंप के दौर में यह रुझान कमजोर हो रहा है। अमेरिका आ रहे विदेशी छात्रों की संख्या घट रही है।

अमेरिका को सिरमौर राष्ट्र बनाने वाला एक प्रमुख स्तंभ वे अलिखित लोकतांत्रिक मर्यादाएं और स्थापित परंपराएं भी रहीं, जो राजनीति, आर्थिकी और समाज को संचालित करती आई हैं। ट्रंप के उभार से पहले तक मेरा मानना था कि कानून और संविधान ही अमेरिका के मुख्य सुरक्षा-कवच हैं, मगर ट्रंप ने जिस तरह संसद और अदालतों को धता बताते हुए अपनी मनमर्जी चलाई, उससे मैं इस नतीजे पर पहुंचने को विवश हूं कि लोकतंत्र और आर्थिक स्थिरता को टिके रहने के लिए नैतिक परंपराओं की नींव भी उतनी ही आवश्यक है। यहां बात बुनियादी आचार संहिता की है कि राष्ट्रपति जनमत के फैसले को स्वीकार करेंगे, प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध प्रतिशोध की राजनीति नहीं करेंगे और बात-बात पर हर किसी के विरुद्ध गैर-जिम्मेदाराना व्यापार युद्ध शुरू करने से बचेंगे।

निजी लाभ के लिए भी ट्रंप ने सभी सीमाओं को पार कर दिया है। उनके लोभ की कोई सीमा नहीं दिख रही। दोबारा सत्ता में आने के पहले ही साल ट्रंप ने करीब 2.2 अरब डालर कमाए, जिसमें से अधिकांश कमाई उनके परिवार के क्रिप्टो-वेंचर्स से हुई। देखा जाए तो उन्होंने रोजाना 60 लाख डालर से ज्यादा बटोरे। एमेजान द्वारा मेलानिया ट्रंप की डाक्यूमेंट्री के प्रदर्शन अधिकार के लिए कथित रूप से चार करोड़ डालर के घुमताल की खबरों ने मुझे पिछली सदी के अंतिम पड़ाव पर ईंडोनेशिया के घटनाक्रम की याद दिला दी, जब वहां के राष्ट्रपति की पत्नी मैडम तिएन अपने भारी कमीशन के चलते 'मैडम टेन (तिएन) परसेंट' के नाम से कुख्यात हो गई थीं।

इस समय व्हाइट हाउस से घनघोर अहंकार, निरंकुश सत्ता और अनैतिक घपलों-घोटालों का जो बिछलित करने वाला घटनाक्रम सामने आ रहा है, वह प्रशासन, नागरिक समाज और अर्थव्यवस्था को खोखला ही करने में लगा है। अपने पत्रकारीय जीवन का एक बड़ा हिस्सा मैंने दोयम दर्जे के तमाम तानाशाहों की रिपोर्टिंग में ही बिताया है तो इस कारण यह मेरे लिए अपरिचित नहीं, लेकिन इसे अपने देश में ही घटित होते देखना हृदयविदारक और बेहद गहरी टीस देने वाला है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने विश्व समुदाय के लाभ के लिए जो वैश्विक व्यवस्था बनाई थी, उसे भी ट्रंप ने ध्वस्त कर दिया। जबकि इस व्यवस्था का उद्देश्य ही समूचे विश्व के लिए शांति, मुक्त व्यापार, आर्थिक संपन्नता और लोक-स्वास्थ्य का संरक्षण करना था। इस नीतिगत विध्वंस का सीधा फायदा महामारियों से बचाव में ढील, धुखधरी-गरीबी और पुतिन जैसे शासकों को मिला है। कल्पना कीजिए कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यदि अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट अपने सबसे विश्वस्त सहयोगी ब्रिटेन की पीठ में छुरा घोंपकर हिटलर के खेमे में जा खड़े होते तो क्या होता? यूक्रेन से मुंह मोड़कर रूस की तरफदारी करने का ट्रंप का यह पैंतरा कुछ ऐसा ही है।

प्रतीत होता है कि ट्रंप के स्तर पर अभी और पतन देखना बाकी है। इस तरह देखें तो चुनावी बिसात में ढांव पर लगी वास्तविक चुनौतियां यही हैं। क्या हम चुपचाप अपनी हार स्वीकार कर लेंगे या अपने राष्ट्र को इस पतन से उबारकर वापस पटरी पर लाने का प्रयास करेंगे?

(लेखक न्यूयार्क टाइम्स के स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

वामपंथियों के शिकंजे में जकड़ी कांग्रेस



राजीव सचान

वामपंथियों से घिरे राहुल गांधी की रीति-नीति से कांग्रेस मध्यमार्गीय दल की अपनी छवि से मुक्त होने को है



आइसा नेता नेहा बोरा के साथ राहुल गांधी। एएनआइ

देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी वामपंथ के साथ समाजवाद से भी प्रभावित थे, लेकिन उन्होंने कांग्रेस पार्टी की छवि मध्यमार्गीय दल की बनाए रखी और इसी कारण सभी वर्गों के बीच उसका जनाधार था। इंदिरा गांधी ने भी मध्यमार्ग पर ही चलना पसंद किया। यह बात और है कि एक समय सत्ता बचाए रखने के लिए उन्होंने वामपंथियों का साथ लिया। इसके बदले में उन्होंने शिक्षा एवं अकादमिक संस्थान वामपंथियों के हवाले कर दिए, लेकिन वे जानती थीं कि कांग्रेस की शक्ति मध्यमार्गीय दल बने रहने में ही है। इंदिरा जी के बाद राजीव गांधी ने भी कांग्रेस को मध्यमार्ग में ही रखने की कोशिश की, पर उनके कुछ करीबी वामपंथी भी थे। नरसिंह राव को अपनी अल्पमत सरकार चलाए रखने के लिए वाम दलों का साथ लेना पड़ा, लेकिन वे उनके प्रभाव-दबाव में नहीं आए और इसी कारण देश का कायाकल्प करने वाले आर्थिक सुधार लागू कर पाए। मनमोहन सिंह को भी वाम दलों का सहयोग लेना पड़ा, लेकिन वे एक सीमा से अधिक उनके दबाव में नहीं आए। उन्होंने अमेरिका से परमाणु समझौते पर वाम दलों के विरोध की परवाह नहीं की। हालांकि इसी दौर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की 'सुपर सरकार' कही जाने वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में वामपंथियों का बोलबाला था। इस परिषद में ज्यां द्रेज, हर्ष मंदर, अरुणा राय जैसे वामपंथी रुझान वाले शामिल थे और उनके प्रभाव में मनमोहन सरकार की कई नीतियां भी बनीं। जब घोषित और अघोषित रूप से कांग्रेस की कमान राहुल गांधी के हाथों में आई तो प्रारंभ में उनके करीबी कांग्रेस के दूसरी पीढ़ी के युवा नेता थे, लेकिन एक-एक करके वे उनका साथ छोड़ गए। इनका स्थान लेना शुरू किया वाम विचार वाले नेताओं ने।

अन्ना आंदोलन के समय जिन धुर वामपंथी प्रशांत भूषण ने आंदोलनजीवी के रूप में उभरे योगेंद्र यादव के साथ मिलकर कांग्रेस की ईंट से ईंट बजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, वे आज राहुल के प्रमुख सहयोगियों में से हैं। इन्हीं योगेंद्र यादव ने एक बार कहा था कि कांग्रेस को मर जाना चाहिए। हाल के वर्षों में राहुल के आसपास वामपंथी विचार वाले नेताओं की जुटान भी बढ़ी है और कांग्रेस में उनका प्रभाव भी। वामपंथी छात्र नेता कन्हैया कुमार को कांग्रेस में आए लंबा समय हो गया है, लेकिन फिलहाल वे हाशिए पर दिखते हैं। उनकी जगह नई एंट्री नेहा बोरा की होती दिख रही है। बीते दिनों राहुल ने वोट चोरी के अपने शिगूफे के तहत जो धरना-प्रदर्शन किए, उसमें नेहा की खासी भूमिका रही। नेहा ने काकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। राहुल वाम रुझान वाले इस समूह को भी करीब लाने जा रहे हैं। राहुल ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में नेहा और प्रशांत भूषण को बोलने का अवसर दिया। इससे यही लगा कि उन्हें अपने छात्र संगठन के नेताओं पर उतना भरोसा नहीं, जितना वामपंथी छात्र नेता नेहा पर है।

करीब राहुल के वामपंथी तौर-तरीकों से कांग्रेस अपनी मूल विचारधारा तजकर मध्यमार्गीय दल की छवि से पूरी तरह मुक्त होने को है, इसीलिए पुराने कांग्रेसी खुद को हाशिए पर पा रहे हैं।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

खिलाफ सुरक्षा बलों के अभियानों को रोके जाने की मांग की थी और आइसा ने तो बाटला हाउस एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के लिए न्याय की मांग करते हुए जुलूस निकाला था। आपको यह याद ही होगा कि एक बार सलमान खुर्शीद ने कहा था कि उन्होंने जब बाटला हाउस में मारे गए युवकों के फोटो सोनिया जी को दिखाए तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। भाकपा-माले लिबरेशन बिहार में कांग्रेस का सहयोगी और आइएनडीआइए का भी घटक है। इस तथ्य से अवगत होना भी आवश्यक है कि अन्य देशों की तरह भारत में भी इस्लामिस्टों और कम्युनिस्टों में जुगलबंदी है। इस जुगलबंदी के कई चेहरे भी राहुल के करीबियों में शामिल हो गए हैं। वामपंथी रुझान और सोच वाले नेता कांग्रेस में पहले भी रहे हैं, पर यह पहली बार है, जब उनकी अधिकता देखी जा रही है और इनमें धुर वामपंथी किस्म के लोग भी हैं।

समस्या यह नहीं कि राहुल गांधी के करीबियों में घोर वामपंथी भी हैं। समस्या यह है कि उनके भाषणों, नीतियों और कार्यशैली में इन धुर वामपंथियों की छाप गहरी होती जा रही है। राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं में ऐसे कट्टर वामपंथियों से भी मिलने लगे हैं। वे अपने धरना-प्रदर्शन और रैलियों में घटक दलों और वामपंथी छात्र संगठनों के सहयोग से भीड़ तो जुटा सकते हैं, पर कांग्रेस का जनाधार शायद ही बढ़ा पाएं। उनके निशाने पर केवल अंबानी-अदाणी ही नहीं रहते। वे सरकारी कंपनियों के निजीकरण के भी कट्टर विरोधी हो गए हैं, जबकि राव और मनमोहन सरकार की आर्थिक नीतियों में सरकारी कंपनियों का विनिवेश भी शामिल था। वामपंथियों की तरह अपनी नाकाम रीति-नीति पर अड़ने वाले राहुल ऐसी बातें भी भूल चुके हैं कि इंदिरा जी ने सावरकर के सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। चूंकि राहुल के वामपंथी तौर-तरीकों से कांग्रेस अपनी मूल विचारधारा तजकर मध्यमार्गीय दल की छवि से पूरी तरह मुक्त होने को है, इसीलिए पुराने कांग्रेसी खुद को हाशिए पर पा रहे हैं।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

विश्वास

मनुष्य जीवन में जिन विश्वासों के धागे बुनता है, संसार को उन्हीं के माध्यम से देखता भी है। संबंधों का अर्थ उन्हीं से निर्धारित करता है और भविष्य की कल्पना उन्हीं की परिधि में करता है। विश्वास उसे अनिश्चितताओं के बीच एक आश्रय देते हैं, किंतु यही भावना कभी-कभी उसकी दृष्टि को संकुचित सीमा भी बन जाती है। वह सत्य को जानने के बजाय उस सत्य की रक्षा में अधिक व्यस्त हो जाता है, जिसे वह सत्य होने का विश्वास मान बैठा है। जीवन जब हमारी मान्यताओं के प्रतिकूल कोई अनुभव प्रस्तुत करता है, तब हमारे सामने दो संभावनाएं होती हैं। या तो हम अनुभव को अपनी सुविधा के अनुसार व्याख्यायित करके पुराने विश्वासों को बचा लें, अथवा उस अनुभव को अपने भीतर उतरने दें और यह स्वीकार करने का साहस जुटाएं कि हमारी समझ अपूर्ण थी। किसी मान्यता का खंडित होना मात्र बौद्धिक घटना नहीं, हमारी वर्षों पुरानी आत्मछवि का दरकना भी है।

बुद्धि में उपजा एक प्रश्न मनुष्य को अपने निष्कर्षों की बंद परिधि से बाहर निकालता है। वास्तविक जिज्ञासा कभी-कभी उस सत्य को भी संदिग्ध बना देती है, जिसे हमने बड़ी कठिनाई से अर्जित किया था। जो व्यक्ति अपने ज्ञान के प्रति सजग संदेह रखता है, उसके भीतर बौद्धिक विनम्रता का जन्म होता है। यह संदेह अपनी ग्रहण-क्षमता की सीमाओं का बोध है। इसी में प्रज्ञा का आरंभ निहित है। यहां कुछ विचित्र आकांक्षाएं हैं कि विकास भी हो और विघटन भी न हो। हमारे अनुभव हमें ज्ञान दें, पर हमें अपने भूल स्वीकार न करनी पड़े। जबकि अंतर इस बात से पड़ता है कि अनुभव के पश्चात वह अपने भीतर क्या विकसित करता है, कटुता या करुणा, हठ या विवेक, भय या जिज्ञासा। बीज के भीतर वृक्ष की संभावना तभी प्रकट होती है, जब बीज का पूर्ववर्ती रूप अक्षुण्ण बने रहने का आग्रह समाप्त करे।

दिवंकल तोमर सिंह

जैव विविधता के संरक्षण में दिखे गंभीरता

डा. सुधीर कुमार

शहरीकरण और उद्योगीकरण के विस्तार से पृथ्वी पर हरित भूमि का दायरा कम हो रहा है जो चिंताजनक है

आर्मीनिया की राजधानी येरेवन में 19 से 30 अक्टूबर तक जैव विविधता संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (सीओपी-17) का आयोजन हो रहा है। इस सम्मेलन में एक तरफ जहां 2022 में अपनाए गए 'कुनमिंग मांट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क' की प्रगति की समीक्षा की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ 2030 तक जैव विविधता के नुकसान को रोकने के लिए उपस्थित देशों के प्रतिनिधि अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर कर रहे हैं।

जैव विविधता सम्मेलन का आयोजन करना वास्तव में मानवता की रक्षा के लिए संकल्प लेने का अवसर है। कुनमिंग मांट्रियल वैश्विक जैव विविधता फ्रेमवर्क को जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में मील के पत्थर के रूप में देखा जाता रहा है। इस फ्रेमवर्क का सबसे अहम लक्ष्य '30 बाइ 30' है। इसके तहत वर्ष 2030 तक पृथ्वी के कम से कम 30 प्रतिशत भूमि और समुद्री क्षेत्रों में उपस्थित जैव विविधता का संरक्षण किया जाना है। इसके तहत कुल 23 वैश्विक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसमें वर्ष 2030 तक कम-से-कम 30 प्रतिशत खराब हो चुकी स्थलीय, समुद्री एवं तटीय पारिस्थितिक तंत्रों का प्रभावी रूप से जीर्णोद्धार करना, संकटग्रस्त प्रजातियों के मानवजनित विलुप्तिकरण को रोकना, वन्यजीवों के शिकार तथा वानस्पतिक आवरण की कटाई और अवैध व्यापार को रोकना, आक्रामक विदेशी प्रजातियों के प्रवेश को 50 प्रतिशत तक कम करना तथा प्रदूषण को कम करने जैसे वैश्विक लक्ष्य शामिल हैं।

हालांकि इसी महीने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने 'स्टेट आफ बायोडायवर्सिटी एक्शन...' शीर्षक से जो रिपोर्ट सार्वजनिक की है, वह बताती है कि आधे से भी कम देशों के राष्ट्रीय लक्ष्य वैश्विक लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में इन लक्ष्यों को 2030 तक हासिल करना मुश्किल हो सकता है। इससे यह भी बोध होता है कि जैव विविधता के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता उल्लेखनीय नहीं है।

जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को देखते हुए दुनिया के हरेक कोने से जैव विविधता के संरक्षण के निमित्त समर्पण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। शहरीकरण और उद्योगीकरण आदि के कारण हरित भूमि का क्षेत्रफल सिकुड़ता जा रहा है। इसकी वजह से न केवल जैव विविधता का ह्रास हो रहा है, बल्कि जीवनयापन भी कठोर होता जा रहा है। जैव विविधता पृथ्वी के स्वास्थ्य का आईना है। यह न केवल स्वस्थ पारिस्थितिक तंत्र के निर्माण में सहायक है, बल्कि इसका जुड़ाव लोगों की आजीविका और जीवन से भी है। जैव विविधता का संरक्षण वास्तव में जीवन और भविष्य का संरक्षण है।

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

मेलबाक्स

सामाजिक न्याय और समानता

मंगलवार को प्रकाशित आलेख 'उत्तर प्रदेश का निर्णायक प्रश्न' में लेखक ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए जाति-धर्म से ऊपर उठकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। केंद्र की सत्ता का मार्ग उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है, इसलिए उत्तर प्रदेश का चुनावी रण जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। जातीय व्यवस्था भारतीय समाज का आधार है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातीय समीकरण हावी रहता है, लेकिन कभी-कभी जातीय समीकरण भी टूट जाते हैं। लोकतंत्र में सरकार की असली कसौटी यह है कि वह जनता को सुरक्षा, सम्मान, रोजगार, शिक्षा और न्याय कितना उपलब्ध कराती है। जातिगत राजनीति के सहारे सत्ता हासिल करना आसान हो सकता है, लेकिन समाज में समानता और विश्वास कायम करना अधिक महत्वपूर्ण है। आज उत्तर प्रदेश के सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि किस जाति का वोट किस दल को मिलेगा, बल्कि यह है कि कौन-सी सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। राजनीतिक दलों को जातीय गणित से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और सुशासन पर अपनी उपलब्धियों का हिसाब देना चाहिए।

हिमांशु शेखर, केसपा, ग्यारीजी

तकरार नहीं, तर्क से बने बात

'बचकानी राजनीति' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय कई पहलुओं को रेखांकित करता है। स्मरण रहे कि लोकतंत्र में राजनीतिक परिपक्वता की कसौटी केवल सत्ता पक्ष का आचरण नहीं, बल्कि विपक्ष की जवाबदेही भी है। लोकतंत्र में असहमति अधिकार है, किंतु आरोपों की प्रमाण और विरोध की संवैधानिक मर्यादा का आधार देना अनिवार्य है। मेरी दृष्टि में किसी भी संवैधानिक संस्था पर सवाल उठाना अनुचित नहीं, लेकिन सवालों का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, न कि संस्थाओं के प्रति जनविश्वास को कमजोर करना। यदि मतदाता सूची में गड़बड़ी या चुनावी अनियमितता के ठोस प्रमाण हैं, तो उन्हें सार्वजनिक तथ्यों, निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से सामने लाना चाहिए। न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा करना भी लोकतांत्रिक धैर्य की परीक्षा है। हालांकि, सत्ता पक्ष को भी आलोचना का उत्तर केवल राजनीतिक कटाक्ष से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और प्रमाणों से देना चाहिए। विपक्ष को निराधार आरोपों से बचना चाहिए, तो सरकार को हर वैध संदेह का संतोषजनक समाधान प्रस्तुत करना चाहिए। लोकतंत्र में सबसे बड़ी जीत प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाना नहीं, बल्कि जनता का विश्वास ऊंचा उठाना है। राजनीति जब तर्क छोड़कर तकरार अपनाती है, तब नुकसान किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, अपितु समूची लोकतांत्रिक संस्कृति का होता है, इसे भी समझना होगा।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

व्यापारियों की स्वाभाविक चिंता

'बचकानी राजनीति' शीर्षक से प्रकाशित अग्रलेख में कांग्रेस की राजनीतिक बौखलाहट को उजागर किया गया है। दिल्ली के व्यापारी त्योहारों से ठीक पहले का समय अपनी सालाना कमाई के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं। ऐसे में व्यापारियों की चिंता जायज है। राजनीतिक दलों को विरोध का अधिकार है, लेकिन उन्हें आम नागरिकों और व्यापारियों की रोजी-रोटी का भी ध्यान रखना चाहिए। अच्छा होता कि विपक्ष इस अनुरोध पर विचार करता और रैली स्थान ऐसा चुनता जिससे बाजारों पर कम असर पड़े। हालांकि मतदाता सूची पर उठे सवाल सही हैं या गलत, यह अदालत और तथ्य तय करेंगे। परंतु उन्हें 'झूठ' कह देना बहस को आगे नहीं बढ़ाता। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठें तो जवाब पारदर्शिता से दिया जाना चाहिए।

साक्षी पाठक, आइआइएमसी, जम्मू

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा

ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615600, E-mail: delhi@nda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

23.3 प्रतिशत थी देश की कामकाजी आबादी में महिलाओं की संख्या सामान्य स्थिति के आधार पर वर्ष 2017-18 में, जो वर्ष 2023-24 में 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई, केंद्र सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार।

विकसित भारत

राष्ट्र निर्माण में नई पीढ़ी की भूमिका

आज की पीढ़ी पहले की पीढ़ियों की तुलना में बहुत भिन्न है। उसके हाथ में पाठ्यपुस्तक से पहले मोबाइल आ जाता है। वह ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां ज्ञान के स्रोत विद्यालय और परिवार तक सीमित नहीं हैं। इंटरनेट मीडिया, वीडियो प्लेटफार्म्स, गेमिंग, एआइ और डिजिटल समुदाय उसके सीखने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। इसलिए उन्हें इनके सदुपयोग की समुचित जानकारी देनी होगी, क्योंकि यही वह पीढ़ी है जिसके सहयोग से विकसित भारत का निर्माण संभव होगा



विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नई पीढ़ी को अधिकार के साथही कर्तव्य को भी आत्मसात करना होगा। फाइल

प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी
निदेशक, एनसीईआरटी, नई दिल्ली

जेन जी और जेन अल्फा की पीढ़ी को समझते समय सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि विद्यार्थी क्या सीख रहे हैं, अपितु यह है कि वे सीख कहां से रहे हैं? यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि विद्यार्थी केवल पाठ्यपुस्तक से नहीं सीखता। वह अपने आसपास के व्यवहार से भी सीखता है, परिवार से सीखता है, मित्रों से सीखता है, शिक्षक से सीखता है और आज पहले से कहीं अधिक डिजिटल दुनिया से सीखता है। वह जो देखता है, सुनता है और अनुभव करता है, धीरे-धीरे उसके विचार और व्यवहार का हिस्सा बन जाता है।

ऐसे में शिक्षा की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक गंभीर एवं बड़ी जाती है। गत दिनों में यह देखने में आया है कि आज की पीढ़ी अधिकारों की चर्चा बहुत करती है, अधिकारों के बारे में जागरूक करना आवश्यक भी है। उन्हें पता होना चाहिए कि उन्हें शिक्षा का अधिकार है, सम्मान के साथ जीने का अधिकार है, अपनी बात रखने का अधिकार है और समान अवसर पाने का अधिकार है। लेकिन क्या हम उन्हें उतनी ही गंभीरता से उनके कर्तव्यों के बारे में भी बता रहे हैं? या वर्तमान पीढ़ी को उनके कर्तव्यों का ज्ञान है? अधिकार महत्वपूर्ण हैं, लेकिन कर्तव्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। लोकतंत्र केवल अधिकारों की व्यवस्था नहीं है। वह अधिकार और कर्तव्य के संतुलन पर चलता है। यदि कोई व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति सजग है, लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन है तो लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। इसलिए आज की पीढ़ी को यह सिखाना आवश्यक है कि उसे क्या मिलना चाहिए, इसके साथ यह भी समझना होगा कि समाज और राष्ट्र के प्रति उसकी जिम्मेदारी क्या है।

विद्यार्थियों को यदि केवल यह बताया जाए कि उनके अधिकार क्या हैं, लेकिन यह न बताया जाए कि दूसरों के भी अधिकार हैं और उन अधिकारों का सम्मान करना उनका कर्तव्य है, तो अधिकार की चेतना अधूरी रह जाएगी। अपने विचार रखने का अधिकार है तो दूसरों के विचार को सुनने का दायित्व भी है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है तो उसके जिम्मेदार उपयोग का कर्तव्य भी है। इंटरनेट तक पहुंच है तो डिजिटल माध्यम का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की जिम्मेदारी भी है। आज इंटरनेट मीडिया ने इस संतुलन को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। एक क्लिक में कोई सूचना हजारों लोगों तक पहुंच सकती है। ऐसे में आज के विद्यार्थी को यह भी सिखाना होगा कि हर सूचना सत्य नहीं होती, हर वायरल सामग्री साझा करने योग्य नहीं होती और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जिम्मेदारी से अलग नहीं हो सकती।

यही वह स्थान है जहां संस्कार और मूल्य शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनते हैं। संस्कार का अर्थ केवल परंपराओं का पालन करना नहीं है। संस्कार का अर्थ है- सही और गलत में अंतर समझने की क्षमता, दूसरों के प्रति सम्मान, अनुशासन, संवेदनशीलता, सहानुभूति, सत्य के प्रति आग्रह और अपने कर्तव्यों के प्रति सजगता। मूल्य व्यक्ति को यह तय करने में सहायता करते हैं कि किसी परिस्थिति में उसके लिए सही आचरण क्या होना चाहिए। जब अधिकारों के साथ संस्कार और कर्तव्य जुड़ते हैं तो अधिकार केवल व्यक्तिगत लाभ का माध्यम नहीं रहता, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की शक्ति बन जाता है। किसी भी अधिकार की वास्तविक शक्ति इस बात में है कि उसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है।

यदि अधिकार का उपयोग केवल अपने हित के लिए हो और उससे समाज के हित की उपेक्षा होने लगे तो वही अधिकार टकराव का कारण बन सकता है। लेकिन जब अधिकार के साथ कर्तव्य और संस्कार जुड़ते हैं तो वही अधिकार राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन जाता है। एक जागरूक युवा अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएगा, लेकिन साथ ही सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा भी करेगा। वह अपनी स्वतंत्रता का उपयोग करेगा, लेकिन दूसरों की स्वतंत्रता का सम्मान भी करेगा। वह प्रश्न पूछेगा, लेकिन तथ्यों को समझने का प्रयास भी करेगा। इसलिए बच्चों को अधिकारों की जानकारी देना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उन्हें यह समझाना भी है कि अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

जेन जी और जेन अल्फा के सामने सबसे बड़ी चुनौती शायद सूचना की कमी नहीं, बल्कि सूचना की अधिकता है। पहले बच्चे के सीखने के प्रमुख केंद्र घर, विद्यालय और समाज थे। आज इन तीनों के साथ डिजिटल दुनिया भी एक शक्तिशाली शिक्षक बन चुकी है। यह 'डिजिटल शिक्षक' हमेशा सही जानकारी देगा, यह जरूरी नहीं है। किसी वीडियो की लोकप्रियता उसकी सत्यता की गारंटी नहीं है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति की बात अंतिम सत्य नहीं हो सकती। एआइ से प्राप्त उत्तर को भी विवेक की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। इसलिए आज की शिक्षा को केवल जानकारी देने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि विवेक विकसित करने वाली शिक्षा बनना होगा। बच्चे को उत्तर बताने से अधिक महत्वपूर्ण है उसे सही प्रश्न पूछना सिखाना। उसे यह सिखाना आवश्यक है कि किसी सूचना पर विश्वास करने से पहले वह स्रोत देखे, तथ्य जांचे और विभिन्न दृष्टिकोणों को समझे। यही आलोचनात्मक चिंतन आगे चलकर उसे कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा।

शिक्षा की असली परीक्षा तब होती है, जब जीवन हमारे सामने कोई ऐसी परिस्थिति रखता है जिसका उत्तर किसी पुस्तक के अध्याय में सीधे नहीं मिलता। संकट के समय व्यक्ति को निर्णय लेना पड़ता है। असफलता के समय स्वयं को संभालना पड़ता है। भ्रम की स्थिति में सही और गलत के बीच चुनाव करना पड़ता है। दबाव में भी मूल्यों पर टिके रहना पड़ता है। ऐसे समय में केवल डिग्री काम नहीं आती। काम आता है वह विवेक, धैर्य, अनुशासन और समस्या समाधान की क्षमता, जो शिक्षा ने व्यक्ति के भीतर विकसित की है। इसलिए शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं हो सकता। उसका उद्देश्य जीवन की परीक्षा के लिए भी तैयार करना है।

जिम्मेदार नागरिक निर्माण में शिक्षा का महत्व

बच्चों में संस्कार केवल विद्यालय नहीं डाल सकता। परिवार की भूमिका सबसे पहली है। विद्यार्थी माता-पिता के व्यवहार से सीखता है। यदि घर में दूसरों के प्रति सम्मान है तो विद्यार्थी सम्मान सीखता है। यदि घर में अनुशासन है तो विद्यार्थी अनुशासन सीखता है। यदि घर में केवल अधिकारों की बात होती है और कर्तव्यों की नहीं, तो उसका प्रभाव भी बच्चे पर पड़ता है। विद्यालय इस सीख को व्यवस्थित और व्यापक दृष्टि देता है। शिक्षक केवल विषय का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं है, वह बच्चों के विचारों को दिशा देने वाला मार्गदर्शक भी है। इसलिए विद्यालय में नागरिक बोध, संवैधानिक मूल्यों, पर्यावरणीय चेतना, डिजिटल नागरिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन से जोड़कर समझाना आवश्यक है। नई शिक्षा व्यवस्था के सामने यही बड़ी चुनौती और अवसर है- बच्चे को केवल भविष्य की नौकरी के लिए नहीं, बल्कि भविष्य के नागरिक के रूप में तैयार करना।

आज के संदर्भ में 'नियंत्रण' शब्द को त्यजन के अर्थ में नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण के अर्थ में समझना होगा। बाहरी नियंत्रण की अपनी सीमा होती है। कानून व्यक्ति को कुछ करने से रोक सकता है, लेकिन हर परिस्थिति में उसके साथ कोई कानून या प्रहरी नहीं हो सकता। वहां व्यक्ति का विवेक और उसका संस्कार ही काम आता है। यही शिक्षा की सबसे बड़ी शक्ति है। जिस युवा में आत्मअनुशासन है, उसे हर कदम पर निर्देश देने की आवश्यकता नहीं पड़ती। जिसे सही और गलत का बोध है, वह अकेले में भी सही निर्णय लेने का प्रयास करता है। जिसे अपने कर्तव्य का ज्ञान है, वह केवल दंड के भय से जिम्मेदार नागरिक नहीं बनता। इसलिए शिक्षा का अंतिम लक्ष्य बाहरी अनुशासन नहीं, आंतरिक अनुशासन पैदा करना होना चाहिए। ऐसे में जेन जी और जेन अल्फा के सामने आने वाली दुनिया अवसरों से भरी है, लेकिन चुनौतियां भी उतनी ही बड़ी हैं। एआइ से रोजगार का स्वरूप बदल रहा है, इंटरनेट मीडिया विचारों को प्रभावित कर रहा है और डिजिटल दुनिया बच्चों के सीखने के तरीके को बदल रही है। ऐसे समय में हमें यह तय करना होगा कि हम अपने बच्चों को केवल तकनीक चलाना सिखाएंगे या तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करना भी सिखाएंगे, केवल अधिकार मांगना सिखाएंगे या कर्तव्य निभाना भी, केवल सफल होना सिखाएंगे या सही बने रहना भी।

वस्तुतः राष्ट्र निर्माण केवल बड़ी परियोजनाओं से नहीं होता। वह करोड़ों नागरिकों के छोटे-छोटे जिम्मेदार व्यवहार से होता है। और इन जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण विद्यालय की कक्षाओं, परिवार के संस्कारों और समाज के वातावरण में होता है। लिहाजा अधिकार उन्हें सशक्त बनाएंगे, कर्तव्य उन्हें जिम्मेदार बनाएंगे, संस्कार उन्हें सही दिशा देंगे और मूल्य उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी अपने निर्णय पर टिके रहने की शक्ति देंगे। इन सबको एक सूत्र में पिरोने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा ही है। क्योंकि अंततः राष्ट्र का भविष्य केवल इस बात से तय नहीं होगा कि हमारी अगली पीढ़ी कितनी शिक्षित है, बल्कि इससे तय होगा कि वह अपनी शिक्षा का उपयोग किसके लिए करती है- केवल स्वयं के लिए या समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए। यही वह अंतर है जो एक सक्षम पीढ़ी को एक जिम्मेदार पीढ़ी में बदलता है। और विकसित भारत के लिए हमें केवल सक्षम नहीं, जिम्मेदार, संस्कारित और कर्तव्यनिष्ठ युवा चाहिए।

(प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी)

खरी-खरी

सभी बहुत हैं व्यस्त

विनय कुमार पाठक

यदि कोई समझता है कि काम टालने की प्रवृत्ति सिर्फ सरकारी कर्मचारियों में होती है तो वह गलत समझता है और थोक के भाव से गलत समझता है। ऐसा समझने के पीछे हो सकता है कि सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन और भत्ते से जलन की भावना हो। सरकारी नौकरी मिलने में कठिनाई हो। यह कठिनाई मेहनत करने की हो या सालवर गैंग से संपर्क करने की या लीक पेपर पाने की यह अलग मुद्दा है।

निजी क्षेत्र के कर्मचारी भी काम टालने के मामले में सरकारी कर्मचारियों के कान और नाक काटने की क्षमता रखते हैं। लिखेश पंडित की इस ज्ञान की प्राप्ति हाल ही में हुई है। हुआ यूं कि उनका बाई पास राउटर धोखा देने का अभ्यस्त हो गया और असंतुष्ट नेता की तरह बर्ताव करने लगा। जब तब राउटर की लाल बत्ती ब्लिंक करने लगी। बेचारे ने एप से सेवा प्रदाता से संपर्क करने की कोशिश की। पहले तो समझ नहीं पाए कि संपर्क कैसे करना है। काफी अनुसंधान और विश्लेषण के बाद समझ पाए। चैटबाट से बातलाप का दौर चल पड़ा। उपाय कई बताए गए। सभी को आजमाया भी गया। पर समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। अंत में उन्हें 'फोनालाप' करना पड़ा।

उनके बताए उपाय में कभी राउटर को आफ करना, कभी एप से लाग आउट करना होता रहा। पर समस्या जस की तस बनी रही। ठीक वैसे ही जैसी स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अनवरत गरीबी उन्मूलन के अभियान के चलते रहने पर भी गरीबी नहीं हटी। वैसे ही जैसे भ्रष्टाचार समाप्त करने के वादे और भ्रष्टाचार समाप्त होने के दावे के बावजूद भ्रष्टाचार हवा की तरह सर्वत्र व्याप्त है।

अंत में लिखेश पंडित ने ईमेल के द्वारा सेवा प्रदाता को बताया कि वे अपना बाई फाइ दूसरी कंपनी से लेने के लिए इच्छुक हैं। इसके बाद उनका बाई फाइ काम करने लगा। ऐसे में एक ही अंतर नजर आया उन्हें सरकारी और निजी में कि सरकारी में कंपनी छोड़ने की धमकी से भी कोई खास फर्क नहीं पड़ता, जबकि निजी में इस धमकी से समस्या का समाधान हो गया। जब तक धमकी न दी जाए, निजी भी इतने बिजी होते हैं कि उनके पास ग्राहकों की शिकायत सुनने का समय नहीं होता है।

एक्स पोस्ट

वेलिंगटन में अभिषेक ने ऐसी बल्लेबाजी दिखाई मानो कोई पीठ्ठो गेम खेल रहा हो।
अविजित घोष@cinemawaleghosh

भारतीय टीम की तरीफ में क्या ही कहा जाए कि यह कितनी मजबूत टीम बन गई है। आज टी-20 क्रिकेट में भारतीय टीम वैसी ही है, जैसी एक समय टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया की टीमें हुआ करती थीं।
हर्षा भोगले@bhogleharsha

चौथी बार ब्राजील का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद लूला के दो बयान बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। एक तो उन्होंने कहा कि ब्राजील किसी की बपौती नहीं है और दूसरा हमें अपने यहां सक्रिय डिजिटल प्लेटफार्म्स का नियमन करना होगा।
हर्ष गुप्ता मधुसूदन@harshmadhusudan

ब्राजील के वामपंथी चाहते हैं कि छात्र विज्ञान, तकनीक और गणित तथा एआइ के क्षेत्र में आगे। भारत के वामपंथी चाहते हैं कि छात्र जेंडर स्टडीज या समाजशास्त्र की पढ़ाई करें। यह भारत की बदकिस्मती है कि यहां विश्व के सबसे खराब वामपंथी मौजूद हैं।
यश@Y_On_Earthh

उत्तराखंड डायरी



रविंद्र बड़थ्वाल
राज्य ब्यूरो प्रमुख, उत्तराखंड

चुनावी यात्राओं का श्रीगणेश

उत्तराखंड में अगले विधानसभा चुनाव के दंगल में कांग्रेस का प्रदर्शन निखरेगा या बिखरेगा, अपनों के असंतोष और नाराजगी ने पार्टी को इस यक्ष प्रश्न का जवाब ढूंढने के लिए बाध्य कर दिया है। तमाम दिग्गजों को एकजुट कर जनता में संदेश देने के जिस उद्देश्य के साथ प्रदेशभर में 'न्याय यात्रा प्रारंभ की गई, शुरुआती चरण में ही टिकट के दावेदारों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शमनगर से उठी इस तरह की चिंगारी का दायरा न्याय यात्रा और पार्टी की चुनावी गतिविधियों के साथ तेजी से बढ़ रहा है। देहरादून टिकट के दावेदारों के बीच खींचतान शुरू हो चुकी है। अंतरखाने सतासूढ़ भाजपा को जहां यह अंतर्कलह सुहा रही है, वहीं न्याय यात्रा के जवाब में लोकतंत्र बचाओ और अराजकता हटाओ के नाम से समांतर यात्रा भी निकाल रही है। दोनों दल सड़कों पर आमने-सामने हैं। पक्ष और विपक्ष की इन दोतरफा यात्राओं ने प्रदेश का सियासी तापमान बढ़ा दिया है।

अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय शेष नहीं है। प्रदेश की छठी विधानसभा के लिए होने जा रहे चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण हो गए हैं। चुनाव के परिणाम यह तय करेंगे कि प्री-इनकंबेंसी के प्रचार के माध्यम से एंटी-इनकंबेंसी को काबू में रखा जा सकता है या नहीं। प्री-इनकंबेंसी को सफलता मिली तो जीत की हैट्रिक लगाने का भाजपा का सपना पूरा हो जाएगा। निश्चित रूप से ऐसा होने पर उत्तराखंड में कांग्रेस की आगे की राह मुश्किल होगी। खासकर संगठन के स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना पहाड़ चढ़ने जैसा कठिन होगा। यही कारण है कि कांग्रेस करो या मरो की तर्ज पर इस चुनाव को लड़ने जा रही है। कांग्रेस में इस बार बड़ा राजनीतिक बदलाव यह है कि राज्य में चुनावी एजेंडा और उसकी गतिविधियों को काफी हद तक केंद्रीय नेतृत्व के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है। चुनावी शंखनाद के बाद से



गढ़वाल क्षेत्र के जोशीमठ में कांग्रेस की न्याय यात्रा। फाइल

कांग्रेस पहले परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाल चुकी है। मुख्य रूप से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के विरोध में यह अभियान प्रदेशभर में चलाया गया। हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले के कुछ हिस्सों में यह मुद्दा गरमाने के प्रयास हुए, लेकिन इसका फलक बढ़ाने में कोई विशेष सफलता नहीं मिली। इसके चलते कांग्रेस अंकिता भंडारी हत्याकांड को फिर से चुनावी मुद्दा बनाने के प्रयास में है। पौड़ित परिवार को न्याय दिलाने के भावनात्मक कार्ड पर दांव खेलना शुरू हो गया है। यहां तक कि दिल्ली में इंडिया गेट पर अंकिता के परिजनों से खुद राहुल गांधी मिलने जा पहुंचे। न्याय यात्रा में कांग्रेस का मानो एकमेव एजेंडा अंकिता प्रकरण ही है।

न्याय यात्रा अपने मकसद में कितनी सफल रहेगी, यह तो चुनाव बाद पता चलेगा, लेकिन राजधानी के पछवादून में इस यात्रा के दौरान कांग्रेस की सांगठनिक खींचतान सार्वजनिक होती दिखाई दे रही है। देहरादून की 10 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस के पास अभी मात्र एक सीट है। यहां सीटों का ग्राफ ऊपर ले जाने के जतन की शुरुआत में झटके लगने लगे हैं। विधानसभा क्षेत्रों में पूर्व प्रत्याशी वर्तमान में भी टिकट के दावेदार हैं। इन क्षेत्रों में नए दावेदार सामने आए हैं। साथ में कद्दावर नेताओं को लाकर जीत का गणित साधने की पार्टी की मंशा को सीधी चुनौती मिल रही है।

एंटी-इनकंबेंसी को उभारकर घेराबंदी में जुटी कांग्रेस के हर कदम पर भाजपा भी बारीकी से नजरें गड़ाए हुए है। कांग्रेस के नारों या इशारों का सधी रणनीति से जवाब दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। हाल ही में चकराता क्षेत्र के एक परिवार को धमकाने का वीडियो सार्वजनिक हुआ है। इसमें कांग्रेस के बड़े नेता प्रीतम सिंह के दो भाई एक परिवार और उनकी दो बेटियों को कथित रूप से धमकी देते सुनाई दे रहे हैं। भाजपा ने अंकिता कांड के जवाब में इस प्रकरण को सामने रख दिया है। खुद मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया है कि अंकिता को तो सरकार ने कानून की सीमा के तहत हरसंभव इंसाफ दिलाने का काम किया है, लेकिन कांग्रेस इन बहनों को धमकाने के मामले में चुप क्यों हैं। बकौल धामी, एक ओर कांग्रेस अंकिता की आत्मा को झकझोरकर घड़ियाली आंसू बहा रही है, जबकि चकराता की बहनों को धमकी के मामले में बोलती बंद है। भाजपा ईंट का जवाब पत्थर से देने की तैयारी में है।

उधर, भाजपा हाईकमान ने प्रदेश संगठन की सहायता के लिए तपे-तपाए रणनीतिकारों को भी मैदान में उतार दिया है। प्रदेश प्रभारी राम माधव जहां वरिष्ठ नेताओं को साध रहे हैं, वहीं वे सह-प्रभारियों में बांसुरी स्वराज युवाओं और महिलाओं को लामबंद करने में जुटी हैं। दूसरे अरविंद मेनन के साथ प्रदेश महामंत्री संगठन फणींद्रनाथ सांगठनिक स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाकर टीमवर्क के लिए तैयार कर रहे हैं। भाजपा का प्रयास है कि हर राजनीतिक हमले का करारा जवाब देकर जनता के बीच स्थिति मजबूत की जाए।

जागरण जनमत कल का परिणाम

क्या शत प्रतिशत एथनाल वाली कारों को मंजूरी देने से कच्चे तेल के आयात में कटौती करने में मदद मिलेगी?



स्थानीय अंकड़ों प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी टी-20 क्रिकेट की सबसे मजबूत ओपनिंग जोड़ी बन सकती है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

चोरी कर कोतवाल को डांट रहा खुद चोर,
देखो-देखो आ गया कैसा कलियुग घोर।
कैसा कलियुग घोर बाप का नाम निकाले,
फिर ये सीना तान ठोंकते दिखते ताले!
खरगे हुए बुजुर्ग हरकतें मगर छिछोरी,
समझ रहे हैं शाह स्वयं को करके चोरी!!
-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन

महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा

भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। इसका लाभ महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा के रूप में भी प्राप्त हो रहा है। राष्ट्र की प्रगति का यह एक बड़ा संकेतक है



रीना एन सिंह
अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय

किसी राष्ट्र की प्रगति का आकलन केवल उसकी आर्थिक विकास दर, औद्योगिक विस्तार और प्रति व्यक्ति आय से नहीं किया जा सकता। इसका एक महत्वपूर्ण पैमाना यह भी है कि वहां महिलाएं कितनी सुरक्षित, आत्मनिर्भर और निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्रदान कर रही है। पिछले एक दशक के दौरान देश के अनेक राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा और शिक्षा के मामले में प्रगति हुई है। इस संदर्भ में यदि उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो प्रदेश सरकार ने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति, बूमन पावर लाइन-1090, महिला बीट पुलिसिंग और सेफ सिटी परियोजना जैसी पहलों को आगे बढ़ाया है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को घर, सड़क, शिक्षण संस्थानों और कार्यस्थलों पर सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस नीति पर जोर दिया गया है। तमाम उदाहरण इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि कानून-व्यवस्था में सुधार से महिलाओं के लिए शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों का विस्तार हुआ है। हालांकि, महिला सुरक्षा का वास्तविक आकलन शिकायतों पर कार्रवाई के साथ-साथ अपराध के आंकड़ों, मामलों के निस्तारण, दोषसिद्धि और महिलाओं के अनुभवों के आधार पर भी किया जाना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा का महत्व तब और बढ़ जाता है, जब वे शिक्षा प्राप्त करने, नौकरी करने और अपना कारोबार शुरू करने के लिए घर से बाहर निकलती हैं।

श्रम बल में महिला हिस्सेदारी : केंद्र सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर सामान्य स्थिति के आधार पर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत थी, जो 2023-24 में बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई। ये अखिल भारतीय आंकड़े हैं, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग आंकड़े नहीं। इससे स्पष्ट होता है कि देश में महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में इस प्रगति का सही आकलन करने के लिए राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, नियमित वेतन वाली नौकरियों, स्वरोजगार तथा कृषि कार्य में महिलाओं की भागीदारी को अलग-अलग देखना उपयोगी होगा। प्रदेश सरकार के 2026-27 के बजट दस्तावेज में मिशन शक्ति के तहत सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सेवाओं के समन्वय का उल्लेख है। राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 2016-17 के 13.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 30.25 लाख करोड़ रुपये हो गया।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और राज्य की अर्थव्यवस्था के विस्तार के बीच संबंध महत्वपूर्ण है, लेकिन आर्थिक वृद्धि का पूरा श्रेय किसी एक योजना या समूह को देना उचित नहीं होगा। इसके लिए रोजगार, आय, कौशल विकास, शिक्षा और महिला उद्यमिता से जुड़े आंकड़ों का संयुक्त विश्लेषण आवश्यक है। महिला सशक्तीकरण का लक्ष्य केवल अपराध से सुरक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं को अपने निर्णय लेने, शिक्षा पूरी करने, रोजगार हासिल करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर देना भी है। इसके लिए हेल्पलाइन और पुलिस व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के साथ सार्वजनिक परिवहन, कौशल प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसरों पर भी लगातार काम करना होगा।

महिला सुरक्षा की राह में चुनौतियां : महिला सुरक्षा का सवाल केवल अपराध रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस सामाजिक व्यवस्था को बदलने की चुनौती भी है, जिसमें महिलाओं की स्वतंत्रता को आज भी अनेक बंदिशों के बीच परखा जाता है। कानूनों की सख्ती, सरकारी योजनाओं और जागरूकता अभियानों के बावजूद महिलाओं के विरुद्ध अपराध की घटनाएं यह सवाल उठाती हैं कि आखिर सुरक्षा के दावों और जमीनी हकीकत के बीच इतनी दूरी क्यों है? ऐसे में महिला सुरक्षा और विकास के लिए शुरू की गई पहलों का मूल्यांकन नियमित एवं पारदर्शी आंकड़ों से किया जाना चाहिए। शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में कमी और आर्थिक स्वतंत्रता जैसे संकेतक बताएंगे कि योजनाओं का लाभ जमीन पर कहां तक पहुंच रहा है।



श्रमबल में महिलाओं की संख्या बढ़ने से समाज के विकास की गति बढ़ जाती है। फाइल

एसबीआइ लाइफ इंश्योरेंस को 549 करोड़ रुपये का लाभ

नई दिल्ली: एसबीआइ लाइफ इंश्योरेंस ने मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में उसका शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 549 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी को 495 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। कंपनी ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि बीती तिमाही में उसकी शुद्ध प्रीमियम आय 8.17 प्रतिशत बढ़कर 26,877 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वर्ष समान तिमाही के दौरान 24,848 करोड़ रुपये थी। (प्रेट्र)



बीमा वितरण से जुड़े प्रस्तावित बदलावों को उद्योग के साथ आम सहमति बनने के बाद ही लागू किया जाएगा। मार्केटप्लेस बीमा सुगम को अगले 30-45 दिनों में पेश किया जाएगा।
- अजय रोट, चेयरमैन, इरडा

सेंसेक्स	73,598.67 ▼ 8.08	निफ्टी	22,749.75 ▼ 3.45	सोना प्रति दस ग्राम	₹1,45,800 ▼ ₹500	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹1,98,000 ▼ ₹4,000	डालर	₹ 95.07 ▼ ₹ 0.08	क्रूड प्रति बैरल	$ 115.80

एक नजर में

सितंबर में जियो-एयरटेल से 53 लाख सब्सक्राइबर जुड़े

नई दिल्ली: सितंबर 2026 में देश में मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या में 65.7 लाख की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही कुल मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 1.3 अरब हो गई है। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ट्राई की ओर से जारी डाटा के अनुसार, पिछले महीने कुल सब्सक्राइबर्स में से 53 लाख रिलायंस जियो और भारती एयरटेल से जुड़े हैं। जियो से जुड़ने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या 27.1 लाख रही है। इसी तरह, भारती एयरटेल से 26.9 लाख मोबाइल सब्सक्राइबर जुड़े हैं। (प्रेट्र)

कोल इंडिया का पूंजीगत खर्च 27 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2026) में उसका पूंजीगत खर्च 27 प्रतिशत बढ़कर 7,966 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी का पूंजीगत खर्च 6,283 करोड़ रुपये था। कंपनी ने पहली छमाही में 7,286 करोड़ रुपये और पूरे वित्त वर्ष में 16,500 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का लक्ष्य रखा है। (प्रेट्र)

एचडीएफसी बैंक के सीईओ अनूप बागची ने पद संभाला

मुंबई: निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को कहा कि नवनियुक्त सीईओ और एमडी अनूप बागची ने पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शशिधर जगदीशन का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल सोमवार को पूरा हो गया था। आइसीआइसीआइ समूह के अनुभवी अधिकारी बागची एचडीएफसी बैंक के तीन दशक से अधिक के इतिहास में बैंक की कमान संभालने वाले पहले बाहरी व्यक्ति हैं। इससे पहले वे आइसीआइसीआइ प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में एमडी और सीईओ के पद पर थे। (प्रेट्र)



अनूप बागची।

को-वर्किंग प्लेस के पते पर भी जीएसटी पंजीयन

कारोबारी को को-वर्किंग प्लेस सदस्य की कापी देनी होगी, एक नवंबर से लागू होंगे नए नियम

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : एक नवंबर से जीएसटी पंजीयन से लेकर जीएसटी मामले में आने वाले नोटिस के नियम बदलने जा रहे हैं। नए नियमों के मुताबिक, को-वर्किंग प्लेस से अगर कोई कारोबार कर रहा है तो उस पते को देकर भी जीएसटी पंजीयन कराया जा सकता है। कारोबारी को को-वर्किंग प्लेस का सदस्य होने की कापी अपलोड करनी होगी। कापी में यह स्पष्ट होना चाहिए कि वह को-वर्किंग प्लेस कहां पर है और कारोबारी को को-वर्किंग प्लेस का कौन सा डेस्क काम करने के लिए दिया गया है। को-वर्किंग प्लेस उस स्थान को कहते हैं, जहां पर कई छोटे-छोटे कारोबारी अलग-अलग कारोबार करते हैं।

नए नियम के मुताबिक, आधार नंबर के आधार पर पंजीयन लेने पर अधिकारी उस पते की छानबीन करने नहीं जाएगा। जालसाजी या अन्य गंभीर गड़बड़ी का शक होने पर ही पते की छानबीन की जाएगी। जिस पते पर पंजीयन कराया जा रहा है और अगर वह संपत्ति किसी पूर्वज की है तो उस पूर्वज का मृत्यु प्रमाणपत्र देना होगा। पते की साफ तौर दिखाने के लिए बिजली बिल, हाउस टैक्स जैसे बिल साथ में संलग्न करने होंगे। विभाग के कर्मचारी जीएसटी पंजीकरण के लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त दस्तावेज नहीं मांग सकेंगे। अधिकारियों को ऐसे कोई अनुमानित सवाल नहीं उठाना चाहिए जो पंजीकरण आवेदन की प्रक्रिया में प्रासंगिक न हो। जीएसटी नेटवर्क के पोर्टल पर पंजीयन के लिए आवेदन करने से पहले नए नियम के बारे में आवेदक तमाम जानकारी ले सकते हैं।

- **आधार नंबर पर पंजीयन लेने पर अधिकारी उस पते की छानबीन करने नहीं जाएगा**
- **जीएसटी काउंसिल की बैठक में पंजीयन को सरल बनाने संबंधी लिए गए थे फैसले**



नोटिस के लिए अधिकारी को कारोबारी की गलत मंशा साबित करना होगी

अभी जीएसटी अधिकारी कई बार कारोबारी को जीएसटी का बकाया होने पर उन्हें जीएसटी को लेकर फ्राड करने का नोटिस थमा देते हैं। एक नवंबर से जीएसटी अधिकारी यह नहीं कर पाएंगे। उन्हें उस नोटिस के साथ यह भी साक्ष्य देना होगा कि उस कारोबारी ने जीएसटी को लेकर क्या धोखाधड़ी की है। जीएसटी बकाया होने का मतलब फ्राड करना नहीं है। इस प्रकार के नोटिस को भेजने से पहले अधिकारी को अपने वरिष्ठ अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। अगर कोई नोटिस जारी होता है तो नोटिस में पूरा तथ्य होना चाहिए। अभी नोटिस का एक प्रारूप होता है और उसमें समान प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। अब नोटिस में हर साल के बकाए के साथ पूरा तथ्य रखना होगा।

काउंसिल की बैठक में जीएसटी पंजीयन को बिल्कुल सरल बनाने का फैसला किया गया था। मंगलवार को इस फैसले पर अप्रत्यक्ष कर विभाग ने सर्कुलर जारी किया है। इसके सथ अन्य सात नियम को लेकर भी सर्कुलर जारी किए गए हैं और सभी नियम आगामी एक नवंबर से लागू होने जा रहे हैं। जीएसटी पंजीयन के सरलीकरण, अपील को लेकर शुल्क जमा करने, नोटिस के कारण बिल्कुल स्पष्ट बनाने, रिफंड को आसान बनाने जैसे नियम शामिल हैं। जिन फैसलों को लागू करने के लिए जीएसटी कानून में संशोधन की जरूरत है, उन पर अगले साल एक अप्रैल से अमल होगा।



बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या क्लिक करें jagran.com

करीब आधे दोपहिया खरीदार ईवी पर कर रहे विचार



1,600 लोगों पर किया गया सर्वे महानगरों और गैर-महानगरों में



लोग टियर-2 या इससे छोटे शहरों से शामिल थे सर्वे में

भारत में सक्रिय रूप से दोपहिया खरीदने वाले करीब 43 प्रतिशत लोग इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) लेने पर विचार कर रहे हैं। 2024 में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत था। इसी तरह, ईवी को पूरी तरह से खारिज करने वालों की संख्या भी 2024 की 38 प्रतिशत से घटकर 2026 में 29 प्रतिशत पर आ गई है। **बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी)** की ओर से हाल में जारी एक सर्वे रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इलेक्ट्रिक दोपहिया अपनाने की दर करीब दोगुना हुई

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो वर्षों में इलेक्ट्रिक दोपहिया अपनाने की दर करीब दोगुनी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक (अप्रैल-अगस्त 2026) कुल दोपहिया बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 9.9 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 5.5 प्रतिशत थी। स्कूटरों में इनकी हिस्सेदारी 16.8 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई। हर महीने करीब 1.8 लाख भारतीय पहली बार इलेक्ट्रिक दोपहिया खरीद रहे हैं।

54% की दर से बढ़ रही इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री

वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटरों की बिक्री की वृद्धि दर वर्ष-दर-वर्ष (सीएजीआर) आधार पर 54 प्रतिशत रही है। यह पेट्रोल स्कूटरों की वृद्धि के मुकाबले तीन गुना से अधिक है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने वाली फेम योजना को आगे बढ़ाने और जीएसटी सुधारों की प्रक्रिया जैसे नीतिगत बदलावों से यह तेजी आई है। उपभोक्ताओं ने कम रखरखाव लागत, आराम, रूप-रंग, चलाने में आसानी, सामान रखने की जगह और डिजिटल सुविधाओं के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटरों को अच्छी रेटिंग दी है।

ईवी के लिए खराब सड़कें चिंता का विषय

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए खराब सड़कें, शहर से हाईवे तक के सफर और टिकाऊपन को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। टिकाऊपन पर संदेह की एक वजह यह है कि इन वाहनों का इस्तेमाल अभी इतना लंबा नहीं हुआ है कि पेट्रोल दोपहिया से तुलना की जा सके। बीसीजी के प्रबंध निदेशक नटराजन शंकर का कहना है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया अब खरीदारों के लिए स्वाभाविक विकल्प बन रहे हैं। छोटे शहरों के युवा भरोसेमंद और अच्छे दिखने वाले वाहन की अपेक्षा रखते हैं। इलेक्ट्रिक वाहन हर साल इन जरूरतों में से अधिक को पूरा कर रहे हैं।



(ग्राफिक्स : इनपुट : प्रेट्र) जागरण इन्फो

चीन को बड़े निर्यातक के तौर पर उभरेगा भारत: गोयल

हेग, प्रेट्र: वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भारत चीन और आसियान देशों में वस्तु और सेवाओं के एक बड़े निर्यातक के तौर पर उभरेगा। उन्होंने कहा कि भारत हर देश के साथ मुक्त और निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। 'एसोसिएशन आफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस' (आसियान) के सदस्य देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

दो दिवसीय दौरे पर यहां आए गोयल ने कहा कि चीन हमें महत्वपूर्ण मध्यवर्ती वस्तुएं और कच्चा माल उपलब्ध करता है। अगर हमें किसी उत्पाद के मामले में लगता है कि मूल्य निर्धारण सही नहीं है तो इसके लिए एक स्थापित न्यायिक प्रक्रिया है, जिसका पालन किया जाता है। हम खुले व्यापार के नियमों में विश्वास करते हैं। गोयल ने यह बात 14 अक्टूबर को दिए गए उस बयान के बाद कही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत चीन के साथ अपने संबंधों को दोबारा परिभाषित करने की दिशा में काम कर रहा है, लेकिन इसका इस पर अंतिम फैसला किया जाना बाकी है।



पीयूष गोयल ●

वाणिज्य मंत्री ने कहा- भारत हर देश से मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिए तैयार, मूल्य निर्धारण के लिए एक स्थापित प्रक्रिया

रिकार्ड बिक्री के बावजूद मारुति का शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, प्रेट्र: देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी लिमिटेड ने मंगलवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में रिकार्ड बिक्री के बावजूद उसका शुद्ध लाभ 26.36 प्रतिशत घटकर 2,466.1 करोड़ रुपये रहा है। इसका प्रमुख कारण कच्चे माल की लागत बढ़ना रहा है। जुलाई-सितंबर 2025 में कंपनी को 3,349 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

बीती तिमाही के दौरान कंपनी का कुल संचालन राजस्व बढ़कर 53,355.5 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष समान अवधि में 42,344.2 करोड़ रुपये था। कंपनी ने तिमाही के दौरान रिकार्ड 6,96,654 वाहन बेचे, जो पिछले साल की समान अवधि से 26.5 प्रतिशत अधिक है। छोटी कारों की बिक्री 35.9 प्रतिशत और एसयूवी की 68.2 प्रतिशत बढ़ी। घरेलू बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी 40.8 प्रतिशत हो गई है।

धनतेरस से पहले दो लाख रुपये प्रति किलो से नीचे आई चांदी

नई दिल्ली, प्रेट्र: त्योहारी सीजन में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है और धनतेरस से पहले ही चांदी दो लाख रुपये प्रति किलो से नीचे आ गई है। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी 4,000 रुपये गिरकर 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह 10 महीने का निचला स्तर है। 16 दिसंबर को चांदी का भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इससे पिछले सत्र में चांदी 2,02,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। बता दें कि धनतेरस पर सोने-चांदी की ज्वैलरी को खरीदना शुभ माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक सराफा बाजारों में कमजोरी और डालर के मजबूत होने का असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा है।

सोने की कीमत भी 500 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। सोमवार को यह 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी रिसर्च एनालिस्ट (वाइस प्रेसिडेंट) जतिन त्रिवेदी ने कहा, डालर के मजबूत होने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की लगातार कमजोरी से घरेलू बाजारों में सोना दबाव में रहा। घरेलू बाजार में भी सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की उम्मीद है।



- **मंगलवार को चांदी 4,000 रुपये गिरकर 1.98 लाख रुपये प्रति किलो हो गई**
- **सोने का मूल्य भी 500 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया**

राष्ट्रीय फलक

पेट्रोल में 20% से अधिक एथनाल मिलाने की योजना नहीं: पुरी

पणजी, प्रेट्र: केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की पेट्रोल में एथनाल का मिश्रण मौजूदा 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर पुरी ने यह भी दावा किया कि जैव ईंधन को लेकर लोगों के बीच भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत एथनाल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर भ्रामक सूचना एक गढ़ा हुआ नैरेटिव है।

कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने की रणनीति के तहत सरकार एथनाल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दे रही है। कच्चे तेल का आयात चालू खाते के घाटे के सबसे बड़े कारणों में से एक है। देश में ई20 ईंधन पहले ही शुरू किया जा चुका है, जिसमें 20 प्रतिशत एथनाल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। पुरी ने कहा कि उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट देखा था, जिसमें दावा किया गया था कि वाहन बंद हो गए हैं और उनमें खराबी आ रही है। पोस्ट से यह संकेत मिलता था कि सरकार ने मिश्रित ईंधन की बिक्री रोक दी है। उन्होंने कहा कि ई20 मिश्रित ईंधन के लिए नियमों के अनुरूप वाहन बनाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 2003 से पहले बने पुराने वाहनों में कुछ समस्या जरूर थी।

हरदीप पुरी ने कहा, हर दिन छह करोड़ वाहन ईंधन भरने वाले केंद्रों पर आते हैं। अगर ईंजन को नुकसान पहुंच रहा होता तो आपको हर जगह वाहन दिखाई देते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई20 पेट्रोल शुरू करने से केंद्र सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई, जिसमें से 1,40,000 करोड़ रुपये किसानों को वापस दिए गए। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता बन गए हैं।

उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में बदलाव की अधिसूचना जारी की। इससे ई100 तक (लगभग शुद्ध एथेनाल) पर चल सकने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को अनुमति मिल गई है। ई100 ईंधन से वाहन लगभग शुद्ध एथनाल पर चल सकते हैं।

- **केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप बोले- जैव ईंधन को लेकर भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रहीं**
- **कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए एथनाल मिश्रित ईंधन को बढ़ावा दिया जा रहा**



हरदीप सिंह पुरी। फाइल

होर्मुज संकट से निपटने के लिए भारत ने एलपीजी उत्पादन बढ़ाया

हरदीप पुरी ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच भारत ने एलपीजी आयात के स्रोतों को बढ़ाकर 41 देशों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पूरे संकट के दौरान घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता निर्बाध बनी रही। पुरी ने कहा कि घरेलू उत्पादन में बढ़ोतरी की गई। इसे 34,000 से 55,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन तक पहुंचाया गया। अमेरिका तथा अल्जीरिया से आयात ने खाड़ी क्षेत्र से आपूर्ति में आई बाधाओं की भरपाई करने में मदद की।

एनएसवी से की समीक्षा तो उतर गए ठेकेदार, कंसल्टेंट और अफसरों के कपड़े : गडकरी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि नेटवर्क सर्वे व्हीकल (एनएसवी) की रिपोर्ट के आधार पर हाईवे परियोजनाओं की समीक्षा शुरू की गई है। तीन-चार माह में सात-आठ सौ प्रोजेक्ट की समीक्षा हो चुकी है। अब कहीं भी गड्ढा हो तो पता चल जाता है। इससे ठेकेदार डरे हुए हैं। अब अधिकारी कुछ छिपा नहीं सकते। ठेकेदार, कंसल्टेंट और अधिकारियों के कपड़े उतर गए हैं। कहा, जहां बेईमानी होगी, वहां ऐसी कार्रवाई करेंगे, जिसे संबंधित लोग जीवन भर याद रखेंगे।

एनएसवी हाईवे की निगरानी के लिए तैयार किया गया हाईटेक वाहन है। इसमें लगे कैमरों, सेंसर, एआइ तकनीक से सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा संबंधी खामियों की रिपोर्ट तैयार होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने इसके जरिये निगरानी के विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी कर रखे हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के एक कार्यक्रम में गडकरी ने आशंका जताई कि एनएसवी को भी मैनेज करने की कोशिश हो सकती है। अतः एक हाईवे की निगरानी तीन एनएसवी से कराने को कहा है। बोले, पुलों के बीयरिंग, एक्सपैंशन ज्वाइंट बनाने वाली कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। इस संबंध में नए नियम बनाए जा रहे हैं।

अच्छी सड़कों से नौ प्रतिशत घर आ गई लाजिस्टिक दर: गडकरी ने कहा,चीन में लाजिस्टिक दर आठ प्रतिशत, जबकि यूरोप,अमेरिका में 12 प्रतिशत है। भारत में यह दर दो साल पहले 16 प्रतिशत थी, जो अब नौ प्रतिशत पर आ गई है। कहा, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सौ रुपये खर्च करने से अर्थव्यवस्था पर 325 रुपये का सकारात्मक असर पड़ता है और जीडीपी बढ़ती है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद चारधाम यात्रियों की संख्या तीन गुना बढ़ गई। अगले दो माह में दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेसवे शुरू होगा।

- **सड़क परिवहन मंत्री ने कहा, - चार महीनों में 800 हाईवे प्रोजेक्टों की समीक्षा हो चुकी**
- **जहां बेईमानी होगी, वहां ऐसी कार्रवाई करेंगे, जिसे संबंधित लोग जीवन भर याद रखेंगे**



नितिन गडकरी। फाइल

आनलाइन खरीदारी में कीमत महत्वपूर्ण: सर्वे

आनलाइन प्लेटफार्म से खरीदारी करने वाले 10 में से सात यूजर्स का कहना है कि त्यौहार के लिए खरीदारी करने के दौरान उनके लिए बेहतर कीमत सबसे ज्यादा अहम होगी। लोकल सर्कल्स के ताजा सर्वे में यह बात सामने आई है। 65 प्रतिशत यूजर्स खरीदारी का फैसला उत्पाद की गुणवत्ता पर करेंगे। सर्वे के दौरान देश के 130 जिलों में दो लाख से अधिक लोगों की राय ली गई।

त्योहारी सीजन में आनलाइन खरीदारी के लिए प्लेटफार्म चुनते समय कौन सी फैक्टर आपके लिए सबसे ज्यादा अहम होंगे

बेहतर कीमत	71 प्रतिशत
आफर और डिस्काउंट	38 प्रतिशत
कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं	43 प्रतिशत
उत्पादों की उपलब्धता	46 प्रतिशत
जरूरी उत्पादों की ज्यादा रेंज	31 प्रतिशत
उत्पाद की गुणवत्ता	65 प्रतिशत
तेज डिलीवरी	22 प्रतिशत
भरोसेमंद डिलीवरी	28 प्रतिशत
कह नहीं सकते	3 प्रतिशत

मनी लांड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ के दो कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी के छापे

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर

छत्तीसगढ़ के रायपुर व दुर्ग जिलों के दो कारोबारियों के यहां मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दबिश दी। रायपुर में ज्वेलरी और जमीन कारोबारी नितिन डागा से जुड़े रवि नगर स्थित सुशील विला में ईडी के अधिकारी पहुंचे तो दुर्ग में कारोबारी गुलशन कुमार बघेल के ऋषभ ग्रीन सिटी स्थित आवास और रायपुर के मालवीय नगर स्थित उनके कार्यालय में जांच की गई। दोनों कारोबारियों से जुड़े ठिकानों पर दस्तावेज और वित्तीय लेनदेन की पड़ताल की जानकारी सामने आई है। कार्रवाई के बाद देर शाम रायपुर के कारोबारी डागा के यहां से 16 लाख नकदी और दुर्ग के कारोबारी बघेल के घर से करीब 15 मोबाइल फोन, लैपटाप और वित्तीय दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

गुलशन बघेल के ठिकानों पर हुई कार्रवाई की शराब घोटाले से जुड़े वित्तीय और रकम की हेराफेरी की जांच से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के हवाले से 30 करोड़ रुपये एक महिला अधिकारी तक पहुंचाने और उससे संबंधित लेनदेन की पड़ताल की जा रही है। गुलशन बघेल परिवहन व्यवसाय और अन्य गतिविधियों से जुड़ा है। उसके नाम से बघेल कार्पोरेट प्राइवेट लिमिटेड सहित कारोबारी फर्मों के संचालन की जानकारी सामने आई है। दस्तावेज के आधार पर वित्तीय लेनदेन की जांच आगे बढ़ने की संभावना है। कारोबारी गुलशन बघेल पहले भी विवादों में रहा है। उस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का रिश्तेदार बताकर रसूख दिखाने व नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप लगे थे।

- **रायपुर व दुर्ग जिलों के दो कारोबारियों के आवास और कार्यालय में खंगाले दस्तावेज**
- **पहले भी विवादों में रहा है गुलशन बघेल, नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोप**



ज्वेलरी और जमीन कारोबारी नितिन डागा से जुड़े रवि नगर स्थित सुशील विला के बाहर खड़े सुरक्षाकर्मी। नईदुनिया

जेपीएससी की 36 नियुक्ति परीक्षाओं में नौ में मिले अनियमितता के साक्ष्य

राज्य ब्यूरो, जागरण, रांची: झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 36 नियुक्ति परीक्षाओं में नौ में अनियमितता के साक्ष्य मिले हैं। झारखंड पुलिस की सीआइडी ने चार्जशीट में इसका जिक्र किया है। सीआइडी के अनुसार, जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष एल खियांग्ते, तत्कालीन उप परीक्षा नियंत्रक श्वेता कुमारी गुप्ता व परीक्षा संचालन से जुड़ी एजेंसी मेसर्स टीएसआर डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीडीपीएल) के सिंडिकेट ने धांधली की। इन आरोपितों ने नियुक्ति परीक्षा पास कराने के नाम पर अवैध रूप से भारी रकम की बसूली कर नौकरियां उन्हें बेच दी।

इस क्रम में करोड़ों रुपये के अवैध लेन-देन किए गए। महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सीधे तौर पर चुनिंदा अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने, पेपर लीक करने, ओएमआर शीट में हेरफेरी, खाली ओएमआर शीट में अंक भरने से लेकर परीक्षा केंद्र के बाहर कापियां लिखवाने तक में यह सिंडिकेट सक्रिय था।

टोल के 20 किमी के दायरे में रहने वालों को एक नवंबर से रियायती फास्टैग पास

नई दिल्ली, प्रेट्र : नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोग एक नवंबर से सालाना रियायती लोकल पास ले सकेंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, नगरपालिका या कस्बे की सीमा से बाहर स्थित टोल प्लाजा के लिए पास का सालाना शुल्क 1,500 रुपये और सीमा के भीतर स्थित प्लाजा के लिए 3,000 रुपये होगा।

वैध व चालू फास्टैग वाले पात्र गैर-व्यावसायिक वाहन मालिक किसी खास शुल्क प्लाजा से आने-जाने के लिए मौजूदा मासिक पास या रियायती लोकल पास में से चुन सकते हैं। यह पास सिर्फ उसी प्लाजा के लिए मान्य होगा और दूसरे प्लाजा पर इस्तेमाल के लिए हस्तांतरित नहीं किया जा सकेगा। फिलहाल पात्र लोग 360 रुपये का मासिक पास लेते हैं, जिसकी सालाना लागत 4,320 रुपये है। मंत्रालय ने आगे कहा कि ऐसे किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग या एक्सप्रेसवे पर आने-जाने के लिए कोई रियायती स्थानीय पास जारी नहीं किया जाएगा, जहां 'क्लोज्ड यूजर फीस कलेक्शन सिस्टम' के आधार पर शुल्क लिया जाता है। यात्रियों के लिए सर्विस रोड या वैकल्पिक सड़क उपलब्ध होने पर भी पास नहीं मिलेगा। देश में 13 करोड़ से अधिक फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। नए प्रविधान का उद्देश्य टोल प्लाजा के पास रहने वाले पात्र लोगों के लिए यात्रा को किफायती बनाना और आवागमन आसान करना है।

- **शहर से बाहर स्थित टोल प्लाजा के लिए पास का सालाना शुल्क 1,500, सीमा के भीतर 3,000 रुपये होगा**



प्रतीकात्मक

कल्पमेधा

कंप्यूटर कभी भी समितियों का विकल्प नहीं बन सकते, क्योंकि समितियां ही कंप्यूटर खरीदने का प्रस्ताव स्वीकृत करती हैं।

– एडवर्ड शेफर्ड मीडस

सुविधा की सीमा

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि आम जनता के लिए बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करने का जो काम सरकार को अपने स्तर पर पूरा करना चाहिए, उसके लिए अदालतों को ध्यान दिलाना पड़ता है। कहने को सरकार आए दिन देश भर में स्वच्छता का संदेश देने के लिए हर परिवार के लिए सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मुहैया कराने का दावा करती रहती है और इस दिशा में कुछ काम हुए हैं। मगर आज भी हालत यह है कि न केवल सार्वजनिक जगहों पर, बल्कि बहुत सारे स्कूलों और यहां तक कि कई अदालतों के परिसरों तक में मौजूद बुनियादी सुविधाएं बदहाली से दो-चार हैं। इस मामले में महिलाओं को किस स्तर की मुश्किल झेलनी पड़ती है, यह कोई छिपा तथ्य नहीं है। सवाल है कि सरकार के लिए पिछले एक दशक से ज्यादा समय से जो एक प्रमुख मुद्दा रहा है, उस मामले में आज भी दशा क्यों ऐसी है कि अलग-अलग जगहों पर समाज का एक बड़ा तबका साफ सार्वजनिक शौचालयों की कमी का सामना करता है और उसके लिए शीर्ष अदालत के सामने निर्देश जारी करने की नौबत आती है। क्या यह अपनी ही किसी बहुप्रचारित योजना को लेकर सरकार की अगंभीरता का उदाहरण नहीं है?

गौरतलब है कि देश भर के अदालत परिसरों में महिला वकीलों के लिए बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख दिखाया है। अदालत ने सभी राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों और उच्च न्यायालयों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महिला वकीलों के लिए अलग बार-कक्ष और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। ऐसे अनेक मौके होते हैं, जब सरकारें नाहक ही फिजूलखर्ची करती दिखती हैं, लेकिन जनकल्याण के किसी काम का मसला आने पर धन की कमी का रोना रोती हैं। इसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें इसके लिए आवश्यक बजट आवंटित करें और हाई कोर्ट की भवन एवं बुनियादी ढांचा समितियां इन निर्देशों के क्रियान्वयन की निगरानी करें। सवाल है कि क्या यह एक ऐसी समस्या है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देने की जरूरत पड़नी चाहिए थी। अगर कई राज्यों में बड़ी संख्या में जिला अदालत परिसरों में महिला वकीलों को अलग शौचालय के अभाव का सामना करना पड़ता है, तो यह किसकी नाकामी है?

पिछले कई वर्षों से 'स्वच्छ भारत अभियान' केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना रही है, जिसके तहत देश भर में खुले में शौच की समस्या को खत्म करने और सभी परिवारों के लिए शौचालय मुहैया कराने का दावा किया जाता रहा है। मगर दूरदराज के गांवों में आज भी यह समस्या गाहे-बगाहे चर्चा का कारण बनती रही है। हालत यह है कि दिल्ली जैसे कई शहरों में भी घर से बाहर निकलने के बाद लोगों के लिए अव्वल तो जरूरत के मुताबिक शौचालय खोजना मुश्किल होता है, दूसरे, अगर कहीं यह होता भी है, तो वहां की बदहाली और गंदगी की वजह से लोग उसका उपयोग सिर्फ मजबूरी में ही करते हैं। हाल ही में इसी मसले पर एक याचिका की सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान में दिए गए 'राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों' के तहत जिम्मेदारियों के अलावा साफ-सुथरे शौचालयों तक आम लोगों की पहुंच का अधिकार 'जीवन के अधिकार' का ही हिस्सा है। विकास और अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों और सरकारी प्रचारों के बीच अगर साफ-सुथरे शौचालय जैसी सबसे बुनियादी सुविधा की कमी कई स्तर पर अफसोसनाक है, तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है?

कानून से बेखौफ

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पिता-पुत्र को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाने की घटना सभ्य समाज की संवेदनशीलता, कानून व्यवस्था और मानवीय मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। किसी व्यक्ति के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार न केवल उसकी गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाना है, बल्कि कानून को अपने हाथ में लेने की आपराधिक मानसिकता को भी दर्शाता है। यदि किसी व्यक्ति पर लगे आरोपों को आधार बनाकर लोग खुद ही सजा का फैसला करने लग जाएं, तो फिर कानून-व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया का क्या अर्थ रह जाएगा? इस मामले में आरोपियों की शर्मनाक हरकत पर ही सवाल नहीं उठ रहे हैं, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली भी कटघरे में है। खबरों के मुताबिक, आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उन्हें कमर पर रस्सियां बांधकर बिना कमीज के नंगे पैर इलाके में घुमाया। एक ओर, पुलिस अपराध को रोक पाने में प्रभाव के स्तर पर भी नाकाम होती है, वहीं वह कानूनी प्रक्रिया पर अमल के बजाय दिखावे की कार्रवाई को तरजीह देती है।

गौरतलब है कि कोलकाता के सरसुना क्षेत्र में बीते रविवार को एक लड़का अपनी मित्र से मिलने गया था। इसके बाद लड़की के परिजनों ने लड़के को पकड़ लिया और उसके पिता को भी वहां बुलाकर दोनों को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमाया गया। इस तरह की घटनाएं समाज में बढ़ती असहिष्णुता, प्रतिशोध की भावना और कानून के प्रति घटते सम्मान को दर्शाती हैं। इसका असर केवल पीड़ित तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी पड़ता है। इससे लोगों में भय का माहौल पैदा होता है और कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर होता है। अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध में शामिल है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करना कानून का काम है। महज आरोपों के आधार पर सार्वजनिक रूप से इस कदर अपमानित करने का अधिकार किसी को नहीं है। लोकतांत्रिक समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह हर नागरिक के अधिकारों और सम्मान की रक्षा कितनी मजबूती से करता है। कानून का शासन तभी कायम रहता है, जब न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान हो और दोषी को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत सजा मिले।

तेज आवाज से सेहत पर गहराता संकट



पारिवारिक एवं सामाजिक समारोहों और रैलियों-जुलूसों में तेज आवाज में डीजे बजाने का प्रचलन बढ़ रहा है। इससे न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि पर्यावरण पर भी संकट मंडराने लगा है।

अतुल कनक

मानव जीवन में उत्सवों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनका सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यह है कि ये व्यक्ति एवं समाज को सकारात्मक ऊर्जा देते हैं और उत्साह का संचार करते हैं। उत्सव वह अवसर होता है, जो हमारे मन से उलझनों के विषाद को हरा दे। प्राचीन काल से उत्सवों का आयोजन प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने, आस्था को अभिव्यक्त करने और परेशानियों को दूर रखकर आनंद की अनुभूति के लिए होता रहा है। धीरे-धीरे उत्सवों से विविध परंपराएं जुड़ती गईं और नए उत्सवों ने आकार लिया, लेकिन इन खास अवसरों पर खुशी व्यक्त करने के रंग-ढंग वक्त के साथ बदलते गए। अब उत्सवों पर भव्य आयोजन होने लगे हैं। मन को शीतलता प्रदान करने वाली ध्वनियों की जगह तेज संगीत और पटाखा-आतिशबाजियों के शोर-शराबे ने ले ली है। यहां तक की विवाह समारोहों या धार्मिक कार्यक्रमों में भी तेज आवाज में बजने वाले डीजे अब आम हो गए हैं। मगर इस ओर शायद ही किसी का ध्यान जाता है कि यह शोर ध्वनि प्रदूषण का कारण बनता है, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है।

पिछले दिनों उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में डीजे की तेज आवाज पर जिला प्रशासन की ओर से प्रतिबंध लगा दिया गया। कारण बताया गया कि बदरीनाथ एक शांत क्षेत्र है, लोग वहां ध्यान और शांति के लिए जाते हैं। प्राचीन परंपराओं में तो कई धार्मिक स्थलों पर शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र में शंख तक बजाने से परहेज किया जाता था। मगर आज लोग अपनी भक्ति की अभिव्यक्ति के लिए डीजे बजाने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि डीजे की तेज आवाज संबंधित क्षेत्र के शांत वातावरण को ही भंग नहीं करती, बल्कि इससे उत्पन्न तरंगें वहां की पारिस्थितिकी पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

तेज ध्वनि मनुष्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकती है, इसे समझने के लिए ध्वनि से मानव मस्तिष्क के रिश्ते की बारीकियों पर गौर करना जरूरी है। ध्वनि की तीव्रता को डेसिबल में मापा जाता है। आमतौर पर हम लोग जो आपस में बात करते हैं, उसकी तीव्रता 60 से 70 डेसिबल तक होती है। सत्तर डेसिबल तीव्रता पर होने वाली बात को तो कई बार चीखना-चिल्लाना कहा जाता है। कोई व्यक्ति 85 डेसिबल तीव्रता वाली आवाज के बीच यदि लंबे समय तक रहे, तो उसे चिड़चिड़ाहट होने लगती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 85 डेसीबल से अधिक तीव्रता की आवाज में देर तक रहने पर मनुष्य की सुनने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और 120 डेसीबल तीव्रता की आवाज वाला संगीत जानलेवा भी हो सकता है। इन तथ्यों को जानने के बाद यह समझना किसी के भी मन में भय पैदा कर सकता है कि पारिवारिक या सामाजिक समारोहों में बजने वाले डीजे की आवाज 100 से 130 डेसीबल तक होती है और कई बार तो लोग अति उत्साह में इसे 140 डेसीबल तक कर देते हैं।

पशु-पक्षियों के लिए भी तेज आवाज नुकसानदेह होता है, क्योंकि वे आवाज के प्रति बहुत संवेदनशील होते हैं। जिन घरों में पालतू पशु हैं, उनमें रहने वाले लोग जानते हैं कि तेज आवाज के समय पशु कितने बेचैन और परेशान होते हैं। मनुष्य तो फिर भी तेज आवाज के समय अपने कानों को बंद करने के तरीके अपना सकता है, लेकिन जानवरों के पास यह सुविधा नहीं होती। ऐसे में सवाल है कि हम अपने परिवेश के प्रति इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं कि उन प्राणियों की परवाह नहीं करें, जिनका पोषण प्रकृति हमारे साथ करती है? इसके अलावा मनुष्य का स्नायुतंत्र भी तेज आवाज में असहज हो जाता है। तेज शोर के बीच सिर दर्द, चक्कर आना, अचानक घबराहट होना या दिल की धड़कन तेज हो जाना सामान्य बात है। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक, कई बार हमारे हृदय में कुछ अवरोध सुषुप्त अवस्था में होते हैं। तेज आवाज के कारण जब शरीर में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है, तो वे अवरोध अचानक मुखर हो जाते हैं। ऐसे शोर का सामना करने के लिए शरीर कुछ ऐसी प्रतिक्रिया देता है कि रक्तचाप में भी आकस्मिक परिवर्तन हो जाता है। यह महज इत्तिफाक नहीं है कि पारिवारिक और सामाजिक समारोहों में अब शोर-शराबे के बीच कई लोगों की अचानक जान चली जाती है।



पिछले दिनों गणपति विसर्जन के दौरान भी देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे हादसे हुए, जिस कारण संवेदनशील लोग डीजे के नियंत्रित उपयोग के नियम बनाने की मांग करने लगे हैं। गत दिनों उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में एक स्कूल में बारह वर्षीय बालिका अचानक गश खाकर गिरी और उसकी मौत हो गई। आरोप है कि उस समय स्कूल के पास से तेज आवाज में डीजे बजाता हुआ एक जुलूस निकल रहा था। ऐसे ही मध्य प्रदेश के भोपाल में पिछले साल तेरह वर्षीय बालक अपने घर में खेल रहा था। डीजे बजाता हुआ एक जुलूस उसके घर के पास से निकला, तो वह उसे देखने चला गया, जहां अचानक उसकी मौत हो गई। ऐसी ही कई घटनाएं दूसरे राज्यों में भी सामने आई हैं। जुलूसों में बजने वाले तेज डीजे पर पिछले दिनों बंबई उच्च न्यायालय ने गहरी चिंता जताई थी।

डिस्को के दौर में जब तेज आवाज के संगीत के प्रति दुनिया का रुझान बढ़ा, तो डीजे भी लोकप्रिय हुआ। भारत में डीजे की शुरुआत 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध से मानी जा सकती है, लेकिन पिछले करीब दो दशकों में आवाज बढ़ाने वाले स्पीकर को वाहनों पर रखकर संगीत बजाने का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है और डीजे की आवाज भी ध्वनि प्रदूषण (नियमन और नियंत्रण) नियम-2000 से नियंत्रित होती है। डीजे को बजाने के लिए प्रशासन की स्वीकृति आवश्यक होती है। रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच खुले आकाश के नीचे किसी सार्वजनिक स्थान पर या परिसर में डीजे नहीं बजाया जा सकता।

कानून में प्रावधान है कि अस्पताल या स्कूल के पास आवाज की तीव्रता दिन में 50 डेसीबल और रात में 40 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए। रिहाइशी क्षेत्रों के लिए यह सीमा दिन में 55 डेसीबल और रात में 45 डेसीबल है। मगर कभी किसी रैली के लिए प्रचार या जुलूसों में शामिल वाहनों पर लगे लाउडस्पीकरों से निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक तेज आवाज में संगीत बजाना या नारे लगाना आम बात हो गई है। हालांकि नियमों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को जेल की सजा या जुर्माना हो सकता है, मगर प्रशासन की ओर से इस तरह की कार्रवाई विरले ही देखने को मिलती है। यह भी सही है कि लोकतंत्र में सब कुछ कानून के भरोसे नहीं किया जा सकता। पूरे समाज को इस शोर से मनुष्य और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति संवेदनशील एवं सजग होना होगा। खुशी और उत्साह की अभिव्यक्ति तभी सही मायने में सार्थक होती है, जब इससे दूसरे को किसी तरह का नुकसान न हो।

तेज ध्वनि मनुष्य को कैसे नुकसान पहुंचा सकती है, इसे समझने के लिए ध्वनि से मानव मस्तिष्क के रिश्ते की बारीकियों पर गौर करना जरूरी है। आमतौर पर हम लोग जो आपस में बात करते हैं, उसकी तीव्रता 60 से 70 डेसिबल तक होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 85 डेसीबल से अधिक तीव्रता की आवाज में देर तक रहने पर मनुष्य की सुनने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और 120 डेसीबल तीव्रता की आवाज वाला संगीत जानलेवा हो सकता है। हालांकि तेज आवाज को नियंत्रित करने के प्रावधान हैं, लेकिन इस तरह की कार्रवाई विरले ही देखने को मिलती है। ऐसे में लोगों को भी यह बात समझनी होगी कि खुशी और उत्साह की अभिव्यक्ति तभी सार्थक होती है, जब इससे दूसरे को किसी तरह का नुकसान न हो।

आदतों का घेरा

सुरेश कुमार सारण

मनुष्य के भीतर सबसे ठोस और स्थायी चीज आदतें ही हैं। आदतें मुश्किल से बनती हैं और लंबे वक्त तक पीछा नहीं छोड़तीं। बार-बार दोहराने की वजह से आदतें स्वचालित बन जाती हैं। मनुष्य का व्यवहार उसकी आदतों से ही जुड़ा होता है। मनुष्य का चरित्र, व्यक्तित्व और उसकी सफलता उसकी आदतों से अनिवार्य रूप से संबद्ध होती हैं। मनुष्य अलग-अलग आदतों के जुड़ने से बना प्राणी है। हर व्यक्ति हर चीज को अलग तरह से ग्रहण करता है और अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है। यह विशिष्टता उसकी मनोवृत्ति और किसी चीज से उसके व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव के अनुपात से बनती है।

मनोविज्ञान के अनुसार मनुष्य के दैनिक कार्यों का लगभग चालीस फीसद हिस्सा सोच-समझकर लिए गए फैसलों का नहीं, बल्कि उसकी आदतों का परिणाम होता है। हम उन्हीं चीजों को बिना सोचे-समझे दोहराते हैं, जिन पर अभ्यास के द्वारा फैसला ले चुके हैं। मनुष्य के निर्णय उसकी अपनी आदतों से बनते हैं। आदतें एक तरह से निर्णय ही हैं। मनुष्य द्वारा लिए गए निर्णयों के योग से उसका भविष्य बनता है। मनुष्य की नियति और उसकी आदतों में सीधा संबंध होता है। नियति उसके निर्णयों से मिलकर बनती है। वह निर्णयों से अलग अपने आप में कोई स्थिति नहीं है, इसीलिए कहा जाता है कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं होता है। मनुष्य अपनी नियति को अपने व्यक्तित्व विकास की प्रक्रिया में सृजित करता है। वह दैनिक जीवन की आदतों के संचय से इसे अर्जित करता है।

जो मनुष्य जब चाहे अपनी आदतों को बदलने की इच्छाशक्ति रखता है, नई आदतें बना सकता है और पुरानी छोड़ सकता है, वह अपने जीवन में मनचाहा परिणाम भी हासिल कर सकता है। परिणाम आदतों का समुच्चय है। हम जो खुराक उसमें डालेंगे, उसी के अनुरूप नतीजे सामने आएंगे। कोई नतीजा अपने आप से पैदा नहीं हो सकता। नई आदतों को विकसित करने और फालतू अनुत्पादक आदतों को छोड़ने के लिए जरूरी है कि इन आदतों से लंबे समय में मिलने वाले परिणामों के बारे में सचेत रहा जाए। कोई भी आदत एकदम से मनुष्य के जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन नहीं कर सकती है। वे धीमी गति से काम करती हैं। उनके परिणाम देर से मिलते हैं, लेकिन वे अवश्यंभावी और स्थायी होते हैं।

आदतें कोई चमत्कार नहीं कर सकतीं, इसीलिए हम उनके बारे में कम सचेत रहते हैं। हमें लगता है कि इनसे कुछ भी खास नहीं होगा। लोगों को तुरंत हासिल होने वाले परिणाम चाहिए, लेकिन वे कहानियों और कल्पनाओं के अलावा कहीं नहीं होते। हर चीज एक निश्चित प्रक्रिया में घटित होती है। इस प्रक्रिया में अलग-अलग दौर और मनोस्थितियां शामिल होती हैं। इसमें आशा-निराशा, संभावना और पुरस्कार शामिल होते हैं। मनुष्य अपनी आदतों को दिनचर्या के अनिवार्य और अपरिवर्तनीय हिस्से के रूप में देखता है। वह उन्हें सजग हुए बिना दोहराता जाता है। रोज दोहराई जाने वाली आदतें हमारे जीवन में क्या बेहतर कर सकती हैं, इस बारे में सोचने पर आदतों के प्रति सतर्कता स्वभाव का हिस्सा बन जाएगी।

आदतें रोज जारी रहने वाली क्रिया है। जब हम किसी कार्य को आदत बना लेते हैं, तो वह लक्ष्य पूरा होना तय है। रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़कर भी हम बहुत ज्यादा पढ़ लेते हैं। जब हम महान व्यक्तियों के जीवन पर निगाह डालते हैं, तो पता चलता है कि उन्होंने अपने भीतर कुछ अच्छी आदतें विकसित कीं, जिन्हें वे ताउम्र दोहराते रहे। कोई भी चीज आसमान से नहीं उतरती, मनुष्य के भीतर धीरे-धीरे आकार लेती है। वह किसी एक दिन पूरी हो जाती है, लेकिन उसका चलना कई-कई महीनों और सालों का होता है। अनुशासन अच्छी आदतों से ही बनता है।

आदतें तुरंत परिणाम नहीं देतीं और उनके परिणाम भविष्य में होते हैं। इसीलिए व्यक्ति बुरी आदतों को छोड़ नहीं पाता। उसे लगता है कि इन आदतों से उसे कोई प्रत्यक्ष नुकसान नहीं हो रहा। जब परिणाम एक लंबी प्रक्रिया में मिलता है, तब अच्छी आदतों को विकसित करना मुश्किल होता जाता है। मानव स्वभाव से ही तुरंत परिवर्तन चाहता है। लंबे वक्त तक प्रेरणा और उत्साह बनाए रखना सबके वश की बात नहीं होती। जो लोग ऐसा कर पाते हैं, वे मानवीय सीमाओं को बढ़ाते हैं और महानता के करीब पहुंच जाते हैं। अपने क्षेत्रों में शिखर पर पहुंचे हुए लोगों में एक ही समानता है कि वे अपने क्षेत्र के लिए जरूरी कार्य को रोजाना करते हैं, सालों-साल के अभ्यास के बावजूद वे इसे करते हैं और पारंगत हो जाते हैं। वे जरूरत और अभ्यास को एक आदत बना लेते हैं।

कुछ करना और उसे दोहराना बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। सफलता पाने का यही एक सूत्र है, जिसे मानव इतिहास में अधिकतम कामयाबी मिली है। पश्चिमी दार्शनिक विल ड्यूरेंट ने कहा है कि 'हम वही हैं, जो हम बार-बार करते दिखते हैं। इसलिए, उत्कृष्टता कोई क्रिया नहीं, बल्कि एक आदत है।' महान वे होते हैं जो उत्कृष्टता को क्रिया में तब्दील कर पाने में समर्थ हो जाते हैं।

आदतों से नियंत्रित होने के बजाय उन्हें अपने अनुसार विकसित करके मनुष्य अपने जीवन के नियंत्रण को अपने हाथ में ले सकता है। हम आदतों को इस तरह देखते हैं जैसे वे अपने आप बन गई हैं और उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। इसी से नियतिवादी दृष्टिकोण का जन्म होता है। दरअसल, मनुष्य में बहुत कम चीजें हैं, जो बदली न जा सकती हों। अपनी आदतों को बदलकर मनुष्य अपने जीवन में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है और जो चाहे हासिल कर सकता है।

दुनिया मेरे आगे

आदतें कोई चमत्कार नहीं कर सकतीं, इसीलिए हम उनके बारे में कम सचेत रहते हैं। हमें लगता है कि इनसे कुछ भी खास नहीं होगा। लोगों को तुरंत हासिल होने वाले परिणाम चाहिए, लेकिन वे कहानियों और कल्पनाओं के अलावा कहीं नहीं होते। हर चीज एक निश्चित प्रक्रिया में घटित होती है।

जवाबदेही का सवाल



किसी भी देश की न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता केवल कठोर दंड से नहीं, बल्कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और मानवाधिकारों के सम्मान से तय होती है। हाल में सक्दी अरब में बांग्लादेशी नागरिकों को दी गई सजा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सवाल उठे। ऐसे मामलों में महत्त्वपूर्ण यह है कि आरोप, सुनवाई और सजा की प्रक्रिया स्पष्ट तथा सार्वजनिक हो, ताकि न्याय केवल होता हुआ ही नहीं, बल्कि दिखाई भी दे। धार्मिक स्थलों की गरिमा और स्थानीय कानूनों का सम्मान सबका कर्तव्य है। लेकिन किसी भी आरोपित व्यक्ति को निष्पक्ष सुनवाई, कानूनी सहायता और उसके परिवार को पर्याप्त जानकारी मिलना भी जरूरी है। यदि पारदर्शिता का अभाव हो, तो न्यायिक निर्णयों पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न खड़े होते हैं। आज दुनिया के अनेक देश मानवाधिकारों और न्यायिक जवाबदेही को महत्त्व दे रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का दायित्व है कि वे संवेदनशील मामलों में तथ्यों के आधार पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि न्याय और मानवीय गरिमा की रक्षा करना भी है।

– इमदाद खान, प्रतापगढ़, उप्र

स्पष्टता का तकाजा

राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के लिए अत्यंत संवेदनशील होते हैं। ऐसे मामलों में सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी केवल स्थिति से निपटने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जनता के बीच विश्वास बनाए रखना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण होता है। जब अरुणाचल प्रदेश या अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में चीन की गतिविधियों को लेकर कोई गंभीर दावा या बयान सामने आता है, तो स्वाभाविक रूप से नागरिकों के मन में कई प्रश्न उठते हैं। लोकतंत्र में सुरक्षा संबंधी सभी जानकारियां सार्वजनिक करना संभव नहीं होता, क्योंकि कुछ सूचनाएं राष्ट्रीय हित से जुड़ी होती हैं। फिर भी जहां तक संभव हो, सरकार को तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इससे अफवाहों, आशंकाओं और भ्रम की गुंजाइश कम होती है। ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर पारदर्शिता, जवाबदेही और तथ्यपरक संवाद ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं तथा नागरिकों का भरोसा बनाए रखते हैं।

– धर्मवीर अरोड़ा, फरीदाबाद

सीमा और सियासत

'समाधान की राह' (संपादकीय, 27 अक्तूबर) पढ़ा। सियांग बहुउद्देश्यीय परियोजना के पक्ष में दिए जाने वाले तर्कों के साथ स्थानीय समुदायों की चिंताएं भी उतनी ही वास्तविक हैं। आदिवासी समुदाय के लिए सियांग नदी केवल जलस्रोत नहीं, उनकी आस्था और पहचान का हिस्सा है। विस्थापन, कृषि भूमि और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का सवाल भी गंभीर है। पूर्व-व्यावहारिकता सर्वेक्षण के समय सुरक्षा बलों की तैनाती से अविश्वास और बढ़ा। विकास तभी टिकाऊ होता है जब प्रभावित लोग फैसले का हिस्सा हों। इसलिए सरकार को सर्वेक्षण और पर्यावरणीय आकलन की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए, ग्रामसभाओं की सहमति की प्रक्रिया पारदर्शी रखनी चाहिए और मुआवजे व पुनर्वास की स्पष्ट रूपरेखा पहले से रखनी चाहिए। बातचीत को औपचारिकता नहीं, निर्णय प्रक्रिया का आधार बनाना होगा।

– साक्षी पाठक, आइआइएमसी,जम्मू

छतों की हरियाली

शहरीकरण के विस्तार और कंक्रीट के जंगल के बीच छतों पर बागवानी पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी उपाय बन सकती है। बिहार, तमिलनाडु, केरल और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में 'छत पर बागवानी' को बढ़ावा देने के लिए अनुदान और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। जिस तरह योजना के माध्यम से लोगों को अपनी छतों पर बिजली उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया, उसी तरह छतों पर हरियाली विकसित करने के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा सकता है। घरों, विद्यालयों, सरकारी भवनों और आवासीय परिसरों की छतों पर पौधे, सब्जियां और बेलें लगाने से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि शहरी क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने में भी मदद मिलेगी। सरकार को आर्थिक सहायता के साथ तकनीकी मार्गदर्शन, जैविक खेती, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन की जानकारी भी उपलब्ध करानी चाहिए।

– वीरेंद्र हीरालाल पथरिया, इंदौर

विशेष
जनसत्ता | 28 अक्तूबर, 2026

आपदा जोखिम कम करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं

नई दिल्ली। आपदा जोखिम कम करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने जरूरत है। मंगलवार को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने यह आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगले दशक में लोगों की जान बचाने के साथ-साथ विकास कार्यों की सुरक्षा करने और आर्थिक नुकसान को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा आयोजित और भारत तथा ब्रिटेन की सह-अध्यक्षता वाली एक बैठक में मिश्रा ने जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विस्तार और पर्यावरण के क्षरण के बीच बढ़ते आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला। पूर्व चेतावनी प्रणाली, तैयारियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया में सुधार से लोगों की जान बचाने में मदद मिली है, लेकिन आर्थिक नुकसान अब भी काफी अधिक है। विभिन्न विभागों के अलग-अलग काम करने के बजाय, जोखिमों और उनके व्यापक परिणामों को समग्र रूप से समझने की आवश्यकता पर जोर दें। *(ब्यूरो)*

राजमार्गों पर कहीं भी गड्ढे मिले तो देना होगा जुर्माना

पंकज रोहिला

देश में राजमार्गों पर लगातार गड्ढों की वजह से हुई दुर्घटनाओं के बाद अब केंद्र सरकार राजमार्ग स्तर पर तीन स्तरीय रिपोर्ट के जरिए इन मार्ग की जमीनी हकीकत तलाशेगी। हादसे और तकनीक (नेटवर्क सर्वे व्हीकल्स) की जांच रिपोर्ट पर उठ रहे सवालों के बाद यह फैसला लिया गया है। तकनीक के माध्यम से हर राजमार्ग से संबंधित तीन रिपोर्ट सरकार को देनी होगी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क पर गड्ढों के मामले में किसी भी एजंसी की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस मामले में दोषी लोगों को काली सूची डाला जाएगा और तय प्रावधान के तहत भारी जुर्माना भी देना होगा।

हाल ही में देश भर में गड्ढों की वजह से दिल्ली से कन्याकुमारी तक बड़े हादसे हुए थे। इनमें मुख्यतौर पर महाराष्ट्र के बीड जिले में एक गड्ढे के कारण राजमार्ग पर पांच लोगों की जान गई थी, कश्मीर से कन्याकुमारी एनएच 44 के बुरे हाल सामने आए थे और कुछ समय पहले ही तैयार किए गए दिल्ली देहरादून राजमार्ग पर मार्ग धंसने और उसके साथ बनी दीवारें गिरने तक के मामले सामने आए थे। इन्हीं हादसों से सबक लेते हुए सरकार नए प्रावधान करने जा रही है। सरकार ने तय किया है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) सड़क के एक हिस्से की स्थिति का आकलन करने और उसकी गुणवत्ता मापने के लिए तीन सेंसर-युक्त वाहनों का उपयोग करेगा।

गडकरी ने मामले में ठेकेदारों और अधिकारियों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर हर छोटे गड्ढे का हिसाब रखा जाएगा और जिम्मेदार व्यक्तियों को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एनएसवी की तीन अलग-अलग रिपोर्टों की समीक्षा की जाएगी। इसमें सड़क की सवारी गुणवत्ता का रफनेस इंडेक्स 1,800 मिलीमीटर प्रति किलोमीटर (मिमी/किमी) से अधिक न हो। उच्च रफनेस इंडेक्स खराब सड़क स्थिति का संकेत देता है। ज्ञात हो कि सरकार ने बीते साल अक्टूबर में, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने सड़क की खामियों को स्वचालित रूप से दर्ज करने और रिपोर्ट करने के लिए उन्नत उपकरणों से लैस एनएसवी का उपयोग शुरू किया, जिसमें किसी भी मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। ये वाहन सटीक रूप से इन्वेंट्री और सड़क की स्थिति के डेटा को मापने और रिपोर्ट करने के लिए बहुमुखी डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण साफ्टवेयर से सुसज्जित हैं।

गडकरी ने बताया कि वे प्रत्येक परियोजना की समीक्षा कर रहे हैं और उन्होंने नागरिकों से किसी भी कमी के बारे में अपनी शिकायतें सोशल मीडिया पर लिखने का आग्रह किया ताकि कार्रवाई शुरू की जा सके।अब ठेकेदार डरे हुए हैं। अब अगर एक छोटा सा गड्ढा भी नजर आया, तो मैं उसे ठीक करवाऊंगा। पिछले तीन-चार महीनों में मैंने 700-800 परियोजनाओं की समीक्षा की है। और मुझे सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा फायदा हुआ है।



हाल ही में देश भर में गड्ढों की वजह से दिल्ली से कन्याकुमारी तक बड़े हादसे हुए थे। इनमें मुख्यतौर पर महाराष्ट्र के बीड जिले में एक गड्ढे के कारण राजमार्ग पर पांच लोगों की जान गई थी, कश्मीर से कन्याकुमारी एनएच 44 के बुरे हाल सामने आए थे।

फैसला

गडकरी ने मामले में ठेकेदारों और अधिकारियों को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर हर छोटे गड्ढे का हिसाब रखा जाएगा और जिम्मेदार व्यक्तियों को कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एनएसवी की तीन अलग-अलग रिपोर्टों की समीक्षा की जाएगी।

नए डेटा सुरक्षा कानून में समाचार रिपोर्टिंग को नहीं दी गई है छूट

जनसत्ता ब्यूरो

संसद ने अगस्त 2023 में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम पारित किया था। यह डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए बनाया गया पहला व्यापक कानून है। इसके तहत व्यक्तिगत डेटा का इस्तेमाल करने वाली किसी भी संस्था को 'डेटा फिड्यूशियरी' कहा गया है। ऐसी संस्था संबंधित व्यक्ति की सहमति से या डीपीडीपी अधिनियम की धारा सात में बताए गए सीमित वैध उद्देश्यों के लिए ही व्यक्तिगत डेटा का इस्तेमाल कर सकती है।

धारा सात के तहत, अगर कोई स्वेच्छा से अपना व्यक्तिगत डेटा देता है या उसके इस्तेमाल पर उसने आपत्ति नहीं जताई है तो 'डेटा फिड्यूशियरी' उस डेटा का इस्तेमाल कर सकती है। इस कानून का उल्लंघन करने पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआइटीवाई) ने 13 नवंबर 2025 को इससे जुड़े नियमों को अधिसूचित किया था। इन्हें 18 महीने की अवधि में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाना है। सुप्रीम कोर्ट में डीपीडीपी अधिनियम, 2023 और डीपीडीपी नियम, 2025 को चुनौती दी गई है। देश के 21 प्रमुख समाचार संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संगठन ने कहा है कि इस कानून में पत्रकारिता को कोई छूट नहीं दी गई है और इससे समाचार एकत्र करने का काम बुरी तरह प्रभावित होने के साथ-साथ नागरिकों के सूचना के अधिकार का दायरा कम हो सकता है। प्रकाशकों के अनुसार, डीपीडीपी अधिनियम की धारा सात में बताए गए वैध उद्देश्यों और धारा 17 में दी गई छूटों में भी समाचार रिपोर्टिंग का उल्लेख नहीं है। धारा 17 में उन स्थितियों के बारे में बताया गया है, जिनमें व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा से जुड़े नियम लागू नहीं होते। इनमें वे मामले भी शामिल हैं, जब किसी कानूनी अधिकार या दावे को लागू करने के लिए किसी व्यक्ति के निजी डेटा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें न्यायिक और नियामक कार्य भी शामिल हैं।

इसके तहत अदालतें, न्यायाधिकरण या कानून के तहत अधिकृत संस्थाएं अपने न्यायिक, अर्ध-न्यायिक, नियामक या निगरानी संबंधी कामकाज के लिए जरूरी व्यक्तिगत डेटा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस कानून के 2018, 2019 और 2021 के शुरुआती मसौदों में पत्रकारिता को ऐसी छूट दी गई थी।

प्रकाशकों के मुताबिक, इसका मतलब है कि किसी व्यक्ति के बारे में खबर लिखने वाले पत्रकार को पहले उस व्यक्ति की सहमति लेनी पड़ सकती है। नियमों में बताया गया है कि सहमति लेने, सूचना देने और डेटा में सेंध लगने की जानकारी देने की प्रक्रिया किस तरह काम करेगी।

इनमें सबसे अधिक विवादित नियम 23 है, जिसे अधिनियम की धारा 36 के तहत बनाया गया है। यह केंद्र सरकार को अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से किसी भी डेटा फिड्यूशियरी या मध्यस्थ से जानकारी मांगने का अधिकार देता है। साथ ही, सरकार डेटा फिड्यूशियरी या मध्यस्थ को यह बताने से भी रोक सकती है कि उनसे ऐसी जानकारी मांगी गई है। याचिका में डीपीडीपी अधिनियम की धारा 44(3) को भी चुनौती दी गई है। इस प्रावधान के तहत सूचना का अधिकार (आरटीआइ) अधिनियम की धारा 8(1)(जे) में बदलाव किया गया था।



धारा सात के तहत, अगर कोई स्वेच्छा से अपना व्यक्तिगत डेटा देता है या उसके इस्तेमाल पर उसने आपत्ति नहीं जताई है तो 'डेटा फिड्यूशियरी' उस डेटा का इस्तेमाल कर सकती है। इस कानून का उल्लंघन करने पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

विश्लेषण

हरियाणा में दावों की अग्निपरीक्षा, प्रमाण व आधार की मांग कसौटी

राजीव रंजन तिवारी

हरियाणा की राजनीति इस समय एक दिलचस्प परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। आमतौर पर किसी सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर चर्चा विकास, रोजगार, कृषि, निवेश और कानून-व्यवस्था के इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन हरियाणा में राजनीतिक विमर्श का केंद्र कुछ अलग ही है। यहां सरकार से उसके वादों का प्रमाण मांगा जा रहा है, जबकि विपक्ष से उसके आरोपों का आधार। यह बदलाव राज्य को राष्ट्रीय राजनीतिक चर्चा में विशेष महत्त्व देने लगा है।

बीते 17 अक्तूबर को भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र के 217 वादों में से 76 पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 141 पर काम जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो वर्षों में 46,500 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। सरकार का तर्क है कि चुनावी घोषणाओं को प्रशासनिक निर्णयों और योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है और उपलब्धियां उसी प्रक्रिया का परिणाम हैं। वहीं विपक्ष इन दावों को अंतिम सत्य मानने को तैयार नहीं है।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्य सरकार से 20 प्रमुख चुनावी वादों पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग कर डाली है, जबकि सोनीपत के कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को पूरी तरह विफल बताया है। ब्रह्मचारी ने राज्य सरकार से वादा-वार प्रगति, व्यय और लाभार्थियों का ब्यौरा सार्वजनिक करने की बात कही है। उनका कहना है कि किसी भी दावे का मूल्यांकन राजनीतिक भाषणों से नहीं, बल्कि सार्वजनिक दस्तावेजों और सत्यापित आंकड़ों से होना चाहिए।


सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने 'जनसत्ता' से कहा कि हरियाणा में रोजी-रोजगार-कारोबार की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। बिजली के कथित निजीकरण के प्रयास से कर्मचारी और जनता चिंतित है। यहीं से बहस का स्तर ऊंचा हो जाता है। विवाद योजनाओं के अस्तित्व पर नहीं, बल्कि उनकी सफलता की परिभाषा पर है। सरकार कार्यान्वयन को उपलब्धि मानती है, विपक्ष उसकी व्यापकता और प्रभाव का स्वतंत्र परीक्षण चाहता है। इसी बीच राजनीति का दूसरा और अधिक संवेदनशील विवाद चुनावी प्रक्रिया को लेकर है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए लगभग 25 लाख फर्जी प्रविष्टियों का दावा किया था। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों की निष्पक्ष जांच लोकतांत्रिक भरोसे को मजबूत करेगी।

दूसरी ओर निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को निराधार बताया है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदाता सूची के विरुद्ध कोई अपील दायर नहीं की गई थी, राजनीतिक दलों को प्रारूप और अंतिम सूची उपलब्ध कराई गई थी तथा चुनाव संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए वैधानिक प्रक्रियाएं पहले से मौजूद हैं। आयोग ने यह भी कहा कि किसी के पास साक्ष्य है तो उन्हें कानूनी मंचों पर प्रस्तुत किया जा सकता है। यहीं हरियाणा की राजनीति राष्ट्रीय महत्त्व ग्रहण करती है। सरकार से पूछा जा रहा है कि उसके वादों का प्रमाण क्या है, और विपक्ष से पूछा जा रहा है कि उसके आरोपों का साक्ष्य क्या है।

बीते 17 अक्तूबर को भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र के 217 वादों में से 76 पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 141 पर काम जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दो वर्षों में 46,500 युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। सरकार का तर्क है कि चुनावी घोषणाओं को प्रशासनिक निर्णयों और योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है और उपलब्धियां उसी प्रक्रिया का परिणाम हैं।

राजनीति

चक्रवात



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के तट से टकराने से पहले आई बारिश के दौरान जाते लोग।

उत्सर्जन में 2035 तक केवल छह फीसद की कमी आएगी

जनसत्ता विशेष

संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश यदि अपनी मौजूदा जलवायु प्रतिबद्धताओं को लागू करते हैं, तो 2035 तक वैश्विक हरित गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में 2019 के स्तर से केवल छह फीसद की गिरावट आने की उम्मीद है, जो कि लक्ष्य से बहुत दूर है।

इसका मतलब यह है कि वैश्विक तापमान को सीमित करने के लिए जितनी कमी की जरूरत है, उसके मुकाबले यह अनुमानित कमी लक्ष्य से काफी पीछे है। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनएफसीसी) की 2026 राष्ट्रीय लक्ष्य (एनडीसी) संकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इन प्रतिबद्धताओं (जिन्हें एनडीसी कहा जाता है) को पूरी तरह से लागू कर दिया जाए, जिसमें शर्तें भी शामिल हैं, तो भी 2035 तक उत्सर्जन 2019 के स्तर से केवल नौ फीसद कम रहने की संभावना है।

यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र की उस रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान लक्ष्य अब पूरी तरह से पहुंच से बाहर हो गया है। 1.5 (डेढ़) डिग्री सेल्सियस तापमान का लक्ष्य पेरिस समझौते का एक मुख्य उद्देश्य है, जिसका मकसद दीर्घकालिक वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर तक सीमित रखना है। उस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया ज्यादा से ज्यादा यह कर सकती है कि वैश्विक तापमान में होने वाली बढ़ोतरी को 1.8 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखे और उसे वापस नीचे लाने की कोशिश करे।

संयुक्त राष्ट्र की जारी नई रिपोर्ट में बताया गया है कि अधिकांश नए एनडीसी दीर्घकालिक 'डीकार्बोनाइजेशन' लक्ष्यों से जुड़े हैं। इनमें 2040 से 2070 के बीच नेट जीरो उत्सर्जन के स्तर तक पहुंचना शामिल है, जिसमें से ज्यादातर लक्ष्य 2050 के लिए हैं। डीकार्बोनाइजेशन मानवीय गतिविधियों के कारण वायुमंडल में होने वाले कार्बन डाइआक्साइड और अन्य हरित गैसों के उत्सर्जन को कम करने या पूरी तरह समाप्त करने की प्रक्रिया है।

दावा

अफ्रीका व एशिया नहीं, चमगादड़ों की उत्पत्ति यूरोप में हुई थी

जनसत्ता विशेष

विश्व में कई जीव हैं, जिनकी उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवतः यूरोप है। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है।

पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए। हालिया अध्ययन बैट1के नाम की अंतरराष्ट्रीय परियोजना के लिए एक अहम उपलब्धि है। इस परियोजना का लक्ष्य आज जीवित चमगादड़ों की सभी प्रजातियों के उच्च गुणवत्ता वाले जीनोम तैयार करना है। जीनोम किसी जीव में मौजूद आनुवंशिक निर्देशों का पूरा संग्रह होता है। जीवाश्मों से मिले आंकड़ों के आधार पर जीनोम की तुलना करने से शोधकर्ताओं को साझा पूर्वजों के बारे में कहीं अधिक सुराग मिलते हैं। इससे पहले के अध्ययनों में केवल कुछ जीन के आधार पर विश्लेषण किया जाता था। इस अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने चमगादड़ों की 103 प्रजातियों के जीनोम का विश्लेषण किया। इनमें आज जीवित चमगादड़ों के सभी 21 प्रजातियों का प्रतिनिधित्व था। अध्ययन में 65 प्रजातियों की शारीरिक बनावट से जुड़ी जानकारी भी जुटाई गई, जिनमें 44 विलुप्त प्रजातियां शामिल थीं।

वैज्ञानिक इससे पहले भी आणविक साक्ष्यों और जीवाश्मों से मिली जानकारी को एक साथ रखकर अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन यह अध्ययन साक्ष्यों के व्यापक दायरे, जीनोम की गुणवत्ता और इस पड़ताल के कारण अलग है कि डीएनए के अलग-अलग हिस्से कभी-कभी चमगादड़ों के समूहों के आपसी संबंधों के बारे में अलग-अलग संकेत क्यों देते हैं। नए विश्लेषण के मुताबिक, चमगादड़ों की उत्पत्ति 5.6 करोड़ साल से भी पहले, भूवैज्ञानिक काल के अंतिम पैलियोसीन युग में यूरोप में हुई थी। इस अध्ययन में तैयार किए गए विकासक्रम के अनुसार, उनके वंशज पहले अफ्रीका पहुंचे। इसके बाद चमगादड़ों के प्रमुख समूहों में विविधता बढ़ने के साथ वे दूसरे महाद्वीपों में भी फैलते गए।

यह निष्कर्ष चमगादड़ों के विकासवादी वंश-वृक्ष, जीवाश्मों और ऐसे गणितीय माडलों के आधार पर निकाला गया है, जिनमें महाद्वीपों की गति और जीवों के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में फैलने की प्रक्रिया को शामिल किया गया। इस विश्लेषण में यूरोप को चमगादड़ों की उत्पत्ति का स्थान मानने के पक्ष में मजबूत साक्ष्य मिले।

चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। अब तक मिले चमगादड़ों के सबसे पुराने ज्ञात कंकाल अमेरिका के वायोमिंग में मिले थे। ये करीब 5.2 करोड़ साल पुराने हैं और भूवैज्ञानिक काल के प्रारंभिक इयोसीन युग के हैं। पंखों को सहारा देती इनकी लंबी उंगलियां इस बात का संकेत हैं कि उस समय तक चमगादड़ उड़ने में सक्षम हो चुके थे।

नए विश्लेषण के मुताबिक, चमगादड़ों की उत्पत्ति 5.6 करोड़ साल से भी पहले, भूवैज्ञानिक काल के अंतिम पैलियोसीन युग में यूरोप में हुई थी। इस अध्ययन में तैयार किए गए विकासक्रम के अनुसार, उनके वंशज पहले अफ्रीका पहुंचे। इसके बाद चमगादड़ों के प्रमुख समूहों में विविधता बढ़ने के साथ वे दूसरे महाद्वीपों में भी फैलते गए।



अध्ययन

चिंतन

सिर्फ हंगामे की बजाय ठोस प्रमाण दे विपक्ष

लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन हर विरोध को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों और प्रमाणों की कसौटी पर खरा उतरना भी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना जितना आसान है, उतना ही महत्वपूर्ण उन सवालों के पीछे ठोस आधार प्रस्तुत करना है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जिस तरह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है, उसमें राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर प्रमाणों के साथ अपना पक्ष रखने की जरूरत है। चुनावी सुधारों को संदेह के घेरे में खड़ा करना और पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गंभीर विषय है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसे तथ्यों के साथ उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन आशंकाओं को ही आरोप और आरोपों को ही सच मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई ने विपक्ष को अपने दावों की पुष्टि करने का अवसर दिया है। अब उसे सिर्फ हंगामे या शोर से नहीं, बल्कि ठोस प्रमाणों से अपनी बात साबित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि आयोग ने एक दिन पहले ही अपना जवाब दाखिल किया है, इसलिए उसका अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'हमें सब पता है। हम जांच करेंगे।' इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि अदालत मामले को गंभीरता से सुन रही है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एसआईआर से जुड़े फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर वाले हलफनामे में आयोग ने यह भी कहा कि फाइलों पर दर्ज सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में अंतिम निर्णय के विरोध का प्रमाण नहीं हैं। आयोग के मुताबिक, एसआईआर के फॉर्म-6 में उसने कोई बदलाव नहीं किया है और नियमों के अनुसार उसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिए हैं। जिन मतदाताओं के नाम का पुरानी मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटा सकेंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के संबंध में आयोग ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया और आधार लागू होते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह बताना होगा कि उसकी आपत्तियां किन तथ्यों पर आधारित हैं, कहां नियमों का उल्लंघन हुआ है और किन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। केवल आशंका जताने या राजनीतिक आरोप लगाने से किसी दावे की पुष्टि नहीं होती। कुल मिलाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। विपक्ष को समझना होगा कि केवल हंगामा करने से संदेह प्रमाण में नहीं बदलते। यदि अनियमितता हुई है तो उसके ठोस प्रमाण दें। सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर अनावश्यक चोट करने से बचें।



मुद्दा

प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

एआई आधारित साइबर अपराध की चुनौती

शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

बाजार में सेंध लगती है, तो 11 करोड़ डीमैट खाताधारकों का भरोसा डगमगा जाता है। एआई अपराध की यही मारक क्षमता इसे सबसे बड़ा खतरा बनाती है। कैसे करता है वार? पहला, डीपफेक मैनिपुलेशन। मान लीजिए किसी दिग्गज कंपनी के सीईओ का डीपफेक वीडियो बनाकर यह फैला दिया जाए कि कंपनी के नतीजे खराब हैं। वह दिवालिया होने वाली है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही पैनिक सेलिंग शुरू हो जाएगी। निवेशक मिनटों में हजारों करोड़ गंवा देंगे। यह अब कल्पना नहीं...! 2024 में अमेरिकी बाजार में एक बड़ी कंपनी के साथ ऐसा प्रयास हो चुका है। दूसरा, हाइपर-पर्सनलाइज्ड फिशिंग। पहले फर्जी ईमेल की भाषा टूटी-फूटी होती थी। अब एआई आपके ट्रेडिंग व्यवहार, आपके ब्रोकर का नाम, आपके पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर आपके ही ब्रोकर की भाषा में ईमेल बनाता है - 'आपका ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए रोका गया है। तुरंत इस लिंक पर केवाईसी करें।' एक क्लिक और आपका पासवर्ड, ओटीपी सब हैकर के पास। तीसरा, एल्गो-स्पूफिंग। एआई बॉट्स एक सेकंड में हजारों नकली खरीद-बिक्री के ऑर्डर लगाकर किसी शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से ऊपर-नीचे करते हैं। आपके स्टॉप-लॉस को ट्रिगर कराते हैं। आपको बाजार से बाहर कर अपना मुनाफा कमा लेते हैं। यह माइक्रो-सेकंड का लूटतंत्र है। इसे ही इंसानी आंख पकड़ ही नहीं सकती। यही वजह है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पूंजी बाजार अब केवल 'मार्केट रिस्क' से नहीं, 'साइबर सिस्टमिक रिस्क' से भी जूझ रहा है। एनएसई की अति सराहनीय पहल है। एनएनएआई के साथ मिलकर विशेष कार्यबल का आह्वान इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रक्षात्मक से आगे बढ़कर आक्रामक सुरक्षा की रणनीति अपनाई है।



एनएसई के प्रमुख ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के सदस्यों के साथ बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आह्वान किया है -'साइबर सुरक्षा पर एक विशेष संयुक्त कार्यबल का गठन।' इस कार्यबल का उद्देश्य क्या होगा? केवल दिशा-निर्देश जारी करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ब्रोकर हाउस की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना। एक्सचेंज अकेले सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक उसका हर सदस्य, हर टर्मिनल सुरक्षित न हो। एनएसई प्रमुख का स्पष्ट संदेश था - 'एक्सचेंज की सुरक्षा उतनी ही मजबूत है, जितना उसका सबसे कमजोर ब्रोकर।'

इसलिए अब एक्सचेंज और ब्रोकर एक ही टीम के रूप में इस खतरे से लड़ेंगे। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है।यहां नियामक केवल दंड नहीं, बल्कि साझेदारी की बात कर रहा है। एक से तीन वर्ष का रोडमैप करने की काबिलेतारीफ पहल। हर सदस्य की तकनीकी जांच और सुरक्षा कवच। इस कार्यबल का सबसे व्यावहारिक और प्रभावी पहलू इसका समयबद्ध रोडमैप है। योजना के तहत सदस्यों का चरणबद्ध मार्गदर्शन किया जाने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले एक से तीन वर्षों में एएनएमआई के सभी सदस्यों को उचित साइबर मार्गदर्शन मिले, उनकी तकनीकी कमजोरियों की गहन जांच हो। उन्हें भविष्य के खतरों से सुरक्षित रखा जाए। यह कैसे संभव होगा? वर्ष 1 में ऑडिट और जागरूकता का उद्देश्य है। सभी सदस्यों के सिस्टम का साइबर सिक्योरिटी ऑडिट, उनके कर्मचारियों के लिए डीपफेक और फिशिंग पहचान का प्रशिक्षण। छोटे शहरों के सब-ब्रोकर, जो अक्सर पुराने सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं, उनकी पहचान और प्राथमिक सहायता। वर्ष 2 में अपग्रेडेशन और मानकीकरण पर बल देने की योजना है। कमजोर पाए गए सिस्टम को अनिवार्य रूप से अपग्रेड करना, सभी टर्मिनलों पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन को अनिवार्य बनाना। ड्रिल, यानी नकली एआई हमला करके यह परखना कि ब्रोकर हाउस कितनी जल्दी रिकवर कर सकते हैं। यह एक से तीन साल का यह 'सुरक्षा कवच' कार्यक्रम भारतीय पूंजी बाजार को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने वाला बाजार बनाएगा। सबसे आश्चर्य की बात... ! अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश भी इससे अछूते नहीं हैं। यह तो वैश्विक महामारी बन चुका है। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं व एआई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका में 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर एआई-जनरेटेड पोस्ट से बिटकॉइन ईटीएफ की मंजूरी की झूठी खबर फैलाई गई, जिससे 5 मिनट में बिटकॉइन की कीमत 1,000 डॉलर उछल गई। एफबीआई के अनुसार, अमेरिका में वॉइस क्लोनिंग से सीईओ फ्रॉड के मामलों में पिछले साल 400% की वृद्धि हुई है। जापान में, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज ने माना है कि उसके ब्रोकर सदस्यों पर एआई-आधारित डी-डॉस हमले बढ़े हैं, जहां बॉट्स नकली ट्रैफिक से सिस्टम को जाम कर देते हैं ताकि उसी दौरान दूसरे रास्ते से सेंध लगाई जा सके। जब दुनिया के दे सबसे उन्नत तकनीक वाले बाजार भी इससे जूझ रहे हैं, तो भारत को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह लड़ाई वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही निकलेगा। भविष्य की ढाल क्रिप्टोग्राफीक सुरक्षा हो सकती है? साथ साथ क्वांटम तैयारी भी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 5 से 7 वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे मौजूदा एसएसएल ताले को सेकंड में तोड़ देंगे। तब आज का एंक्रिप्टेड डेटा भी असुरक्षित हो जाएगा। अतः यह निचोड़ निकाल सकते हैं कि एआई आधारित साइबर अपराध कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि हमारे ट्रेडिंग टर्मिनल के दरवाजे पर खड़ा एक वास्तविक खतरा है। एनएसई द्वारा एएनएमआई के साथ विशेष कार्यबल का गठन, एक से तीन साल का व्यावहारिक रोडमैप और क्वांटम-रेडी सुरक्षा की तैयारी - ये तीनों कदम बताते हैं कि भारत का पूंजी बाजार इस खतरे को गंभीरता से ले रहा है। याद रखिए, बाजार में सबसे बड़ा मुनाफा तेज ट्रेडिंग से नहीं, बल्कि सुरक्षित ट्रेडिंग से आता है। तकनीक के इस युग में निवेशक की सबसे बड़ी पूंजी उसका रिटर्न नहीं, उसकी सतर्कता है।

(लेखक कुलनाऊ ठाकरे विधि, रायपुर के कुलगुरु हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

भाजपा बनाम कांग्रेस

डॉ. घनश्याम बादल



विचारधारा, मतभेद बदजुबानी और टकराव

लोकतंत्र में विचारों का टकराव स्वाभाविक है, लेकिन जब विचारों की जगह विद्वेष, तर्क की जगह तंज और राजनीतिक विरोध की जगह व्यक्तिगत चरित्रहनन ले ले, तब समझ लेना चाहिए कि राजनीति अपनी मर्यादा खो रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच वैचारिक संघर्ष पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संघर्ष जिस तरह कटुता, अमर्यादित भाषा और संस्थाओं पर अविश्वास तक पहुंचा है, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सवाल यह नहीं कि कौन-सा दल सही है और कौन गलत; सवाल यह है कि सत्ता और विपक्ष की लड़ाई में देश की सामाजिक एकता कहीं दांव पर तो नहीं लग रही? कांग्रेस और भाजपा दो अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कांग्रेस की वैचारिक परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन, धर्मनिरपेक्षता, बहुलतावाद, सामाजिक न्याय और विविधता में एकता की अवधारणा से जुड़ी रही है तो भाजपा की राजनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, राष्ट्रीय अस्मिता, मजबूत नेतृत्व और एकात्म मानववाद की वैचारिक धारा से प्रेरणा लेती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं। लोकतंत्र में यही मतभेद विकल्प पैदा करते हैं मगर समस्या तब शुरू होती है, जब कोई दल अपनी विचारधारा को ही राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बताने लगे और विरोधी विचारधारा को देश-विरोध का पर्याय बना दे। राष्ट्र कोई एक दल, विचार या नेता नहीं है।

कांग्रेस के समर्थक भी उतने ही भारतीय हैं, जितने भाजपा के समर्थक; और किसी दल का विरोध करना अपने आप में राष्ट्र का विरोध करना नहीं है। विडंबना यह है कि दोनों दल लोकतंत्र, संविधान और देशहित की दुहाई देते हैं, लेकिन उनके नेताओं की भाषा बार-बार इन्हीं मूल्यों पर चोट करती दिखाई देती है। सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का धर्म है और विपक्ष की आलोचना का उत्तर देना सरकार की जिम्मेदारी। किंतु आलोचना और अपमान के बीच एक महीन रेखा है। उस रेखा को लांघते ही बहस का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संवाद की जगह शत्रुता लेने लगती है। नेता भूल जाते हैं कि उनके शब्द केवल विरोधी दल तक सीमित नहीं रहते; वे समाज के व्यवहार, युवाओं की भाषा और आम नागरिकों की सोच को भी प्रभावित करते हैं। इसी कटु राजनीतिक वातावरण में एसआईआर यानी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दे टकराव का कारण बन रहे हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। फर्जी, दोहराव वाले या अपात्र नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। दूसरी ओर, यदि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, दस्तावेजों की कठिनाइयों या वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा होती है, तो उस पर सवाल उठाना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए एसआईआर को केवल सरकार या निर्वाचन व्यवस्था के समर्थन-विरोध का प्रश्न बनाना उचित नहीं। प्रक्रिया पारदर्शी हो, पात्र मतदाताओं को पर्याप्त अवसर मिले, आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण हो और गलतियों के सुधार की प्रभावी व्यवस्था हो-ये सभी पक्ष लोकतंत्र के हित में हैं। विपक्ष को बिना प्रमाण हर कार्रवाई को साजिश नहीं बताना चाहिए, तो निर्वाचन व्यवस्था को भी आलोचनाओं का उत्तर तथ्यों और पारदर्शिता से देना चाहिए। मताधिकार पर अविश्वास की स्थिति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकती है। एसआईआर के अतिरिक्त चुनावी निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, आरक्षण, जातिगत गणना, धार्मिक पहचान, नागरिकता और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मुद्दों पर भी राजनीतिक खींचतान तीखी हुई है। अंततः, कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को याद रखना चाहिए कि विचारधाराएं लोकतंत्र को दिशा देती हैं, जबकि अहंकार और बदजुबानी उसे कमजोर करते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की परंपरा में है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है। देश की एकता और अखंडता केवल नारों से सुरक्षित नहीं रहती; उन्हें व्यवहार, भाषा और निर्णयों में भी उतारना पड़ता है। अस्तु, लोकतंत्र में लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों के अपमान की नहीं; नीतियों की होनी चाहिए, नागरिकों को बांटकर वोट झपटने की नहीं। सत्ता बदल सकती है, सरकारें आ-जा सकती हैं और विचारधाराओं के बीच संघर्ष चलता रह सकता है, लेकिन यदि इस संघर्ष में समाज का विश्वास, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मर्यादा टूट गई, तो जीत भले ही किसी किसी दल की नहीं हो जाए, पर, हार पूरे देश की होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन-विकास का आधार सत्पुरुषार्थ



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति समुचित दिशा में समुचित पुरुषार्थ करता रहे तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित की जा सकती है। जीवन में सफल होने के लिए पुरुषार्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरुषार्थ के अभाव में किसी भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं किया जा सकता। पुरुषार्थ जीवन में हर समय अनिवार्य है। जीवन-विकास की आधारशिला पुरुषार्थ है, जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल, मनोबल तथा शारीरिक बल पर विश्वास नहीं करके पराक्रित अथवा विधिहय बन जाते हैं, उन्हें कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और अन्त में असफलता ही हाथ लगती है। इसके विपरीत जो जीवन में उल्लासपूर्वक सक्रिय रहते हैं, वे कभी भी असफल नहीं होते। सफल होने के लिए यह सुनिश्चित है कि व्यक्ति को तपना और खपना पड़ता है। पुरुषार्थ आत्म-विकास की रीढ़ है। जीवन में पुरुषार्थ को जो अनिवार्यता है, इसे एक क्षण के लिए भी नकारा नहीं जा सकता। कर्मबंधन से मुक्ति का हेतु ही पुरुषार्थ है। जड़त एवं निष्क्रियता के धरातल से ऊपर उठकर जब व्यक्ति पुरुषार्थ करता है तो वह व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों से समृद्ध बनने लगता है। कोई कुछ भी करे ही नहीं एवं मन में बड़ी-बड़ी कल्पनाएं करता रहे तो केवल कल्पनाओं से कुछ भी नहीं होता। मंजिल पर पथिक तभी तो पहुँच पाएगा, जब वह लक्ष्य की ओर गतिशील होगा। पथिक अपने घर-आँगन में बैठा हुआ नक्शा देखता रहे कि अमुक गाँव इतनी दूर है, अमुक रास्ते से होकर मुझे जाना पड़ेगा। केवल इस तरह का गणित करता रहे और मंजिल की ओर एक कदम भी न बढ़ाए तो घर-आँगन में बैठे रहने से तो मंजिल मिलने से रही। मंजिल को पाने के लिए कदमों को बढ़ाना पड़ता है। यह सत्य है कि चलने वालों ने ही मंजिल से मुलाकात की है। -कांतिलाल मांडोत

हनुमान जी से सीखें सफल होने के मंत्र



संकलित
प्रेरणा

हिंदू धर्म में हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन केवल प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति की सीख नहीं देता, बल्कि मुश्किल समय में सही फैसला लेने, जिम्मेदारी निभाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। रामायण में हनुमान जी से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हैं, जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने का रास्ता दिखाती हैं। उनके व्यक्तित्व के 8 गुण ऐसे हैं, जिन्हें अपनाकर इंसान अपने काम और रिश्तों में बेहतर बदलाव ला सकता है। हनुमान जी का संकट कौशल उनके व्यक्तित्व की खूबी विशेषता थी। अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते समय उन्होंने अपनी वाणी और व्यवहार से उनका विश्वास जीता। इससे सीख मिलती है कि बात केवल अपनी बात रखने की नहीं, बल्कि सामने वाले की भावनाओं को समझने की भी है। सही शब्दों और विनम्र व्यवहार से कठिन बातचीत को भी आसान बनाया जा सकता है। समुद्र पार करते समय सुरसा ने हनुमान जी का रास्ता रोक लिया था। इस बाधा को उन्होंने केवल बल से नहीं, बल्कि अपनी बुद्धि और सूझबूझ से पार किया। उनका यह प्रसंग बताता है कि हर परेशानी का हल ताकत दिखाने में नहीं होता है। कई बार शांत रहकर परिस्थिति को समझना और समय के अनुकूल फैसला लेना ही सबसे बेहतर रास्ता होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उनमें से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। - विनय तिवारी, रायपुर

ट्रेंड

प्रकाश पर्व पर बधाई

सिख धर्म के चौथे गुरु श्री रामदास के प्रकाश पर्व पर बधाई। उन्होंने अमृतसर शहर की नींव रखी और दुनिया को आस्था का एक ऐसा केंद्र दिया, जो आज भी पूरी दुनिया को सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चोरी

दिल्ली के हर व्यापारी से: हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। मोदी सरकार ने बंद की, लेकिन सरकार ने सील की, रामायती पर ताला सरकार ने लगाया। जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

युवाओं के सपने

जिन युवाओं ने कभी देश की आजादी के लिए अपना खून बहाया था, वे आज बेरोजगारी के कारण अपना खून बहाने को मजबूर है। बीजेपी ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया है। पूर्वी इस समय बेरोजगारी और काम न मिलने के संकट में जूझ रहा है। - अखिलेश यादव, सांसद, सपा


जिंदगी की सच्चाई

जिंदगी की सच्चाई यह है कि जिन लोगों की आप परवाह करते है, वे कभी न कभी आपको दुख जरूर पहुंचाऐंगे। आपकी समझदारी इसी में है कि आप सीमा-समझदारी पूर्वी कि आप किसे खुद को दुख पहुंचाने की इजाजत देते है!
- रामगोपाल वर्मा, फिल्मकार

करंट अफेयर

डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर सकते हैं ट्रंप समर्थक


अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वाले कम से कम 25 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी मतदाता तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। लोगों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में जीवनयापन की लागत (65 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (53 प्रतिशत), रोजगार और वेतन (33 प्रतिशत) तथा शिक्षा (28 प्रतिशत) को मध्यवधि चुनावों के प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। सर्वेक्षण में शामिल 800 पंजीकृत दक्षिण एशियाई मतदाताओं में से 87 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं जबकि शेष 13 प्रतिशत पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, अफगानिस्तान और म्यांमा के अलावा कंबोडिया के खमेर समुदाय से संबंधित हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को वोट देने वालों में से 96 प्रतिशत आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालने की योजना बना रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप को वोट देने वाले 67 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी अब भी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन 25 प्रतिशत ने कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।



ऑफ बीट

संभवत: यूरोप में हुई थी चमगादड़ों की उत्पत्ति

दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवत: यूरोप है। अब तक इस सवाल का जवाब तलाशने में एक बड़ी मुश्किल यह रही है कि पक्षियों के विपरीत, चमगादड़ों के जीवाश्मों में उनके विकास की शुरुआती अवस्थाओं के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। पक्षियों के जीवाश्मों का रिकॉर्ड इतना समृद्ध है कि उससे डायनासोर से मुर्गी तक जैसे पक्षियों एवं जानवरों के विकास की कड़ी को समझा जा सकता है, लेकिन जब वैज्ञानिकों को चमगादड़ों के जीवाश्म मिलते हैं, तो वे लगभग पूरी तरह विकसित चमगादड़ों के ही होते हैं। चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

Last day to join the Free Newspapers Community

At just one time entry fee of ₹19... It's worth it 🙏

EDITORIALS PDF

- **English Editorials PDF**
  with International Newspapers Editorials [35–40 pages]
- **Hindi Editorials PDF**
- **Daily Vocabulary PDF**

MAGAZINE CHANNEL

National & International
[General & Exam related]

INTERNATIONAL NEWSPAPERS

Newspapers around the world.
Asian, European & American

INDIAN NEWSPAPERS CHANNEL

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

HINDI NEWSPAPERS (Delhi Editions)

1. दैनिक जागरण
2. जनसत्ता
3. हरिभूमि
4. हिंदुस्तान
5. लोकमत
6. लोकसत्ता
7. दैनिक भास्कर

CLICK HERE ▼

Tap the button above to get free access